रांची, गुरुवार
09.05.2024
वर्ष : 9, अंक : 157 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.com bihanbharat@gmail.com @bihan_bharat Bihan Bharat RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने बुधवार को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पित्रोदा की उस टिप्पणी को लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कहा है कि पूर्व के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधते हुए दावा किया कि इससे विपक्षी दल की विभाजनकारी राजनीति बेनकाब हो गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने पित्रोदा के निर्णय को स्वीकार कर लिया है। रमेश ने कहा, सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका निर्णय स्वीकार कर लिया है।

### एस्ट्राजेनेका ने दुनिया भर से अपनी कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड वापस मंगवाई

**नई दिल्ली।** एस्ट्राजेनेका ने दुनिया भर से अपनी कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड को वापस मंगवाई है। साथ ही कोविशील्ड की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। एस्ट्राजेनेका ने साल 2020 में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर कोरोना वैक्सीन बनाई थी। इसके फॉमूर्ले का इस्तेमाल करते हुए सीरम इंस्टीट्यूट ने भारत में कोविशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई थी। एस्ट्राजेनेका ने कुछ दिनों पहले ही कोविशील्ड के कुछ साइड इफैक्ट्स की बात स्वीकार की है। एस्ट्राजेनेका ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि बाजार में जरूरत से ज्यादा वैक्सीन उपलब्ध है। इसलिए कंपनी ने बाजार से सभी टीके वापस मंगवाने का फैसला किया है। हालांकि कुछ दिनों पहले कंपनी ने इस बात को भी स्वीकार किया था कि वैक्सीन के कुछ साइड इफैक्ट भी हैं। इसमें वैक्सीन की वजह से खून का जम जाना और ब्लड प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाना शामिल है।

# मंत्री के पीएस संजीव लाल के कार्यालय की तलाशी में ईडी को मिले दो लाख नकदी

बिभा संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम झारखंड मंत्रालय स्थित ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय को खंगाल रही है। इस दौरान ईडी की टीम को मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के कार्यालय के ड्रावर (दराज) से 500 के नोटों के बंडल मिले हैं। बरामद नोट दो लाख बताये जा रहे हैं। साथ ही कई कागजात मिले हैं।



बताया गया है कि कार्यालय के कर्मियों से भी बंद कमरे में पूछताछ की जा रही है। कार्यालय के अन्य कर्मियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। ईडी के डिप्टी डायरेक्टर कपिल राज भी प्रोजेक्ट भवन पहुंचे और कुछ देर बाद वहां से निकल गए।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के यहां से 35.23 करोड़ रुपये बरामद किए थे। इसके बाद ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी की टीम बुधवार को रिमांड पर लेने के बाद संजीव को लेकर प्रोजेक्ट भवन पहुंची है। ग्रामीण विकास विभाग का एक कार्यालय प्रोजेक्ट भवन में हैं, जहां मंत्री बैठते हैं जबकि दूसरा कार्यालय एपीपी बिल्डिंग में है। इस कार्यालय में विभागीय सचिव, अधिकारी और कर्मचारी काम करते हैं।

# रांची-रामगढ़ टोल गेट पर पकड़ा गया 46 लाख रुपया

बिभा संवाददाता

**रामगढ़ ।** रामगढ़-रांची टोल गेट के पास पुलिस द्वारा बनाए गए चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक इनोवा कार से लगभग 46 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। जिस गाड़ी से पैसे मिले हैं उसे पर राकेश कुमार सिंह सवार था। चेकनाका पर मौजूद दंडाधिकारी अवधेश कुमार ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, राजेश मुंडा इस जांच दल में शामिल थे। सूचना पर थाने पहुंची सेल टैक्स डिपार्टमेंट की नोडल पदाधिकारी अनीता थेल्मामिंज ने बताया कि बरामद रकम 10 लाख से अधिक थी, इसलिए इनकम टैक्स डिपार्मेंट जांच कर रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।



जांच के दौरान स्टेटिक स्क्वाड टीम ने 4590500 रुपए बरामद किए हैं, उसमें 2000 के 21 नोट शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि 2000 के नोट वर्तमान समय में चलंत नहीं है। इसके बावजूद वह पैसे कहां से ले गए इसकी जांच हो रही है। इसके अलावा 9097 नोट 500 रुपए के हैं। स्टेटिक स्क्वाड टीम ने तत्काल इसकी सूचना फ्लाइंग स्क्वायड टीम को दी।

# शहजादे घोषित करें, इस चुनाव में अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया: पीएम मोदी

एजेंसी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे ने उनसे कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की आशंका जताई कि कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा।



हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के घटक दलों का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जीत की ओर बढ़ रहा है।

मोदी ने कहा, आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरू किया। पांच साल से एक ही माला जपते थे। पांच उद्योगपति... फिर धीरे-धीरे कहने लगे... अंबानी, अडाणी... पांच साल से... लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है इन्होंने अंबानी अडाणी को गाली देना बंद कर दिया।

उन्होंने कहा, जरा ये शहजादे घोषित करे कि इस चुनाव में अंबानी अडाणी से कितना माल उठाया है? काले धन के कितने बोरे भर के रुपये मारे हैं? क्या टेम्पो भर के नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं क्या? क्या सौदा हुआ है कि आपने रातों-रात अंबानी, अडाणी को गाली देना बंद कर दिया? जरूर दाल में कुछ काला है। पांच साल तक अंबानी, अडाणी को गाली दी और रातों रात गालियां बंद हो गई। मतलब कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है। ये जवाब देना पड़ेगा देश को।

मोदी सरकार पर हमला करने के लिए कांग्रेस, प्रधानमंत्री मोदी पर व्यवसायी गौतम अडानी और मुकेश अंबानी सहित देश के शीर्ष पांच उद्योगपतियों का पक्ष लेने का आरोप लगाती रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का मजाक उड़ाते हुए कहा, तीसरे चरण के चुनाव के बाद कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ गया है।

मोदी और भाजपा के कुछ नेता विपक्षी गठबंधन को इंडी गठबंधन कहते हैं। कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत में यकीन करती है जबकि कांग्रेस और बीआरएस के लिए परिवार प्रथम है। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस ने भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे की खुलकर आलोचना की है लेकिन दोनों दलों के बीच भ्रष्टाचार एक सामान्य कारक है।

मोदी ने कटाक्ष किया कि कांग्रेस ने पांच साल तक अडाणी और अंबानी के नाम का जाप किया और लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद यह बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में डबल आर (आरआर) कर को लेकर दिल्ली तक खूब चर्चा हो रही है।

## राहुल का पीएम पर पलटवार

# जांच के लिए अडानी-अंबानी के पास सीबीआई-ईडी भेजिए



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी कि वह इस बात की जांच सीबीआई या ईडी से कराएं कि क्या उद्योगपति अडाणी और अंबानी ने उनकी पार्टी को टेम्पो से पैसा भेजा है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की उस टिप्पणी पर पलटवार किया, जिसमें मोदी ने एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता पर हमला करते हुए कहा था कि उन्होंने (राहुल) अपने हमलों में अडाणी और अंबानी का नाम लेना क्यों बंद कर दिया है और क्या उन्हें इसके बदले में इन उद्योगपतियों से पैसा मिला है।

प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए गांधी ने एक वीडियो संदेश में पूछा कि क्या मोदी उद्योगपतियों द्वारा भेजे जा रहे पैसों के बारे में अपने व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर बोल रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने दो उद्योगपतियों को जितने पैसे दिए हैं, कांग्रेस पार्टी विभिन्न योजनाओं के जरिए भारत की जनता को उतना पैसा देगी, जिसका पार्टी ने वादा किया है। उन्होंने दावा किया, देश जानता है कि भाजपा के भ्रष्टाचार के टेम्पो का ड्राइवर और खलासी कौन है।

राहुल गांधी ने वीडियो संदेश में कहा, मोदी जी, क्या आप थोड़ा डरे हुए हैं? आम तौर पर आप बंद कमरे में अडाणी और अंबानी के बारे में बात करते हैं, लेकिन पहली बार आपने सार्वजनिक रूप से अडाणी और अंबानी के बारे में बात की है। उन्होंने कहा, तो आप ये भी जानते हैं कि वे टेम्पो में पैसे देते हैं। क्या यह आपका व्यक्तिगत अनुभव है? कांग्रेस नेता ने कहा, एक काम करिये - सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो), ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को उनके पास भेजिये और पूरी जांच करिये।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे ने उनसे कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की आशंका जताई।

हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के घटक दलों का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जीत की ओर बढ़ रहा है।

# प्रियंका के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब, राहुल को जिताने की अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के समर्थन में बुधवार को उनके संसदीय क्षेत्र रायबरेली में जबरदस्त रोड शो कर जनता से अपने भाई को वोट देने की अपील की और कहा कि श्री राहुल गांधी ही देश में बदलाव ला सकते हैं। श्रीमती वाड्रा ने रायबरेली के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा,इस देश के प्रधानमंत्री सवालों से डरते हैं। लोकतंत्र पर आज खतरा है। राहुल जी का आप साथ दो, राहुल जी बदलाव लाएंगे। रायबरेली ने हमेशा लोकतंत्र बचाने की लड़ाई की नींव रखी है। आपने आंदोलन की नींव रखी है। आप को जागरूक होना है और राहुल जी का साथ देना है। उन्होंने कहा,मोदी सरकार देश के बड़े-बड़े खरबपतियों को देश की सारी संपत्ति सौंप रही है। टीवी पर जो दिखाया जा रहा है, वो देश की सच्चाई नहीं है। असलियत ये है कि नरेंद्र मोदी खरबपतियों की सरकार चला रहे हैं और देश की गरीब जनता को उन्होंने नकार दिया है।

उद्योगपति अडानी अंबानी का कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा नाम नहीं लेने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर उन्होंने कहा,तीसरे चरण में ही देश की जनता ने मोदी जी का टेम्पो डाउन कर दिया है इसलिए दोस्तों का टेम्पो याद आ रहा है। मोदी जी जवाब दीजिये, देश जानना चाहता है।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की 70 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन ने 70 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन के सीनियर क्रू मेंबर के सामूहिक रूप से छुट्टी पर चले जाने की वजह से मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक 70 से अधिक इंटरनेशनल और घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन कंपनी के प्रवक्ता ने बयान में कहा है, "हमारे केबिन क्रू के एक वर्ग ने कल रात आखिरी मिनट में बीमार होने की सूचना दी।



इसके बाद कुछ उड़ानों में देरी हुई और कुछ रद्द कर दी गई हैं।" एयरलाइन ने बयान में इसके लिए लोगो से मांगी है।

इस अप्रत्याशित स्थिति के कारण नागरिक उड्डयन अधिकारियों को जांच करनी पड़ी है। अधिकारी अब एक्शन पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि टाटा समूह की एयर इंडिया एक्सप्रेस, एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) का खुद में विलय करने की प्रक्रिया में है। इसको लेकर पिछले कुछ समय से इस एयरलाइन के चालक दल के सदस्यों में नाराजगी है।

# विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए अब तक 2200661 पंजीकरण, श्रीकेदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। ऐसे में लगातार पंजीकरण संख्या बढ़ती जा रही है। चारधाम यात्रा के लिए अब तक कुल 2200661 पंजीकरण हो चुके हैं।

चारधाम यात्रा के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। ऐसे में शासन-प्रशासन ने चारधाम यात्रा की तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। यात्रा प्रबंधन के लिए चारों धामों में टोकन सिस्टम लागू किया जाएगा।



बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी श्रद्धालु चारधाम यात्रा नहीं कर पाएगा।

श्रीकेदारनाथ धाम, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट 10 मई को तो श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुल रहे हैं। चारधाम यात्रा के लिए बुधवार शाम तक कुल 2200661 यात्री पंजीकरण करा चुके हैं। यमुनोत्री के लिए 344150, गंगोत्री के लिए 391812, श्रीकेदारनाथ धाम के लिए 760254, श्रीबद्रीनाथ धाम के लिए 658486 तो हेमकुंड साहिब के लिए 45959 यात्री पंजीकरण कराए हैं। इसमें श्रीकेदारनाथ धाम के लिए पंजीकरण सबसे अधिक है।

### ऐसे करें चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन

चारधाम की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट, ऐप, टोल फ्री नंबर और वाट्सएप के जरिए पंजीकरण करा सकते हैं। पिछली बार की तरह इस बार किसी भी धाम के लिए यात्रियों की संख्या सीमित करने का प्रावधान नहीं रखा गया है। श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण registrationand-touristcare.uk.gov.in वेबसाइट के माध्यम से करा सकते हैं। तीर्थयात्री व्हाट्सएप नंबर 91-8394833833 के माध्यम से भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# चाईबासा में सर्च के दौरान सुरक्षाबलों ने तीन नक्सली बंकर किये ध्वस्त

बिभा संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम ( चाईबासा) में भाकपा माओवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। मंगलवार रात पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान के क्रम में जिले के गोईलकेरा और टोंटों थाना क्षेत्र के राजबासा जंगल के पास से 350 पीस डेटोनेटर समेत कई अन्य सामान बरामद किया है।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ता के सहायता से सभी डेटोनेटर को विनिष्ट कर दिया गया है। साथ ही टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम रेरदाकोचा, दिरिबुरी तथा राजाबासा के समीप जंगली क्षेत्र से तीन नक्सल बंकर नष्ट किया गया है साथ ही अभियान के दौरान 340 नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर , 10 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, तीन वॉकी-



टॉकी सेट, एक पिस्टन रॉड एसएलआर) के साथ रिकॉइल स्प्रिंग,एक गोला-बारूद पाउच (कोबरा पैटर्न), चार नक्सलियों की नोटबुक, एक पीएलजीए कपनी ट्रिल बुक, एक मार्कस लेनिन-मॉइजम बुक, 15 युद्ध कला युद्ध क्राफ्ट बुक, एक कानू चटर्जी की जीवनी, एक किंडल बुक रीडर, एक कलाई घड़ी, एक लेंस क्लीनर, तीन स्विच, एक वायर कटर, एक एफएम रेडियो, एक कैरी बैग और पॉलीथीन शीट, एक झारखंड वॉयस बुक, दो पेंसिल सेल, एक स्मॉल बैग, पांच एलईडी लाइट्स बरामद किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**मांडर।** भारतीय जनता पार्टी के मांडर मंडल के द्वारा गांव-गांव घूम कर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव के लिए समर्थन मांगा गया। साथ ही समीर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प किया गया। इस दौरान मंडल के अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी ने मांडर प्रखंड के रेगे, रीपटीन, कंजीया, बसकी, मसमानो, बरगड़ी, जाहेर,बरटोली आदि गांव का दौरा किया। इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से मोर्चाअध्यक्ष बिजय उराँव, हेमंत कुमार, जनार्दन साहु, बिनोद गोप, रामदयाल मुंडा, मुकेश गोप, बबलू गोप, रामचन्द्र भगत समेत अन्य उपस्थित थे।

### इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्वनी सहाय का मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने किया समर्थन



**खलारी:** खलारी के जी टाईप में बुधवार को कांग्रेस पार्टी की एक बैठक की गई ।जिसकी अध्यक्षता साबिर अंसारी ने की ।बैठक में उपस्थित मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने लोगों से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्वनी सहाय के पक्ष में मतदान करने का अपील किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी जाति की राजनीतिक नही करती है बल्कि समाज के विकास की बात करती है ।मौके पर इंदिरा तुरी,राजा सिंह,सलामत अंसारी,अजमूल अंसारी,तजमूल अंसारी,रीजवान अंसारी,साबिर अंसारी,सुल्तान अंसारी, प्रदीप उरांव,संजय लकड़ा,नविन टोप्पो, कादिर अंसारी,वाहिद अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### शादी समारोह में गया था पूरा परिवार चोरों ने घर में रखे कीमती सामान समेट नगद रुपए की कर दी सफाई

**खलारी:** खलारी थाना क्षेत्र के न्यू जेहली टाँड़ नया बस्ती में मध्य रात्रि बंद घर में चोर ने सेंधमारी कर लाखों रुपये की चपत किया। जानकरी के अनुसार न्यू जेहली टाँड़ नया बस्ती के रहने वाला कलीम अंसारी के घर अज्ञात चोरों के द्वारा घात लगाकर चोरी का घटना को अंजाम दिया। भुक्तभोगी कलीम ने थाना में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि पूरा परिवार एक साथ मंगलवार की रात्रि लगभग 8 बजे घर बंद करके शादी समारोह में जेहली टाँड़ गये थे। शादी समारोह से वापस लगभग 10:30 बजे रात्रि को घर लौटे तो देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ था ।उसके बाद घर मे रखे हुए महंगे वस्तुओं व रकम की टोह लेने लगा तो पाया कि अलमीरा खुला हुआ है ।अलमीरा में रखे किमती सामान सहित नगद रुपये गायब थे ।गयाब समान में कमिटी के पैसा का रकम 28 हजार,महिला समूह का रकम 14 हजार,अपना पैसा लगभग 42 हजार,सोना,चांदी का वस्तु 33 हजार सहित कुल लगभग डेढ़ लाख से अधिक का रकम सहित अन्य वस्तुओं का चोरों ने उड़ा लिया ।उधर खलारी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अग्रिम कारर्वाई करने का भरोसा दिया।

### भाजपा हर मोर्चे पर असफल : राकेश किरण

**रांची :** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने भाजपा द्वारा राँची में हिंदुओं को टोपी पहनाकर मुसलमान बनाने और फिर उन्हें भाजपा में शामिल करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी घोर निंदा की है। इस कारनामे से भाजपा की धोखाधड़ी, बौखलाहट और झूठ-फरेब को साफ तौर पर देखा जा सकता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा अपनी हार का अंदाजा लगाकर अनाप शनाप और ओछी हरकत कर रही है। जनता यह सब देख रही है और चुनाव में इसका को मुंहतोड़ जवाब देगी। इससे यह भी साफ हो गया कि भाजपा हर मोर्चे पर असफल हो चुकी है और अपने परंपरागत वोट भी गंवा चुकी है। इसलिए ऐसी हरकत भाजपाई कर रहे हैं। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगा।

### जिलकादा का चांद देखने की भर पूर कोशिश करें : एदार ए शरीया

**रांची :** एदार ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि दिनांक 9/ मई 2024 दिन जुमेरात को शव्वाल महीना 1445 हिजरी की 29 तारीख है जिस में जिलकादा महीने का चांद नजर आने की संभावना है ।और सभी धार्मिक कार्यक्रम व एबादतें चांद की तारीख के अनुसार सम्पन्न होते हैं ।अतःचांद देखने की भर पूर कोशिश करें अगर कहीं चांद नजर आ जाए तो दारुलकजा एदार ए शरीया झारखंड इसलामी मरकज हिंद पीडी रांची को सुचित करें साथ ही अपने सम्बंधित जिला में काइम जिला या एलाकाई रूयते हेलाल केंद्र के जिम्मेदार आलिमे दीन को खबर करें ताकि जरूरत पडने पर शरई शहादत हासिल की जा सके। एदार ए शरीया झारखंड रांची से सम्पर्क के लिए निम्न मोबाईल नम्बर हैं, 6202583475/ 9835553380/9199780992/ 9771338239/ 9934137121/ 9801370638/ 9939235678/ 7070207995/ 7366854786/ 9334427997/ 9304411329/ 9835365215/ 9199883085/ 9693974786/ 8862981017/ 6202583475/ 9835130183/ 9835126780.

### सिल्ली पुलिस ने गुप्त सुचना पर किया 60 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जप्त



**सिल्ली :** सिल्ली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दिशा गस्ती के क्रम में सिल्ली पतराहातु रोड में छोटा चांगडु इमली पेड़ के पास टीभीएस अपाची मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच01सीएन-0358 में ले जा रहे 60 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ थाना क्षेत्र के पतराहातु निवासी विजय प्रजापति पिता सुकू प्रजापति ( 29 ) को गिरफ्तार किया है। जिसमे प्रीमियम व्हिस्की 750 एमएल का 12, एंव बुडवेजर मगनुम कैन बेयर 500 एमएल का 48 बोतल है। पुलिस इस संदर्भ में सिल्ली थाना कांड संख्या 38/25 धारा 272/273 भादवि एंव 47(ए ) उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर करवाई कर रही है। छापामारी में थाना प्रभारी मोहित कुमार संदीप कुमार मोदी हवलदार विद्या प्रसाद आरक्षी बटेश्वर टुडू आदि पुलिस कर्मी शामिल थे।

# झामुमो-कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों को दे रही संरक्षण : बाबूलाल मरांडी

बिभा संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रदेश की झामुमो-कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है, उसे बचने का काम कर रही है। सत्ता में शामिल लोगों की तिजोरी तक भ्रष्टाचार का पैसा पहुंच रहा है। मरांडी ने कहा कि इनके मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपये मिले हैं। ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपये मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है।




हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में आरोप पत्र जारी करते उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पर बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं। कांग्रेस और झामुमो की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस शुरू से झारखंड और झारखंडवासियों की विरोधी रही है।

विधायक सीपी सिंह ने बताया कि भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार का जिक्र है। साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 2 (चंपाई सरकार) के कारनामों का भी जिक्र किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे और उसके हकीकत को बयां किया गया है।

उन्होंने कहा कि आरोप पत्र में भ्रष्टाचार को उठाया गया है। इसमें बताया गया है कि कांग्रेस के सांसद के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। बालू, कोयला, पत्थर का अवैध खनन, जमीन की लूट, शराब घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है। आजाद भारत में किसी राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा खुद के नाम पर खनन पट्टा लेने से राज्य पहले ही कलंकित हुआ है। राज्य में स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन है। भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी, दलाल, बिचौलिये तक संलिप्त हैं। ईडी की छापामारी में पूजा सिंघल के करीबियों के यहां करोड़ों रुपये बरामद हुए। सेना की जमीन तक को नहीं छोड़ा गया।

## गुप्त सूचना पर पुलिस ने मारा छापा हजारों का अवैध अंग्रेजी शराब किया गया जप्त

बिभा संवाददाता

**खलारी:** खलारी थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब संग्रह कर बेचने का काम किया जा रहा था। पुलिस ने मारा छापा ।जानकारी के अनुसार खलारी पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खलारी थाना अंतर्गत सुभाष नगर डकरा स्थित एक राशन दुकान में अवैध रुप से अंग्रेजी शराब का भण्डारण कर क्रय-विक्रय किया जा रहा है ।उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया ।छापामारी के क्रम में सुमन साहु उम्र करीब 50 वर्ष



पिता जगन्नाथ साहु सा० सुभाष नगर, डकरा, थाना खलारी के राशन दुकान में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर की बरामदगी की गई ।छापामारी के दौरान अभियुक्त सुमन साहु घटनास्थल से भीड का लाभ उठाकर फरार हो गए जिसकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है ।जप्त अंग्रेजी शराब में 54 पीस विभिन्न कम्पनी का बोतल बीयर 28 पीस विभिन्न कम्पनी का केन बीयर 06 पीस विभिन्न कम्पनी का अंग्रेजी शराब जप्त किया गया। वही छापामारी दल में पु०अ०नि० देव कुमार दास, पु०अ०नि० मुकेश कुमार,पु०अ०नि० कपिलदेव यादव, स०अ०नि० राज किशोर कुमार सिंह,स०अ०नि० सहदेव महतो,सशस्त्र बल के जवान सहित अन्य मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को मनोहरपुर, कुरडेग और चैनपुर में करेंगे जनसभा

बिभा संवाददाता

**रांची :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को झारखंड आएंगे। इस दिन वे खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री साय पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में 10:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी, प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा, पश्चिम सिंहभूम के जिला अध्यक्ष संजू पांडे, सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव भी मौजूद रहेंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान करडेग में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर




लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, जिला अध्यक्ष (खूंटी) चंद्रशेखर गुप्ता, जिला अध्यक्ष सिमडेगा लक्ष्मण बड़ाईक भी मौजूद रहेंगे।

श्री साय गुमला के गुमला जिले के चैनपुर के छतरपुर बगीचा मैदान में 2:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, प्रत्याशी समीर उरांव, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, गुमला जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू भी मौजूद रहेंगे।

## पद सृजन के मामले में कार्मिक विभाग की उदासीनता को लेकर झारखण्ड सचिवालय सेवा संघ ने असंतोष व्यक्त किया

बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड सचिवालय सेवा संघ द्वारा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में अपनी लंबित मांगों को लेकर बैठक की गई। इस बैठक में कार्मिक विभाग द्वारा पिछले एक वर्ष से अधिक समय से उप सचिव व संयुक्त सचिव के पद सृजन के मामले में कार्रवाई के प्रति उदासीनता एवं अनावश्यक विलम्ब को लेकर असंतोष व्यक्त किया गया। ज्ञात हो कि उक्त मामले में पूर्व में तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पदों में बढ़ोतरी हेतु अनुमोदन दिया जा चुका है। साथ ही वर्तमान में कार्मिक विभाग द्वारा सभी विभागों से अनौपचारिक रूप से सचिवालय सेवा के पदों की जानकारी प्राप्त करते हुए पद कटौती करने की कार्रवाई की जा रही है, जिसका बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों नें कड़े शब्दों में विरोध दर्ज किया। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि सचिवालय में



एक ओर तो आउटसोर्सिंग, प्रतिनियुक्ति एवं सेवानिवृत पदाधिकारियों का सेवा विस्तार कर काम लिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सचिवालय में सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों के पदों की कटौती करने की कार्रवाई करना विरोधाभासी एवं हास्यास्पद लगता है। महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने प्रोन्नति में कार्मिक विभाग के संकल्प सं0 3286 दिनांक 04.04.2014 के अनुपालन में सचिवालय सेवा के साथ हो रहे भेदभाव एवं मनमानेपन के प्रति रोष व्यक्त किया। ज्ञात हो कि राज्य सरकार अंतर्गत सभी सेवाओं एवं पदों में प्रोन्नति प्रदान करने हेतु उक्त संकल्प का लाभ दिया जा रहा है। बैठक में पद सृजन, संकल्प सं0 3286 के आलोक में प्रोन्नति एवं अकार्यात्मक वेतनमान 5400 ग्रेड पे, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियुक्ति आदि माँगों को उठाया गया। इस बैठक में संघ की कार्यकारिणी, विभागीय प्रतिनिधियों एवं आमंत्रित सदस्यों ने भाग लिया तथा एक स्वर में सभी नें संघ की लंबित माँगों पर अविलम्ब कार्रवाई न करने की स्थिति में आदर्श चुनाव आचार संहिता की समाप्ति के उपरांत जून माह के दूसरे सप्ताह से विरोध-प्रदर्शन के कार्यक्रम की रूपरेखा पर अंतिम मुहर लगा दी है।

## मुड़मा में मुस्लिम समाज की बैठक, मंत्री आलमगीर आलम हुए उपस्थित

बिभा संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड स्थित मुड़मा मदरसा बगीचा में मांडर प्रखंड के मुस्लिम बुद्धि जीवन की एक बैठक बुधवार को की गई । इसमें आगामी लोकसभा को देखते हुए विचार विमर्श किया गया। बैठक में झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम भी उपस्थित हुए। आए हुए लोगों ने देश के मौजूदा हालात को देखते हुए सेकुलर पार्टी है उसके समर्थन की बात कही। लेकिन उन्होंने कहा कि मुस्लिम किसी का बंधुआ मजदूर नहीं है। अगर सेकुलर पार्टी हमें इस तरीके से ठगते रही तो हम अपना फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। हमारी जो जायज मांगे हैं उसे पूरी की जाए। इसी क्रम में बोलते हुए रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के



अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने कहा कि आज मुसलमान के साथ नाइंसाफी की जा रही है । झारखंड में अबुआ आवास योजना चलाई जा रही है जिसमें से मुसलमान को ना के बराबर हिस्सा दिया जा रहा है। साथी उन्होंने कहा कि 10 जून 2022 को मेंन रोड में जो गोली कांड हुआ था उसमें बेगुनाह मुसलमानो को फसाया गया। झारखंड में सेक्युलर सरकार है फिर भी उनके साथ नाइंसाफी की गई। तो हम सिर्फ एक वोटर बन कर रह गये है। हमें हमारा हिस्सा चाहिए। कार्यक्रम को नुरुल्लाह हबीब नदवी, आबिद अंसारी, इरशाद ईमाम समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधन किया। संचालन साकिर इस्लाही ने किया। मौके पर अफरोज आलम, अमानत अंसारी, शमीम अख्तर अंसारी, ईरशाद इमाम, लतीफ अंसारी, मुजीबुल रहमान, ऐनुल हक समेत सैकडों लोग मौजूद थे।

## आदिवासी सामाजिक धार्मिक संगठनों का बैठक संपन्न

बिभा संवाददाता

रांची : आदिवासी संगठनों/ सरना समितियों, आदिवासी सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों की एक महत्वपूर्ण बैठक धूमकुड़िया भवन,करमटोली,रांची में हुई। यह बैठक पूर्णतः आदिवासियों के मुद्दों को लेकर आहूत की गई थी। इसमें मुख्य रुप से राजनीतिक पार्टियों के राजनीतिक कार्यक्रमों में विभिन्न आदिवासी/ सरना समिति/ संगठनों और इसके अगुआ जनों द्वारा धार्मिक - सामाजिक सरना झंडे और इसके प्रतीकों का दुरुपयोग किये जाने पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। इस बैठक में उपस्थित आदिवासी संगठन/सरना समितियां, आदिवासी सामाजिक चिंतकों सामाजिक कार्यकताओं ने एक स्वर से जोर देकर कहा कि हाल के दिनों में प्रकृति पूजक आदिवासियों के सरना झंडे का दुरुपयोग बढ़ा है। इस पर कड़ा विरोध जताया। सबों ने कहा कि आज आदिवासियों के धार्मिक-सामाजिक सरना झंडे का महत्व को



कुछेक आदिवासियों और सरना समुदाय के तथाकथित स्वयंभू लोगों द्वारा सरना झंडे को गिरवी रख दिया जा रहा है। यह आदिवासी समुदाय और सरना धर्मावलंबी लोगों का घोर अपमान है तथा यह सरना आदिवासियों की प्रतीकों पर कुठाराघात है। इससे सरना झंडे का महत्व और प्रासांगिकता पर सवालिया निशान है। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आदिवासी समुदाय से अपील करते हुए कहा कि कि आदिवासी समुदाय को इस झंडे का दुरुपयोग के खिलाफ आगे आना होगा। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगे से इस झंडे का उपयोग किसी भी राजनीतिक पार्टियों के कार्यक्रमों और अवांछित जगहों पर इस झंडे का उपयोग किया गया तो आदिवासी समुदाय ऐसे लोगों के विरोध में खड़ा होगा तथा ऐसे कुकृत्यों में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी मुकदमा दर्ज कराएगा। इस बैठक में मुख्य रुप से आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, सरना सदान मूलवासी मंच के अध्यक्ष सुरज टोप्पो,कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुंडा , झारखण्ड छात्र संघ के केन्द्रीय महासचिव रंजीत उराँव,महाराजा मदरा मुंडा केंद्रीय पडहा समिति के महामंत्री साधुलाल मुंडा, बिरसा मुंडा स्मारक समिति टैगोर हिल मोरहाबादी के कार्यकारी अध्यक्ष अमित मुंडा,12 पड़हा कांके के संरक्षक सधन उरांव, केंद्रीय सरना समाज उत्थान समिति हेसल , अनगड़ा के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक पाहन इत्यादि लोग शामिल थे।

### पांच दिवसीय रामायण कथा पाठ संपन्न



**राहे :** प्रखंड के महेशपुर गांव में आयोजित पांच दिवसीय रामायण कथा पाठ का समापन बुधवार सुबह को किया गया। 5 दिनों तक पंडित रवि ठाकुर की टीम और स्थानीय कथावाचकों के द्वारा रामायण कथा पाठ किया गया। समापन के अवसर पर सतिया से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने अपने कलश में पवित्र जल लेकर कथा स्थल तक आए जहां कलशों की विधिवत स्थापना किया गया। पांच दिन तक पूरे गांव में भक्ति का वातावरण बना रहा। आयोजन को लेकर ग्राम कमेटी के सभी सदस्य सदस्यों की भूमिका सक्रिय रही।

### राहे में डोर टू डोर चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान



**राहे।** मतदाता प्रतिशत बढ़ाने को लेकर महिला समिति के सदस्यों के द्वारा गली-गली मतदाता जागरूकता अभियान चलाया रहा है। लोगों को मतदान करने की अपील की जा रही है, मतदान का महत्व को बताया जा रहा है। जेएसएलपीएस के महिला समूह गांव के महिलाओं को मतदान के महत्व के साथ ही मतदान करने एवं मतदान कार्य में राष्ट्रीय कर्तव्य समझ कर हर हाल में तत्पर रहने के संकल्प के साथ शपथ दिलाया। गांव के महिलाओं ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी संकल्प लिया।

# लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों की 4डी कैमरे से वेबकास्टिंग

### जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से इवीएम का आवागमन करने वाले वाहनों पर रखी जायेगी नजर

बिभा संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर 4डी कैमरे के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ केंद्रीय निर्वाचन आयोग के स्तर से मॉनिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मॉनिटरिंग की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन संबंधित चल रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

### वाहनों का ससमय भुगतान कर कार्य मुक्त करें

रवि कुमार ने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही इन सबका वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मानिटरिंग करने एवं संधारण गृह में इवीएम के संधारण के उपरांत ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सचिवालय घेराव मामले में भाजपा नेताओं को हाईकोर्ट से राहत

**रांची ।** सचिवालय घेराव मामले में बाबूलाल, दीपक प्रकाश, अर्जुन मुंडा, संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जायसवाल के अलावा बिरंची नारायण सिंह, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल, अशोक कुमार बड़ाईक, आरती कुजूर आदित्य प्रसाद, सिद्धू माझी, शत्रुघ्न सिंह को हाईकोर्ट से राहत मिली है। बताते चलें कि कोर्ट ने इनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने के आदेश बरकरार रखते हुए इसे अगली सुनवाई तक बढ़ा दिया है। विदित है कि सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों के खिलाफ धुर्वा थाने में मामला दर्ज किया गया है. जिसका कांड संख्या 107/2023 है। आरोपियों पर उपद्रव मचाने, दंगा भड़काने, सरकारी निदेशों का उल्लंघन करने, सरकारी काम में बाधा डालने, अपराध भड़काने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से जुड़ी धाराएं लगाई गई हैं।

### विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची :** विश्व थैलेसीमिया दिवस पर थैलेसीमिया बच्चों के आकस्मिक रक्तदान-महादान शिविर रक्तदान संगठन लहू बोलेगा, रांची द्वारा सदर अस्पताल ब्लड बैंक,रांची में संध्या 3 बजे से 5 बजे तक जाकर रक्तदान किया गया. रक्तदान करने वालों में एक पिता ने आपने पुत्र 20 वर्षीय इंजिनीरिंग छात्र मो शादाब शमीम को प्रेरित कर पहली बार रक्तदान किया. नियमित रक्तदाता मो शहजाद बब्लू ,मो साजिद उमर ने किया. कार्यक्रम में लहू बोलेगा के नदीम खान,मो ओसामा,सैफ नईम हैदरी,मो शमीम,जुबैर खान, मेराज अंसारी शामिल थे.

### अक्षय तृतीया 10 मई को, सौभाग्य, सुख-समृद्धि का त्यौहार

**रांची :** राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को मनाया जा रहा है। यह दिन नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत ही शुभकारी है, अक्षय तृतीया में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य किया जा सकता है इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान और दान का महत्व है ?।अक्षय तृतीया हिंदुओं के लिए महान धार्मिक महत्व का दिन है जो नई शुरूआत और सोने- चांदी, नए घर जमीन, वाहन, चांदी के सिक्के और मिट्टी के बर्तन जैसी शुभ वस्तुओं की खरीद का प्रतीक है। तथा इसकी खरीदारी से परिवार में सुख- समृद्धि और सौभाग्य लाता है, अक्षय तृतीया को देश में कुछ राज्यों और क्षेत्र में अबूझ मुहूर्त और आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु, गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा पूरे विधि विधान के साथ की जाती है। इस दिन स्वर्ण सामग्री खरीदना भी शुभ माना जाता है, अक्षय तृतीया भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के जन्मदिन के रूप में भी मनाया जाता है यह त्यौहार देश के अलग-अलग जगहों पर परशुराम जयंती के रूप मे भी मनाया जाता है। ऐसा भी कहा जाता है कि इस दिन गंगा नदी धरती पर अवतरित हुई थी राजा भगीरथ ने गंगा को धरती पर अवतरित करने के लिए कई वर्षों तक तप किया था। इस दिन पवित्र गंगा में स्नान करना, तथा देवी अन्नपूर्णा की पूजा करना भी बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन गरीबों को खाना खिलाने से घर में अन्न की कभी कमी नहीं होती है ? कहा जाता है कि इस दिन से महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत को लिखना शुरू किया था। अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 5:31 से प्रारंभ हो रहा है जो कि अगले दिन सुबह 4:37 तक रहेगा।

### मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा सत्र ( 2024 - 25 ) के दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । यह शिविर महालक्ष्मी सुजुकी हरमू रोड में लगाया गया , शिविर में 25 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया । इस कैम्प के लिए अतुल गेराजी ने हेल्प की । सदर हॉस्पिटल से डॉक्टर्स की टीम आयी थी , ब्लड डोनेशन के साथ साथ एक अवेरनेस प्रोग्राम भी कराया गया , अतुल जी के साथ मिलकर अगल बगल ऑटो मोबाईल्स के लोगो के साथ यह शेषण चलाया की क्यों ब्लड डोनेट करना चाहिए , रक्तदान कर के हम किसी को जीवन दान दे सकते है क्योंकि एक इंसान ही दूसरे इंसान को ब्लड दे सकता है , इसे कही बनाया नहीं जा सकता , काफी लोगो ने आगे बढ़ कर रक्तदान किया । कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल , रक्तदान प्रभारी रोजी खंडेलवाल , कोमल पोद्दार उपस्थित थी । यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### योग तपस्या भट्टी सह स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**रांची/ पिठोरिया।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय पिठौरिया में योग तपस्या भट्टी सह स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस योग तपस्या भट्टी कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न से आए सैकड़ों भाई बहनों ने भाग लिया। मौके पर राजयोगिनी बी के राजमती बहन ने योग तपस्या भट्टी में शामिल होने वाले भाई बहनों को तिलक लगाकर संकल्प कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य अपने दैवी स्वरूप की स्मृति एवं प्रकृति, प्राणी, पंच तत्व व समस्त जन समुदाय में सुख शाति के प्रकंपन फैलाना है। जिससे आने वाला स्वर्णिम युग ऐसा हो जिसमें सब सुखी और निरोगी रहे। मौके पर योग भट्टी कार्यक्रम में सभी भाई बहनों ने अपने आस पास के वातावरण को शुद्ध करने, टेंशन मुक्त जीवन जीने, विक्रम से मुक्ति आदि कई सकारात्मक चीजों को जीवन में लाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर मुन्नी मुंडा, आशुतोष द्विवेदी, संपति देवी, बी के सीमा, बी के प्रकाश, बी के ज्योति, बी के प्रियंका, बी के रामनिवास, बी के प्रीति, बी के अंजू,बी के मनीषा समेत कई लोग उपस्थित थे। आयोजन के अंत में भक्तो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## रांची लोकसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारी का लिया जायजा

बिहान भारत संवाददाता




**रांची।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों की बैठक रांची लोकसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारी हेतु कांग्रेस भवन में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता रांची जिलाअध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने की। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय मौजूद थे। इस बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से जिला पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

अध्यक्षता कर जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने मौके पर कहा कि देश की राजनीतिक स्थिति भयावह है । यह सिर्फ एक आम चुनाव नहीं बल्कि देश के संविधान बचाने का चुनाव है। देश की सामाजिक समरसता को बचाए रखने का चुनाव है।इसीलिए सभी नेताओं को गाँव-गाँव जाकर कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय एवं पच्चीस गारंटी से संबंधित कार्ड को प्रत्येक घर तक पहुंचाना होगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने सभी कांग्रेस के सिपाही का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र के स्थापित नेता हैं। आप इस चुनावी युद्ध में जोर-शोर से लग जाईए ।देश को बचाने के लिए कांग्रेस के एक-एक नेता को पंचायत एवं बूथ स्तर पर जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना होगा। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप तुलस्यान ने कहा कि अब चुनाव में समय बहुत कम है। हम सबको पूरी ताकत झोंक देनी है ताकि लोकसभा की जीत सुनिश्चित हो। बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिये। साथ ही यह भी संकल्प लिया कि रांची लोकसभा में इंडिया गठबंधन की जीत हर हाल में सुनिश्चित करनी है ।

बैठक में दीपा उरांव,जसीम अंसारी, राजेंद्र सिंह मुंडा, सुधा देवी ,रमेश पांडे ,जफर इमाम, रीता चौधरी ,माधो कच्छप, रफीक खान, रामदेव सिंह,जफर इमाम,जगदीश चंद्र महतो,मिथलेश तिवारी, बिनोद साहू सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता डॉ. इलियास मजीद और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष शहीद अहमद ने किया।

बैठक में शिवनारायण महतो, अब्दुस सलाम, लालचंद सोनी, एनुल हक, विनिता देवी,दशरथ महतो, फिरोज आलम, देव कुमार महतो, भीम सिंह, हुसैन अंसारी, मनोज लकड़ा, गुलजार अहमद, अशफाक आलम सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे ।

## आरपीएफ ने 32 किलो गांजा के साथ 6 तस्कर को किया गिरफ्तार



बिहान भारत संवाददाता

**रांची।** आरपीएफ, फ्लाइंग टीम और जीआरपी ने हटिया रेलवे स्टेशन पर 32 किलोग्राम गांजा के साथ 6 तस्कर को अरेस्ट किया है। मिली जानकारी अनुसार आरपीएफ, जीआरपी और फ्लाइंग टीम रांची द्वारा रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन ह्लनारकोसह्व चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान छह व्यक्ति 04 ट्रॉली बैग और 01 बड़े आकार के बैग के साथ एस्केलेटर के पास संदिग्ध अवस्था में बैठे है। संदिग्ध अवस्था में उन्हें हटिया स्टेशन पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई । पूछताछ में उनलोगो अपना नाम और पता दुलार चंद्र राम (40) जिला-रोहतास, बिहार, बब्लू कुमार यादव (23 ) जिला-रामगढ़, निखिल कुमार यादव, (19)जिला-रामगढ़, हेमंत मित्रा, (18 ) जिला-रामगढ़, बिनीत कुमार (21) जिला-रामगढ़, इकवाल खान (53 वर्ष) जिला- पश्चिमी दिल्ली बताया। उसके बाद पता चला कि भूरे प्लास्टिक में लिपटा हुआ मारिजुआना (गांजा) है। वहीं इस मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ रांची को दी गयी। सूचना मिलने पर सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ मौके पर उपस्थित हुए।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रांची में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया

बिभा संवाददाता



**रांची :** बुधवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, रांची शाखा, रांची में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया इस शुभ अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर शंभू प्रसाद सिंह के द्वारा रेड क्रॉस में झंडो तोलन किया गया एवं उन्होंने लोगों में मानवता बनाए रखने का संदेश दिया तथा वाइस चेयरमैन आदर्श कुमार शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि रक्तदान महादान है इस पर सभी लोगों को अपने स्तर से जागरूक कर रक्तदान करने पर बल दिया।


उक्त अवसर पर रेड क्रॉस के प्रांगण में रक्तदान शिविर, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, फिजियोथैरेपी शिविर,ब्लड ग्रुप जांच, ब्लड शुगर जांच एवं सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बहुत से लोगों ने निशुल्क ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर एवं स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया साथ ही कार्यकारिणी के द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि आगामी दिन रविवार से प्रत्येक सप्ताह सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर रेड क्रॉस सोसाइटी,मोराबादी के प्रांगण में लगाया जाएगा।

इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य श्री रवि दत्त ने रक्तदान कर शुरूआत की तत्पश्चात अखिल भारतीय रौनियार वैश्य सभा के सदस्यों ने भी भारी संख्या में रक्तदान किया ।

उपरोक्त अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष कुमार कार्यकारिणी समिति के प्रदीप कुमार रॉय, सत्येंद्र कुमार, रवि दत्त, गुरदीप सिंह, संजय सिंहा, त्रिनयन कुमार ,अमित शर्मा सचिव, डॉक्टर हरमिंदर सिंह, मेडिकल ऑफिसर एवं रेड क्रॉस के कर्मचारी गण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे । उपरोक्त जानकारी रेड क्रॉस सोसाइटी रांची शाखा के प्रवक्ता प्रदीप कुमार रॉय ने दी।

## झारखंड से इस बार भाजपा का सुपड़ा हो जाएगा साफ : सुप्रियो भट्टाचार्य

बिहान भारत संवाददाता



**रांची।** रांची के झामुमो केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तीन चरण के मतदान में जनादेश भाजपा के उलट है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दावा किया कि झारखंड से इस बार भाजपा का गणित साफ हो जाएगा। श्री सुप्रियो ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण का मतदान खत्म होते ही भाजपा में खलबली मच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी दिख घबरा रहे हैं। झारखंड में इंडिया गठबंधन की रैली में उमड़ा जन सैलाब यह इशारा काफी है कि जनता का मूड क्या है।

भाजपा झारखंड में जनाधार साफ होती दिख रही है। चाईबासा और गुमला के बसिया के जनसभा में इसका उदाहरण देखने को मिल गया। भाजपा हिंदू मुस्लिम करने में जुटी है। हज यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि शॉर्ट नोटिस दिया गया। चुनाव आयोग के संज्ञान में सब कुछ हो रहा है क्योंकि चुनाव आयोग ने कहा था हमें धर्म भी देखना है पर्व त्योहार भी है। 13 मई को पहले चरण का झारखंड में चुनाव शुरू हो जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर सरना धर्म कोड पर क्यों नहीं बोल रहे है। झारखंड के चार चरणों में कई चीजें तय हो जाएगी ।झारखंड के 14 में से एक भी सीट भाजपा को जीतने नही देंगे।

## विश्व हिंदू परिषद् झारखंड प्रांत की बैठक संपन्न

बिहान भारत संवाददाता



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत की बैठक रांची एयरपोर्ट रोड स्थित ग्रीन एकर होटल के सभागार में विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में क्षेत्र ,प्रांत एवं विभाग के पदाधिकारी सहित अन्य जिलों के जिला प्रभारी मौजूद थे। बैठक में शामिल मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा भगवान बिरसा मुंडा कि इस पावन व पवित्र भूमि में जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण के कुत्सित प्रयास को रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए शत प्रतिशत मतदान कर सभी नागरिक अपने राष्ट्रधर्म का पालन करें।

मौके पर विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल एवं सहक्षेत्र मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा यह वर्ष विश्व हिंदू परिषद अपने 60 वर्ष पूर्ण कर षष्टिपूर्ति वर्ष मनाने जा रही है। प्रत्येक पंचायत में समितियां बने तथा समितियां के माध्यम से हिंदू समाज के बीच सेवा, सुरक्षा और संस्कार के लिए होने वाले कार्यों को गति मिले।

वहीं प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया कि 12 मई से 19 मई तक सभी प्रखंडों में सीता नवमी का कार्यक्रम 1000 स्थान पर मनाने की योजना है। जून माह में परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्गों, का आयोजन 5 जून से 15 जून तक गिरिडीह के मधुबन एवं लोहरदगा में किया जाएगा। संगठन के द्वारा सेवा की दृष्टि से रक्तदान शिविर, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, संस्कारशाला तथा वर्तमान समय में गर्मी को देखते हुए कई जिलों में प्याऊ के माध्यम से पानी पिलाने का काम परिषद के कार्यकर्ता कर रहे हैं। षष्टि पूर्ति वर्ष में प्रांत में 5000 पूर्ण समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बजरंग दल द्वारा कई प्रखंडों में बलोपासना केंद्र, एवं दुर्गा वाहिनी द्वारा शक्ति साधना केंद्र संचालित किया जा रहा है। साथ ही सत्संग गोरक्षा, धर्म प्रसार आदि के कार्य संपूर्ण झारखंड में चलाए जा रहे हैं।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति पर गर्व कर सके इस दृष्टि से श्रीराम का चरित्र का ज्ञान सभी को हो इसके लिए विश्व हिंदू परिषद विद्यालय स्तर पर रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन करेगी । साथ ही बैठक में उपस्थित होने के लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

बैठक में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष सुभाष नेत्रगांवकर, गंगा प्रसाद यादव, सुनील गुप्ता, प्रांत सहमंत्री रामनरेश सिंह, श्री मनोज पोद्दार, प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, प्रांत कोषाध्यक्ष मदन बागड़िया, प्रांत धमार्चार्य संपर्क प्रमुख जुगल किशोर प्रसाद, सेवा प्रमुख अजय अग्रवाल, मातृशक्ति प्रमुख दीपारानी ,प्रांत सामाजिक सामाजिक समरसता प्रमुख कृष्ण कुमार झा, प्रांत प्रचार प्रसार सह प्रमुख प्रकाश रंजन, प्रांत विशेष सह संपर्क प्रमुख प्रिंस अजमानी, कौलेश्वर टुडू, कुलदीप सिंह, दीपक शर्मा, मंटू दुबे, राजेश दुबे, रवि वर्मा , संजीव कुमार, कार्यालय प्रमुख ज्ञान प्रकाश, कुणाल कुमार उपस्थित थे।

### मोहम्मद अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**रांची।** जमीन घोटाला से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी मोहम्मद अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन को पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मनी लॉड्रिंग मामले में इससे पूर्व अमित अग्रवाल, दिलीप घोष और भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। इससे पूर्व खुद पर लगे आरोप को मुक्त कराने के लिए आरोपियों द्वारा कोर्ट ने डिस्चार्ज पिटीशन फाइल किया था। अफसर अली पर बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फजीर्वाड़ा करने, मूल दस्तावेज से छेड़ छाड़ और फर्जी दस्तावेज तैयार कर खरीद बिक्री करने का आरोप है।

# गिरिडीह लोकसभा चुनावः सात उम्मीदवारों का नामांकन प्रपत्र रद्द, अब 18 उम्मीदवारों शेष

बिभा संवाददाता

**बोकारो:** 06 गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को उम्मीदवारों के नामांकन की संवीक्षा हुई. मंगलवार को 7 उम्मीदवारों के नामांकन को रद्द कर दिया गया. अब सिर्फ 18 उम्मीदवार शेष रह गये हैं. गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिला किया था. आज संवीक्षा में नामंकन प्रपत्र में त्रुटि रहने के कारण 7 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द कर दिया गया. अब कुल 18 उम्मीदवार संसदीय क्षेत्र में शेष है. अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 09 मई 2024 है.

नामांकन प्रपत्र रद्द किया गया है उम्मीदवारों के नाम- इनमें निर्दलीय प्रत्याशी धीरन मदक, पिता स्व. तारू मदक, ग्राम मंडरो, पो. हरलाडीह, पीएस. खुखरा (पीरटांड), जिला गिरिडीह. नारायण गिरी, पिता भोला गिरी, वार्ड संख्या 09, पं. पपलो जुनौरी, पो. तारानारी, पीएस. नावाडीह पपलो, जिला बोकारो, पार्टी - राष्ट्रीय मजदूर एकता. ईमाम सफी, पिता स्व. अलीजान अंसारी, ग्राम हसाद, पो. करमा, पीएस. कसमार, जिला बोकारो, पार्टी झ निर्दलीय. राकेश रोशन घोष, पिता स्व. अनादि नाथ घोष, ग्राम कोयरीडीह, पो. सोनारडीह, जिला धनबाद, पार्टी - निर्दलीय. राजा हक, पिता श्री ऐनुल हक, पो. तोपचांची, जिला धनबाद, पार्टी झ निर्दलीय. जयराम महतो, पिता ललिया महतो, ग्राम जितपुर, पीएस हरिहरपुर, जिला धनबाद, पार्टी झ ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक तथा तुलसी महतो, स्व. खीरू महतो, ग्राम लक्ष्मीपुर, पीएस/पो. बेंगाबाद, जिला गिरिडीह, पार्टी - निर्दलीय का नाम शामिल हैं.

ये 18 उम्मीदवारों का नाम जो शेष बजे है मैदान में-

इनमें कमल प्रसाद, पिता भोला प्रसाद साहू, ग्राम पोस्ट झ बिरनी, पीएस नावाडीह, जिला बोकारो, पार्टी - बहुजन समाज पार्टी. चंद्र




प्रकाश चौधरी, पिता रीझूनाथ चौधरी, ग्राम सांड़ी, पो. सांड़ी, पीएस झ रजरप्पा प्रोजेक्ट, जिला रामगढ़, पार्टी झ आजसू. मथुरा प्रसाद महतो, पिता स्व. ऋषिकेश महतो, टाटा सिजुआ 06. न. बस्ती, पो. भेलटांड़, पीएस. जोगता, जिला धनबाद, पार्टी - झारखंड मुक्ति मोर्चा.

ऐनूल अंसारी, पिता मो. जैनुल अंसारी, ग्राम तेतुलिया, पो. भाटडीह, पीएस महुदा, जिला धनबाद, पार्टी झ बहुजन मुक्ति पार्टी.

पप्पु कुमार निषाद, पिता स्व. छोटेलाल मल्लाह, 169ए,296 रंगुनी, रंगुनी, जिला धनबाद, पार्टी झ भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी.

प्रमोद राम, पिता ठाकुर दास, ग्राम कटनियां, पो. औझाडीह, थाना टुण्डी, जिला धनबाद, पार्टी - पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक).

शिवजी प्रसाद, पिता रामाधार प्रसाद, क्वा. न. 403, मुराइडीह, पो. पोचारी, जिला धनबाद, पार्टी - राइट टु रिकॉल.

सुभाष कुमार ठाकुर, पिता धनेश्वर ठाकुर, ग्राम बाधाडीह, पो. चिकसिया, पीएस चास (मु.), जिला बोकारो, पार्टी झ सर्व समाज पार्टी.

ज्ञानेश्वर प्रसाद, पिता गंगाधर प्रसाद, ग्राम सोनाटांड, पो. बीएस सिटी, जिला बोकारो, पार्टी -लोकहित अधिकार पार्टी.

उषा देवी, पति आशीष कुमार महतो, ग्राम लालडीह, पो. बलियापुर, जिला धनबाद, पार्टी - निर्दलीय.

उषा सिंह, पति स्व. रविन्द्र नाथ सिंह, ग्राम झ पो. फुसरो, पीएस. बेरमो, जिला बोकारो, पार्टी झ निर्दलीय.

कलावती देवी, पति श्री धनेश्वर महतो, पो. गलागी, पीएस. निमियाघाट, जिला गिरिडीह, पार्टी झ निर्दलीय.

जयराम कुमार महतो, पिता कृष्णा प्रसाद महतो, एच न. 8, ग्राम चितरपुर, पीएस. तोपचांची, जिला धनबाद, पार्टी - निर्दलीय.

द्वारका प्रसाद लाला, पिता स्व. मोती लाल लाला, गेन्दनावाडीह, पो. तांतरी, प्रखंड तोपचांची, जिला धनबाद, पार्टी झ निर्दलीय.

पूजा कुमारी, पिता सहदेव महतो, गृह संख्या 81 काली मंदिर, अमलो बस्ती, फुसरो वार्ड संख्या 06, जिला बोकारो,पार्टी झ निर्दलीय.

रामेश्वर दुसाध, पिता बालकी दुसाध, ग्राम महुआटांड, पो करहरबारी महेशलुण्डी, पीएस गिरिडीह (मु.), जिला गिरिडीह, पार्टी झ निर्दलीय.

सुनिता टुडू, पति श्री सुनिल कुमार टुडू, सिदुबारटांड, पो. आरजु, पीएस जरीडीह, जिला बोकारो, पार्टी झ निर्दलीय.

सुबोध कुमार यादव, पिता श्री मुरलीधर यादव, ग्राम बेरहासुयाडीह, पो. चालमो बरहमसिया, पीएस डुमरी, जिला गिरिडीह, पार्टी झ निर्दलीय.

# संक्षिप्त खबरें

## श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी के द्विवार्षिक अध्यक्ष चुनाव संपन्न, नए अध्यक्ष के रूप में विनोद चोपड़ा ने पदभार संभाला



**बोकारो :** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा, कोलकाता के निदेर्शानुसार श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, बोकारो के द्विवार्षिक चुनाव (2024-2026) सर्व सम्मति से संपन्न हुए। श्री विनोद चोपड़ा को सर्वसम्मति से सभा का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जैन मिलन के अध्यक्ष सह चुनाव पदाधिकारी संजय बैद की देखरेख में चुनाव का सारा काम काज संपन्न हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल लोढ़ा ने अपना कार्यभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सौंपते हुए उनके बेहतर कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएं एवं सहयोग की पेशकश की। इसके पूर्व सभा के सचिव प्रकाश कोठारी ने विगत कार्यकाल का लेखा जोखा सभा के सदस्यों के समक्ष रखा,जिसे स्थानीय सभा द्वारा पारित कर दिया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद चोपड़ा की नई कमेटी का विस्तार एक सप्ताह के अंदर कर लेंगे। बैठक में शांतिलाल लोढ़ा, प्रकाश कोठारी, माणक छल्लानी,जयचंद बांठिया, आंनद कोठारी, बजरंग लाल चोरडिया, प्रमोद चौरड़िया, सुभाष जैन, सुशील बैद, सुरेश बोथरा, अभय बेगवाणी, सौरभ लोढ़ा आदि उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई

**रामगढ़:** श्री कृष्ण विद्या मंदिर,रामगढ के प्रांगण में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने भाषण और गीत के द्वारा कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम संचालन को आगे बढ़ाने में उषा सिंह, मनोरंजन चौधरी एवम प्रांतिक राय (शिक्षकों) ने मदद की। छात्रा सुप्रिती सिंह और मेधा कुमारी (कक्षा दशम) और छात्र हर्ष कुमार और हर्ष राज (कक्षा नवम) के छात्रों ने भाषण के द्वारा रविंद्रनाथ टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डाला। रविंद्रनाथ टैगोर जयंती भारत और दुनिया भर में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाई जाती है। बचपन से ही उनकी रुचि साहित्य में थी। उनके साहित्यिक कार्यों के लिए उन्हें 1913 में भारत में पहला नोबेल पुरस्कार मिला। टैगोर ने राष्ट्रगान, जन गण मन सहित कई कविताएं, गीत और साहित्यिक रचनाएं लिखी हैं।

## सेल मैनेजमेंट एंड बिजनेस क्विज में बीएसएल की टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**बोकारो :** सेल के मैनेजमेंट एंड बिजनेस क्विज स्पर्धा के फाइनल में एक बार फिर बोकारो स्टील प्लांट की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार जीतने का गौरव प्राप्त किया है. हाल ही में बर्नपुर में आयोजित स्पर्धा के फाइनल में सेल अधिकारियों की बिजनेस क्विज सक्षम में बीएसएल के वरीय प्रबंधक (ईआरएस) श्री शुभम वर्मा तथा प्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) श्री राहुल रंजन पंडा की टीम ने सेकेंड रनर-अप का पुरस्कार अपने नाम किया. इसके अलावा समर्थ नाम से आयोजित सेल के अनधिशासी कर्मियों की बिजनेस क्विज में बीएसएल के डीएनडब्ल्यू विभाग के ओसीटी श्री दुर्गा प्रसाद एवं श्री नयन चक्रवर्ती की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीतकर बोकरो स्टील प्लांट का मान बढ़ाया है. बीएसएल की विजेता टीमों को श्री बी पी सिंह, निदेशक प्रभारी (दुगार्पुर एवं इस्को स्टील प्लांट) द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. बीएसएल के वरीय अधिकारियों ने भी दोनों पुरस्कार विजेता टीमों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है.

## बाबा चौहरमल मंदिर की स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर की गई बैठक



**बोकारो :** बाबा चौहरमल मंदिर प्रांगण में दुसाध जागरण मंच के अध्यक्ष श्री जय प्रकाश पासवान जी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस सभा का संचालन सेक्टर 8 निवासी श्री संजय पासवान जी ने किया।सभा में हमारे समाज के सम्मानित सदेश्यों ने काफी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी लोगों ने हमारे अध्यक्ष श्री जय प्रकाश पासवान जी के नेत्रत्व में आस्था वयक्त की । और उन्ही के अध्यक्षता में 28/05/2024 को मंदिर का स्थापना दिवस समारोह को मानने की सहमति दी। आप सभी को ज्ञात हो की हमारे बाबा चौहरमल मंदिर की स्थापना 28/05/2004 को की गई थी और हरेक वर्ष इसी तिथि को छोटे या बड़े रूप में स्थापना दिवस मनाता आया गया है। इस 28 मई को हमारा मंदिर पूरे 20 वर्ष का हो जायगा। अतः आप सभी महानुभाव से अनुरोध है की मिलजुल कर और आम सहमति से स्थापना दिवस को धूमधाम मनाया जाए।

## धनबाद मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न खण्डों में चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद :** धनबाद मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न खण्डों में बड़े स्तर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 07.05.24 को मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान कुल 2387 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे इस दौरान उनसे 14 लाख 06 हजार 850 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई चेकिंग अभियान में 174 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया इस तरह का टिकट चेकिंग अभियान धनबाद मंडल द्वारा आगे भी लगातार चलाया जाता रहेगा इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे।

## एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में साहित्य क्लब की ओर से कवि गुरु रवींद्र नाथ ठाकुर की जयंती मनाई गई




बिभा संवाददाता

**बोकारो :** प्रधानाध्यापक फादर रेजी सी वर्गीस व घुनपोका साहित्य पत्रिका के संपादक दिलीप वैराग्य ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानाध्यापक फादर रेजी सी वर्गीस ने कहा कि गुरु रवींद्र नाथ ठाकुर साहित्यकार, दार्शनिक व व कवि थे। गुरु जी ने साहित्य के जरिए भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नई जान फूंक दी। उन्हें साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनकी रचना जन गण मन.. भारत एवं अमार सोनार बांग्ला..बांग्लादेश का राष्ट्रीय गान बनीं। उन्होंने लगभग 2230 गीत लिखे। रवींद्र संगीत लोकप्रिय है। रवींद्र नाथ टैगोर मानवता को महत्व देते थे। गुरु जी के आदर्श को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए।

घुनपोका साहित्य पत्रिका के संपादक दिलीप वैराग्य ने गुरु रवींद्र नाथ टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने उनकी लिखी कविता का पाठ किया। बच्चों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। टैगोर रिव्यू में विद्यार्थियों ने गुरुदेव की साहित्यिक रचना व जीवन दर्शन को जीवंत कर दिया। बच्चों ने हिंदी, बांग्ला व अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुति दी। आयुषी ने गुरुदेव का जीवन परिचय, सुप्रिया लकड़ा, खुशी व राइमा मंडल ने नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। गौरी शर्मा व करुणा ने रवींद्र संगीत प्रस्तुत किया। गौरवी शर्मा व शौर्य ने गुरु द्वारा साहित्य के माध्यम से सामाजिक बुराई को दूर करने के प्रयास की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन स्निग्धा व सत्यम एवं धन्यवाद ज्ञापन साहित्य क्लब की प्रभारी नीलांजना चौधरी ने किया। मोके पर उप प्राचार्य राखी बनर्जी, एनसी वर्गीस, शिक्षक, शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जेवरियन परिवार बोकारो ने मनाया रविंद्रनाथ टैगोर की 163 वी जयंती



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** संत जेवियर्स स्कूल बोकारो में भारत के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता और महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ शिक्षिका चंद्रिमा रे ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवनी के विषय में बताते हुए किया । उन्होंने साझा किया की बोकारो की संस्कृति गहन है इसलिए इसका उपयोग एक कवि, उपन्यासकार और नाटकीय के रूप में टैगोर की यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता रहा है। कार्यक्रम में टैगोर द्वारा रचित प्रार्थना हुई जो की बांग्ला भाषी था और इसका अनुवाद अंग्रेजी में भी किया गया । प्लस टू की छात्रा गरिमा ने मंच पर आकर टैगोर के बारे में विस्तार से बताया कि उन्होंने किस प्रकार आजादी में अपना अहम योगदान दिया और दीप्तेश ने टैगोर द्वारा रचित वीरगाथा का मंचन किया। गौरी झा द्वारा गाया गया लोक लाज सजनिया नामक बांग्ला और मैथिली भाषी गाना आकर्षण का केंद्र रहा और लड़कियों ने इस अवसर पर नृत्य प्रस्तुत भी किया। सभी शिक्षक एवम विद्यार्थियों ने मिल कर बांग्ला गाने का मनोहर प्रस्तुती दिया ।मौके पर प्लस टू के उप प्रधानाचार्य देवाशीष गुप्ता एवम विद्यालय के प्रधानाचार्य फॉदर अरुण मिंज एस. जे. उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य महोदय ने कहा की हमे रविंद्रनाथ टैगोर जैसे महान कवियों के जयंतियो को मनाते रहना चाहिए और ऐसे महान पुरुष के जीवन और कार्यशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## एनआइसी कक्ष में 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र के मतदान कर्मियों का हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित एनआइसी कक्ष में बुधवार को सामान्य प्रेक्षक, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र श्री अरूण महेश बाबु एवं निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती विजया जाधव की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन में पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मियों का नाम शामिल है। मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी श्री संदीप कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो. मुमताज अंसारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास श्री ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो श्री अशोक कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर श्री प्रभाष दत्ता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री धनंजय कुमार,कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी श्रीमती शालिनी खालखो आदि उपस्थित थे।




उल्लेखनीय हो कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान आगामी 25 मई 2024 को होना है। इसमें कुल 6860 मतदान कर्मियों (पुरूष मतदान कर्मी), 198 (महिला मतदान कर्मी) को लगाया गया है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मी व रिजर्व कर्मी शामिल हैं।

## धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने की महिलाओं से मेनिफेस्टो पर की चर्चा

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के लोहांचल स्थित पार्टी कार्यालय में धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने जनसभा का आयोजन किया जिसमें महिला के बीच जाकर महिलाओं के समूह से समर्थन की मांग किया और महिलाओं से संवाद भी कि एवं कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर चर्चा की आगे पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि जिस तरह से यहां के बच्चे शिक्षा के लिए या रोजगार के लिए दूसरी जगह पलायन कर रहे हैं और वहां पर विभिन्न तरह के कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है काम के दौरान हादसों का शिकार हो जाते हैं जिससे दूर रह रहे बच्चे के अभिभावक चिंतित और भय में रहते हैं हमारी कोशिश रहेगी की वह हर तरीके से इतनी अस्वस्थ हो जाए की धनबाद से बोकारो से कहीं



दूर उन्हें जाना ना पड़े । हो रही इस लोकसभा के चुनावी दंगल में अनुपमा सिंह ने जिस तरह से मोर्चा संभाला है और जगह-जगह जनसभा एवं नुक्कड़ नाटक के द्वारा कांग्रेस की उपलब्धियां बताई जा रही है जनता भी नए महिला प्रत्याशी को लेकर काफी उत्साहित दिखे लोगों का समर्थन और आश्वासन पूरा मिल रहा है लोगों को भी काफी वर्षों से जिस नए चेहरे की तलाश थी वह लगता है अब पूरी हो चुकी है। सांसद प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जनसभा महिलाएं वर्क काफी प्रभावित दिख रही है और महिलाएं लोगों का पूरा सहयोग भी सांसद प्रत्याशी अनुपमा सिंह को मिलेगा मौके पर सैकड़ो महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

## सोउल्लासपूर्वक स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की 108वी जयंती मनाई गई

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो संपूर्ण विश्व सहित चिन्मय विद्यालय बोकारो में क्रांति-द्रष्टा युग पुरुष, गीता ज्ञान प्रचारक, ब्रह्म स्वरूप एवं विश्व व्यापी वेदांत ज्ञान प्रचारक की संस्था चिन्मय मिशन केंद्र के संस्थापक परम पूज्य स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की 108वी जयंती पूरे उल्लास, श्रद्धा, भक्ति एवं हर्ष से मनाई गई । आज पूजा -अर्चना में विद्यालय परिवार के प्रबंधक के सभी माननीय सदस्य विद्यालय अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर एन मल्लिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरेंद्र कुमार सहित सभी शिक्षक- शिक्षक कर्मचारी एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में परम पूज्य गुरुदेव के श्रीचरण स्वरुप उनकी पादुका का वैदिक विधि से गुरुदेव अष्टोतरशतनाम( 108 नामों ) के साथ पूजा अर्चना की गई। पुजनोंप्रान्त परम पूज्य स्वामिनी जी ने गुरुदेव के महानतम व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 8 मई 1916 को केरल में हुआ था और 3 अगस्त 1996 को अमेरिका के शिकागो में उन्होंने महासमाधि प्राप्त की थी। इस जीवन विधि का एक-एक समय उन्होंने देश एवं विश्व कल्याण के



लिए अर्पित कर दिया। यौवन काल में उन्होंने देश की स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित किया। देश की आजादी के बाद पत्रकारिता के माध्यम से दबे-कुचले, भूखे -नंगे,जरूरत मंद व्यक्ति के लिए आवाज बने और जब संन्यास लिया तो आजीवन गीता ज्ञान प्रचारक बने ।वेदांत में छुपे अमूल्य ज्ञान- विधि को लोगों में बताते रहे।परम पूज्य गुरुदेव का मानना था कि इतना विशाल भारत, देश जिसकी सीमा आधुनिक उज्बेकिस्तान, तजाकिस्तान से लेकर इंडोनेशिया के द्वीपों तक फैली हुई थी । जिसकी संतान या मूल्य वेदांत- ज्ञान की धनी थी, यह बार-बार पराजित क्यों होते रहे । भारत का विखंडन क्यों होता रहा ! उनका मानना था कि भारतीय जो स्वयं सत आनंद स्वरूप है । उन्होंने अपने इस स्वरूप को भुला दिया है। इसलिए भारत के प्राचीन गौरव की स्थापना के लिए आवश्यक है कि हर एक भारतवासी यह जाने की वह कौन है? उसका स्वरूप क्या है? इसके लिए उन्हें वेदांत की ओर लौटना होगा। इसी उद्देश्य से वे पुणे के गणेश मंदिर से शुरू गीता ज्ञान- यज्ञ की यात्रा प्रारंभ कीऔर यह उनके जीवन अंत तक चलती रही । सैकड़ो मंदिरों का निर्माण करवाया, जीर्णोद्धार करवाया। सैकड़ो विद्यालय की स्थापना हुई। संपूर्ण विश्व में चिन्मय मिशन केंद्र की स्थापना की गई ।उनके स्वप्न को सरकार करने के लिए सैकड़ो स्वामी एवं ब्रह्मचारी दिन-रात इस ज्ञान-यज्ञ में, विश्व निर्माण में अपनी आहुति देते आ रहे हैं ।

स्वामिनी जी ने कहा कि इस पुनीत अवसर पर मैं समाज के कल्याण, आप सबसे कल्याण के लिए, आप सबके मंगल के लिए, अपना श्रद्धापूर्ण नमन गुरुदेव के चरणों में समर्पित करती हूं। आप सब पर ईश्वर एवं गुरुदेव की असीम कृपा बनी रहे । चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी से आग्रह किया कि परम पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद जी के एक आदर्श को भी अगर हम अपने जीवन मे साथ लेकर चलते हैं तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस ने कर्रा में किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**खूँटी** । जिले के कर्रा प्रखंड में कांग्रेस ने बुधवार को चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया । इस दौरान कर्रा गोमा भगत बगीचा में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज एवं कांग्रेस के केडी गुरु ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कांग्रेस चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान इंडिया महागठबंधन के प्रत्यासी कालीचरण मुंडा को विजय बनाने का अपील किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजीव परधिया, वरिष्ठ कांग्रेसी केडी गुरू, प्रदीप देवघरिया, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज,परवेज खान,सुशील संगा, इगनेश होरो, नशीम अख्तर, रामसिंह भगत, टाना भगत, मोकिम खान,सागर महली, विक्रांत केरकट्टा, मेजर जोर्ज धान के अलावे अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने किया जनसंवाद



**खूँटी** । लोकसभा चुनाव होने में महज कुछ ही दिनों का समय बचा है। ऐसे में खूंटी लोकसभा से इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने भी जनसंपर्क तेजी से करना शुरू कर दिया है। बुधवार को विभिन्न दर्जनों गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया। कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मुरहू, हांसा, बांधटोली, घाघरा, सारिदकेल और गोवा,इन्दिपीड़ी, सैको, सिरूम, बारूपिडी, जोजोहातू, लान्दुप, सारलें, जिउरी, डाउडीह, गिडूग, बिचागुटू, सेरेगडीह आदि क्षेत्रो में जनसंपर्क कर मतदाताओं से प्यार, स्नेह, सहयोग, आशीर्वाद व समर्थन मांगा।

### विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ मारंगहातु में किया गया मतदाता जागरण



**खूँटी** । लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज खूंटी प्रखंड में विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ मारंगहातु में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, खूंटी ने ग्रामीणों से मिलकर उन्हें मतदान कर लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर सभी ग्रामीणों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण कर मतदान के महत्व, मतदान की तिथि, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए क्या क्या सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी आदि संबंधित सूचना हैं। जिसे आमजनों के बीच वितरण किया गया। स्वीप की टीम द्वारा सभी मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई तथा मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### लोकसभा निर्वाचन के निमित्त तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक का आयोजन, कार्यों के सुचारू प्रबंधन के दिए निर्देश




**खूँटी** । लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों एवं रिसीविंग को लेकर को सभी संबंधित एआरओ ईवीएम द्वारा किए जाने वाले कार्यों से संबंधित चर्चा की गई। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि अंतिम 48 घंटे में टीम पूर्ण रूप से सक्रिय रहकर कार्य करें। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन संबंधित दायित्वों का निर्वाह सजगता के साथ पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर जिले में निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराया जा सकें। उन्होंने कंट्रोल रूम का उचित संचालन एवं इंटरनेट एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि हर स्तर पर तैयारियों को पूर्ण रूप प्रदान करें।

### डालसा ने शिविर की सफलता के लिए किया योजना बैठक



**खूँटी** । आगामी आठ जून को होनेवाले मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा से संबंधित वादों के निष्तारन हेतू बुधवार को विशेष लोक अदालत के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पक्षकार समझौता पूर्व न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। इस बैठक में जिला जज प्रथम श्री संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीया प्राची मिश्रा, डालसा सचिव श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजूर, इंश्योरेंस कंपनी के विधि अधिकारी गूगल मीट के द्वारा ऑनलाइन जुड़े रहे एवं इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता गण एवं पक्षकार अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी डालसा सचिव श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजूर के द्वारा दी गई।

# बीते 10 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया: तेजस्वी यादव

बिभा संवाददाता



**पलामू** । बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को पलामू जिले के छत्तरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नीत एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 10 वर्षों के शासनकाल में झूठ के सहारे राज किया है। मोदी 2014 में गरीबी और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार में आए लेकिन उन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया। उनका एकमात्र मकसद हिंदू-मुस्लिम कर देश की सत्ता पर राज करना रह गया है।

तेजस्वी ने कहा कि मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है, जो महज एक जुमला है। उन्होंने पीएम मोदी के 2014 में दिए गए भाषण के कुछ अंश भी सुनाए और कहा कि इनमें एक भी पूरा नहीं किया गया। मोदी ने सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है। तेजस्वी ने कहा कि यदि केंद्र में उनके गठबंधन की सरकार बनी तो गरीब घर की बेटियों को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये और पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। साथ ही प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों को नए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी उनके किए गए वादे के तहत पांच लाख लोगों को बिहार में रोजगार उपलब्ध कराया गया। वह भी सरकारी रोजगार मिला।

तेजस्वी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी विरोध में बोलने वालों को सीबीआई और ईडी से डराने की कोशिश करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मामलों में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध भी 50 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं लेकिन वह लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं। ना लालू प्रसाद यादव झुका है और ना लालू का बेटा झुकेगा। साथ ही कहा कि जेल से उन्हें डर लगेगा जो डरते हैं। हमारे तो भगवान ही जेल में पैदा हुए थे। इसलिए हम जेल से नहीं डरते। इस बार चार जून को देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सिर्फ खरीद-फरोख्त में विश्वास रखते हैं और उनके पास अडानी-अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं। उनके चार विधायकों को वह खरीद कर बिहार में सरकार में शामिल कर लिए। इस बार पिछड़े और दलित लोगों ने मन बना लिया है कि वे नरेन्द्र मोदी की सरकार को सत्ता से हटा देंगे।

### युवा उम्मीदवार देवेंद्र नाथ महतो के रिहाई मांग हेतु आज ट्विटर कैंपियन

**रांची** । झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के वरीय उपाध्यक्ष सह लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो पिछले पांच दिनों से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारावास होटवार के न्यायिक हिरासत में है। इसके संवैधानिक रिहाई के मांग को लेकर गुरुवार को विभिन्न छात्र संगठनों एवं शिक्षकों द्वारा डिजिटल ऑनलाइन ट्विटर महा अभियान रखा गया है। जिसका मीडिया साइट्स #i_stand_with_devendra_nath_mahto रखा गया है। विदित है कि क्षेत्रीय रीति रिवाज भाषा सभ्यता कला संस्कृति खतियान के संरक्षण एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ लेकर मुखर रहे हैं। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के रांची संसदीय लोक सभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो की गिरफ्तारी जे पी एस सी के अनियमितता खिलाफ वाले मामले में हुई है। राजधानी रांची समेत राज्य के छात्रों में भारी नाराजगी एवं असंतोष है। जिसे संवैधानिक रिहाई के मांग को लेकर आज ट्विटर महा अभियान रखा गया है। यह जानकारी संजय ने दी।

# विधायक ने किया गुटजोरा पंचायत के विभिन्न गाँवों का दौरा

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । प्रखंड क्षेत्र के गुटजोरा पंचायत अंतर्गत विभिन्न गाँवों का दौरा करते हुए बुधवार को चलागी के ग्रामीणों के साथ खूँटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने बैठक की। मौके पर विधायक ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभ की जानकारी ली वही ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास, उज्वला योजना अंतर्गत गैस चूल्हा कनेक्शन केंद्र सरकार के मुफ्त राशन आदि अनेक प्रकार का लाभ मिला है। साथ ही बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाया गया आयुष्मान भारत योजना काफी लाभप्रद साबित हो रहा है। मौके पर विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास चाहती है। विगत 10 वर्षों में हर वर्ग के लोग लाभान्वित होकर आगे बढ़े हैं। यही आशा के साथ की आगे भी जिस प्रकार केंद्र सरकार कार्य कर रही है खूंटी से अपना समर्थन मतदान करके दें। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार 400 पर के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी। वहीं खूँटी से भी संसद बनाकर भेजने से निश्चित तौर पर मंत्रालय मिलेगा जिसका लाभ खूँटी की जनता के लिए होगा। खूँटी की धरती में कभी कोई प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति नहीं पहुँचे थे। लेकिन आजादी के बाद इस बार जनजातीय मंत्रालय की पहल पर खूँटी आगमन हुआ। इस बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन गोप, राजेश महतो, दीपक महतो, पंकज वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### मतदान केंद्रों पर निर्धारित समय पर मतदान कराने की प्रकिया आरंभ करना सुनिश्चित करेंगे: जिला निर्वाचन पदाधिकारी



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । लोक सभा आम चुनाव 2024 के मद्येनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पार्टी वाइज सभी पोलिंग आफिसर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान के दिन मतदान केंद्र पर और मतदान के बाद की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया। मतदाकर्मियों से घोषणा पत्र लिया गया कि उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मतदान यंत्र तथा पूरी मतदान प्रक्रिया का संचालन और सभी प्रपत्रों को संधारित कर पैकेटिंग की पूरी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि चार चरणों में संपन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी को चुनाव कार्य की तमाम प्रक्रियाओं से अवगत कराया है। तथा मतदान कर्मियों को प्रपत्र 17ए(मतदाता रजिस्टर), 17सी(अभिलिखित मतों का लेखा) एवं पीठासीन डायरी संधारण में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया।

## भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने सूदूरवर्ती क्षेत्रों में किया भाजपा को मतदान करने का आवाहन

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने घर-घर जनसम्पर्क अभियान चलाने के क्रम में बुधवार को फूदी, कालामाटी, डुंगरा, डंडोल, अरगोडी, अकता, नेयालडीह आदि अनेक ग्रामीण इलाकों में जनसम्पर्क अभियान किया गया। मौके पर, गौरा देवी ने बताया कि भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जाति धर्म से उपर उठकर सबका साथ सबका विकास का कार्य किया है। इस बार भी भाजपा की सरकार बनेगी। तो हम खूँटीवासियों को भी चाहिए कि खूंटी से संसद बनाकर भेजने से ही मंत्रालय मिलेगा अन्यथा खूँटी से विपक्ष का सांसद भेजे जाने से खूँटी का विकास नहीं हो पाएगा। इसलिए जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने विकसित भारत का सपना देखा है तो वहीं खूँटी का विकास के लिए कमल फूल का प्रतिनिधि को जीताकर सांसद भेजना आवश्यक है। ऐसे में ही जिस प्रकार अर्जुन मुंडा की पहल पर छह आवासीय विद्यालय, दो अस्पताल, सीटी स्कैन सेंटर बन रहा है। वहीं सैकड़ों बच्चियों को नौकरी मिली है। ऑक्सीजन प्लांट बना है। साथ ही, खूँटी बाईपास की मांग, रेलवे लाईन का सपना, अस्पताल में ट्रामा सेंटर की योजना पर अधूरी बात अधूरी ही रह जाएगी। फिर विपक्ष बोलेगा कि सरकार हमारी नहीं है तो हम क्या करेंगे। फिर जनता ठगी महसूस करेंगी। इससे अच्छा है कि अधिक से अधिक बहुमत से अपने क्षेत्र का प्रतिनिधि बनाकर सांसद बनाकर भेजें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावना को मजबूत करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। मौके पर, उर्मिला देवी, बासमती देवी, नौरी पूर्ति आदि अनेक लोग उपस्थित थे। इधर , तोरपा विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुर में प्रेम कुमार, रुक्मिला सारु, लक्ष्मी बाखला, जोनिका गुड़िया , रानी टूटी, नीरा हस्सा आदि ने मुरहू के रुमुतकेल, कोयंसार, लीलीकोटो, कुमारडीह सोकोय, सामलोंग आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर जानकारी दिए।

## नेताजी सुभाष चंद्रबोस विद्यालय के ग्रीष्मकालीन शिविर में 150 अभ्यर्थी प्रतिभागिता ले रहे हैं भाग

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में बुधवार को पाँच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर शुभारंभ किया गया। उक्त शिविर में 150 अभ्यर्थी तीरंदाजी प्रशिक्षण का अभ्यास प्रतिदिन करेंगे। शिविर के उद्घाटन समारोह में उपस्थित झारखंड फुटबॉल कोच रोशन मिंज ने कहा कि इन शिविरों के दौरान छात्र बिना किसी हिचकिचाहट के प्रशिक्षकों से सवाल पूछ रहे हैं। विद्यार्थी के डर को निकाल कर उन्हें मजबूत व निडर बनाया जा रहा है। बच्चे भी लोक कला सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ बच्चों को विकास के लिए व्यक्तिगत स्तर से भी पहल करेंगे। वहीं माणिक बोस ने कहा कि समाज में हमेशा से अभावग्रस्त रहे अनाथ, बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों को खेल और पढ़ाई के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास सभी के लिए अनुकरणीय है । इन समर कैंप के दौरान, छात्रों को तीरंदाजी, फुटबॉल व हेरिटेज स्पोर्ट्स के लिए शिक्षित किया जा रहा है । विद्यार्थी चित्रकला के माध्यम से अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं वही उनकी कला को अतिथियों एवम शिक्षकों से सराहना भी मिल रही है। समर कैंप के आयोजन में विद्यालय के बच्चों के साथ तीरंदाजी कोच दानिश अंसारी, आशीष कुमार, विद्यालय की वार्डन प्रतिमा देवी, शिक्षक अब्राहम टूटी, ईवा धान, नेहा कुमारी, अर्चना महतो, रवि कुमार, सुनीता कुमारी, गणेश कुमार, राष्ट्रीय तीरंदाजी खिलाड़ी मोनिका कुमारी इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह जानकारी कोच आशीष कुमार ने दी।

# इंडिया गठबंधन झामुमो प्रत्याशी समीर महंती ने पोटका क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क

बिभा संवाददाता



**जादूगोड़ा:** इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर महंती एवं स्थानीय विधायक संजीव सरदार के द्वारा मंगलवार को हाता में चुनावी कार्यालय का उदघाटन फीता कटकर किया गया। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत प्रत्याशी समीर महंती एवं विधायक संजीव सरदार के नेतृत्व में कार्यकताओं के संग बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में समीर महंती ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जीसके पश्चात विधायक संजीव सरदार समीर महंती को लेकर हाता बिरसा चौक एवं हल्दी पोखर पहुंच कर भगवान बिरसा के मूर्ति पर मल्लार्पण कर पदयात्रा करते हुए जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसके पश्चात, रसुनचोपा, कोवाली भालकी, देवली चौक, सान ग्राम, पोटका, हेसलबिल, जहातु, आदि जगहों में जनसंपर्क कर रात को कलिकापुर पहुंचकर जनसंपर्क के साथ साथ नुक्कड़ सभा को संबंधित किया। मौके पर समीर महंती ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान लोगों का जो उत्साह है देख कर पता चलता है कि जनता मुझे वोट देने का मन बना लिया है। विधायक संजीव सरदार ने कहा की वर्तमान सरकार कई ऐसा विकास के लिए योजना लाकर दिया है जिनको लोग याद कर रहा हैं। इसी यादों में जन समर्थन क्षेत्र में पूरा है । उन्होंने कहा प्रत्याशी समीर महंती, मेरे बड़े भाई को वोट करके ज्यादा से ज्यादा वोट में विजय बनाना है। इस दौरान पूर्व जिला परिषद चंद्रावती महतो, हीरामणि मुर्मू, आंदोलनकारी बबलू चौधरी, सुनील महतो, मुखिया कार्तिक मुर्मू काली पद सरदार , के साथ प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, विद्यासागर दास, हितेश भगत, रजनी सारंगी, भुवनेश्वर सरदार , नीता सरकार, सुंदर महन मार्डी,वीरेंद्र पात्र, सोमन मंडल, बापी भट्ट मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों से की मतदान कर जीत की अपील



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । नगर पंचायत क्षेत्र में भाजपा के कार्यकताओं ने बुधवार को मतदाता जनजागरण के साथ भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर कर्रा रोड नवाटोली में सैकड़ों लोगों ने भाजपा को मतदान करके देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देने को और मजबूत बनाने के लिए अपना समर्थन के रुप में आगामी 13 मई को कमल फूल के बटन दबाने का निर्णय लिया। वहीं भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल की अगुवाई में मुहल्लों में जाकर भाजपा को मतदान करने का आवाहन किया। मौके पर जनार्दन मिश्रा दिनेश महतो, भीम लोहरा, सोमरा, पूनम देवी, बिनोद, निशा देवी, नीलम देवी और भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इधर, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं द्वारा हाथों में कमल का झंडा लिए टोपी पहने नगर भ्रमण करके भाजपा के पक्ष में मतदान हेतु जनजागरण किया गया।

# फाइव आइज का मोदी और भाजपा को लेकर अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**भारत विदशों को हथियार बेच रहा है। बेहतर मानव संसाधन का उपयोग कर दुनिया के तमाम देशों को उद्योग लगाने के लिए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और इस तरह से विश्व में लगातार उसकी दावेदारी एक ओर यूएनओ में स्थायी सदस्यता की बनती जा रही है तो दूसरी ओर विश्व शक्ति के रूप में सभी के सामने अपने को वह प्रखरता से रख रहा है, जोकि कई विकसित देश सहन नहीं कर पा रहे हैं । ऐसे में अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोल रखा है। अब जरूरत सूचनाओं के इस महायुग में भारत के आमजन की विशेष है कि वे किसी भ्रम में नहीं आएं। हर खबर की गहराई में जाएं और समझें कि आखिर इसके पीछे सत्यता कितनी है।**

हम सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें । भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है।



वस्तुतः पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैण्ड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान।

इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई ) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथाकथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है। वह मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलानेवाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिन्दू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं।

इस बात को समर्थन देने एवं जोर देते हुए आप ऑस्ट्रेलिया के अखबार ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू, अमेरिकी अखबार 'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द न्यूयॉर्क टाइम्स', सीएनएन, टाइम मैगजीन, ब्रिटेन के अखबार 'द गार्जियन', बीबीसी, फ्रांस के प्रसिद्ध समाचार पत्र ले मोंड समेत अन्य कई को आप देख भी रहे थे, जिनमें कि इस प्रकार कि रिपोर्ट्स लगातार प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन इसी कड़ी में अब सीएनएन में शामिल हो गया है।

अमेरिकन मीडिया संस्थान सीएनएन ने 'भारत के पवित्र शहर में बढ़ते हिंदू राष्ट्रवाद से मुसलमान डरे हुए हैं' शीर्षक से एक खास लेख कम विशेष स्टोरी प्रकाशित की है। इसमें इस बार वाराणसी (काशी) प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा चुनाव क्षेत्र को चुना है और यह बताने की कोशिश की है कि भारत के मुसलमाना मोदी राज में बहुत डरे हुए हैं और वे नहीं चाहते कि भाजपा केंद्र में सरकार बनाने में सफल हो और मोदी फिर से सत्ता में आए। इन सभी की यही सोच है कि यदि मोदी फिर से सत्ता में आ गए तो भारत को वे हिन्दू राष्ट्र बना देंगे । सनातनी भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बहुत अधिक बढ़ जाएंगे।

सीएनएन कह रहा है कि मोदी की भाजपा की जड़ें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में हैं, जो एक दक्षिणपंथी अर्धसैनिक संगठन है जो भारत के भीतर हिंदू वर्चस्व की वकालत करता है। ऐसे में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में अब इसकी 200 मिलियन से अधिक मजबूत मुस्लिम आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मोदी के दोबारा चुने जाने की संभावना पर डर व्यक्त कर रहा है। वाराणसी के कई मुसलमान उपेक्षित महसूस करते हैं, यहां तक कि उनके साथ विश्वासघात होने की बात करते हैं, खासकर जब एक सदियों पुरानी मस्जिद ज्ञानवापी की बात हो। सीएनएन यहां स्थानीय मुस्लिमों के माध्यम से कहलवा रहा है कि सरकार उनके समुदाय की रक्षा करने में विफल हो रही है, आज के भारत में घृणा अपराधों से लोग असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रहे हैं। अगर मोदी दोबारा चुने गए तो सबसे बुरा होगा।

इसके लिए सीएनएन भाजपा नेता टी. राजा सिंह के भाषण, हिंदू अधिकारियों को प्रमुख सरकारी संस्थानों में शीर्ष पदों पर नियुक्ति देने, अधिकारियों द्वारा मुस्लिम संपत्तियों को ध्वस्त करने के आरोपों, मुस्लिम बहुल राज्य जम्मू और कश्मीर की विशेष स्वायत्तता अनुच्छेद 370 को हटाने और उसे सीधे दिल्ली के नियंत्रण में लाने, नागरिकता कानून को पारित करने, (जिसमें मुस्लिम प्रवासियों को शामिल नहीं किया गया), दिल्ली दंगों के लिए भी हिन्दुओं को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इसके साथ ही ये सीएनएन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घेरने के लिए वाशिंगटन स्थित शोध समूह इंडिया हेट लैब की की रिपोर्ट का उल्लेख भी करता है, जिसका कहना है कि भारत में मुस्लिम प्रताड़ित हैं। यह लेख कहता है कि ह्यूमन राइट्स वॉच, एमनेस्टी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर ह्यूमन राइट्स सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने धार्मिक लोगों के खिलाफ निरंतर भेदभाव की चेतावनी दी है।

इसके साथ ही चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जो बोल रहे हैं उसको आधार बनाकर यह बताने का प्रयास हुआ है कि मुसलमानों पर 'घुसपैठिए' होने का आरोप लगाया जा रहा है और एक नारा संविधान खतरे में है का जोर शोर के साथ लगाया जा रहा है। दरअसल, यह बात ओर है कि मुसलमान राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और परंपरागत रूप से हिन्दू प्रभुत्ववाली सत्ता को अस्वीकार करने की मानसिकता से ग्रस्त होने के कारण से इसे स्वीकार करना नहीं चाहता, लेकिन वर्तमान आंकड़े बता रहे हैं कि कैसे दस सालों में भाजपा की सत्ता के रहते भारत भर में मुसलमानों समेत हर वर्ग के जीवन स्तर में भारी सुधार हुआ है । इतना ही नहीं तो नौकरियों का ग्राफ भी साफ बता रहा है कि किसी अन्य राजनीतिक पार्टी के केंद्र की सत्ता में रहते हुए आज तक जो लाभ उन्हें पिछले कई सालों में कभी नहीं मिला था, वह लाभ मोदी की केंद्र में सत्ता आने के बाद से ही मुसलमानों को मिलना शुरू हो सका है ।

कहना होगा कि पिछले दस सालों में केंद्र में भाजपा के शासन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस्लामवादियों के लिए जमीन पर जन्नत उतारने का साकार काम किया है। बिना भेद भाव के अल्पसंख्यकों को भारत में आज अवसर की समानता उपलब्ध है। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी के साथ बढ़ रहा है। इस बार के जीएसटी कलेक्शन में 11.5 फीसदी का उछाल हुआ है। वहीं मासिक आधार पर 1.78 लाख करोड़ रुपये का ये आंकड़ा अब तक का दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है। पूरे वित्तीय वर्ष 23-24 में कुल 20.14 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन हुआ है। स्वभाविक है कि इस पूरी राशि का उपयोग भारत के विकास के लिए केंद्र की सरकार करेगी। पूरी दुनिया अकेले इस एक काम जीएसटी कलेक्शन से अचंभित है। भारत विदशों को हथियार बेच रहा है। बेहतर मानव संसाधन का उपयोग कर दुनिया के तमाम देशों को उद्योग लगाने के लिए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और इस तरह से विश्व में लगातार उसकी दावेदारी एक ओर यूएनओ में स्थायी सदस्यता की बनती जा रही है तो दूसरी ओर विश्व शक्ति के रूप में सभी के सामने अपने को वह प्रखरता से रख रहा है, जोकि कई विकसित देश सहन नहीं कर पा रहे हैं । ऐसे में अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोल रखा है। अब जरूरत सूचनाओं के इस महायुग में भारत के आमजन की विशेष है कि वे किसी भ्रम में नहीं आएं। हर खबर की गहराई में जाएं और समझें कि आखिर इसके पीछे सत्यता कितनी है।

## संपादकीय

### एनआईए जांच के फंदे में केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की गई है। उन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस से देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई की एवज में 1.6 करोड़ डॉलर बतौर चंदा लेने का आरोप है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने वीके सक्सेना ने विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आशु मोंगिया के साक्ष्य-आधारित आरोप के मद्देनजर एनआईए जांच की अनुशंसा की है। केजरीवाल पहले से ही आबकारी नीति मामले में जेल में हैं, जिसमें जमानत पर मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया। इसके एक दिन पहले जांच की सिफारिश की गई है। ताजा आरोप केजरीवाल के वर्तमान और भविष्य के लिए एक नये फंदे की तरह है। २पंजाब के खालिस्तान आंदोलन के दौरान भुल्लर का रक्तरंजित इतिहास रहा है। वह खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट से जुड़ा कुख्यात आतंकी है, जिसने दिल्ली की रायसीना रोड स्थित युवक कांग्रेस मुख्यालय के सामने 11 सितम्बर, 1993 को बम विस्फोट कर राजधानी को दहला दिया था। इसमें 11 लोग मौके पर ही मारे गए थे। जाहिर तौर पर यह मामला मौजूदा कानून के मुताबिक देशद्रोह की कोटि में आता है। ऐसे में चंदे का आरोप सिद्ध हो गया, जैसा कि उपराज्यपाल का मोंगिया के सुपुर्द किए साक्ष्यों के आधार पर दावा है, तो केजरीवाल राजनीतिक बियावान में जा सकते हैं। एक वीडियो में खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को यह कहते सुना-देखा गया है कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सरकार को 2014 से 2022 के दौरान खालिस्तान समर्थक समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की फंडिंग मिली थी। फिर भी आप को इसमें राजनीतिक षड्यंत्र लगता है। इसका मकसद आम चुनाव से केजरीवाल को दूर रखना है। उसे लगता है कि उपराज्यपाल भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें सांविधानिक एजेंट के रूप में काम करना चाहिए। इस पद की व्यवस्था केंद्र-राज्य सरकारों के बीच समन्वयक एवं संकटमोचक दायित्व-पूर्ति के लिए की गई है। आप ने यह खुलासा नहीं किया है कि उसके आरोप का आधार क्या है? पर ऐसे गंभीर आरोप किसी भी पार्टी या सरकार की मुखिया के विरु द्ध लगे तो उसकी जांच की सिफारिश उपराज्यपाल का संवैधानिक दायित्व है। इसे केवल चुनाव या जमानत पर सुनवाई की टाइमिंग या इस बिना पर भी स्थगित नहीं किया जा सकता कि ये आरोप किसी खास संगठन की तरफ से लगाए जा रहे हैं।

## चिंतन-मनन

### दौलत की चाह

संत जुनैद की एक झलक पाने और उनसे ज्ञान की बातें सुनने के लिए लोग बेकरार रहते थे। पर जुनैद दुनियावी चीजों से तटस्थ और निर्लिप्त रहते थे। वह खाने-पीने और अपने कपड़े से भी बेपरवाह रहते थे। वह हर समय घूमते रहते थे। जहां भी रात होती वह वहीं टिक जाते। एक बार वह एक बड़े शहर के बाहर रुके तो शहर के जाने-माने एक सेठ उनके दर्शन के लिए आ पहुंचे। वह अपने साथ ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं लेकर आए थे। उन्होंने उसकी थैली जुनैद के चरणों में रख दी और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। जुनैद ने थैली पर नजर डाली, फिर मुस्कराते हुए पूछा-क्या इसके अलावा भी आपके पास और दौलत है? सेठ जी ने प्रसन्न होकर सोचा कि जुनैद को और भी धन चाहिए। सेठ ने कहा-मेरे पास तो इससे कई गुना धन-संपत्ति और है। सेठ ने पूछा-क्या आप और दौलत पाने की ख्वाहिश रखते हैं? सेठ ने कहा- हां, हां क्यों नहीं, अब इतने से क्या होता है। थोड़ी और दौलत मिल जाए तो जिंदगी बेहतर हो जाएगी।

जुनैद ने कहा- तब तो ये दौलत भी आप ही रख लीजिए। इसकी असल जरूरत तो आपको ही है। आपको और धन-संपत्ति चाहिए। इतना आप मुझे ही दे देंगे तो आपका खजाना थोड़ा खाली हो जाएगा। जिसके पास सब कुछ हो लेकिन और पाने की चाह हो, उसके दान का भी कोई अर्थ नहीं है। यह सुनकर सेठ जी लज्जित हो गए। उन्होंने जुनैद से वादा किया कि वह अब और दौलत के पीछे नहीं भागेंगे.

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर



ललित गर्ग

भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पदार्पाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैं--ह्वबाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है ह्ल लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है। मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा। कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है?

मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मतलब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है।

# चुनाव : राष्ट्र प्रथम की भावना से लड़ें और जीतें



अखिलेश आर्येन्दु


चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों और आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन की याद आना लाजिमी है जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान और चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें देश को बेहतरी की तरफ ले जाने और दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो। एक नागरिक का कर्त्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए? इस पर चाणक्य का कहना है, कर्त्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं- भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए।

पांच साल के बाद जनता को अवसर मिलता है कि निवर्तमान सरकार के कायरे, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच खूब सोच-समझ कर अपना मत दे यानी ईवीएम का बटन दबाए। तमाम तरह के सर्वे समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। हम मतदाता अपने नागरिक कर्त्तव्यों को बेहतर सोच और परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं, वरना क्या वजह है कि दुनिया के तमाम देशों में जहां सरकार बनाने के लिए अस्सी-नब्बे प्रतिशत मतदान होता है वहीं भारत में पचास या साठ के आसपास। ताजा सर्वेक्षण तस्दीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के बनिस्बत महंगाई और बेरोजगारी को तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए अहमियत नहीं रखते यानी राष्ट्र प्रथम के ऊपर महंगाई और बेरोजगारी भारी पड़ रही है।

बेहतर शासन की कवायद की जगह आरक्षण और संविधान बचाने के सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा अपील कर रहे हैं। ऐसा है तो भारत जैसे राष्ट्रीय गौरव-गरिमा और सांस्कृतिक चेतना की पहचान रखने वाले देश के लिए चिंता की बात मानी जाएगी क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है, और न संविधान ही बदला जाएगा। यह एनडीए के घोषणापत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की मानें तो यह भी हो सकता है कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थ केंद्र और राज्य सरकार चुनते समय राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। लोग अपने जातिगत, मजहबगत और क्षेत्रगत भावनाओं से ऊपर निकलना न चाह रहे हों यानी व्यक्तिगत निहित स्वार्थ न पूरा हो पाने के कारण बहुत छोटे-मोटे मनमुटाव मतदान से दूर हों, या गर्मी की वजह भी लोगों को मतदान करने में रुकावट पैदा कर रही हो।


दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्वेग भारत में खास मौकों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम के कर्त्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है कि राष्ट्रभाषा, राष्ट्र सुरक्षा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रहित पर केंद्रित चुनाव हुए ही नहीं। देश-दुनिया में जैसी भारत की साख है, उस पर केंद्रित राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्र चेतना से ताल्लुक रखने वाले मुद्दे अब न नारों में सुनाई पड़ते हैं, और न दलों के चुनावी घोषणापत्रों में। हां, खुद को राष्ट्रवादी दल कहने वाले दलों के चुनावी घोषणापत्र में इस पर चर्चा जरूर शामिल है। व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हितसाधन और महज आत्म-केंद्रित क्षुद्र स्वाथरे की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक और सामाजिक हितसाधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र और सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा।


मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है। इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बड़ी तादाद भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है, और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं दिखाई नहीं दे रहा। आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक सीमित हो गया है। यही वजह है कि आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्जमाफी के जो वादे किए जा रहे हैं, वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नजर आ रहे हैं।



यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना होगा जो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्त्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

# एक बार न्यूजीलैंड भी घूम आइए...





**अगर** आप सर्दी और क्रिसमस के दौरान विदेश यात्रा का प्लान बना रहे हैं, तो एक बार न्यूजीलैंड भी घूम आइए...। सर्दी और क्रिसमस की छुट्टियां निकट हैं। छुट्टियों के दौरान अक्सर लोग पर्वतीय, बर्फीले या समुद्री इलाकों में घूमना पसंद करते हैं, तो कुछ परंपरागत लोगों को वाइल्ड लाइफ और कुदरती खूबसूरती से भरे क्षेत्रों में फुर्सत के पलों को बिताना अच्छा लगता है। ऐसे में अगर विदेश में घूमने की प्लानिंग है, तो न्यूजीलैंड परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यहां बर्फीली चोटियां, झरने, द्वीप, अंगूर के बगीचे, लाल लकड़ियों वाले घने जंगल और दूर तक फैली समुद्र तट सब कुछ हैं।

यहां के नजारे आपको किसी स्वप्न लोक का एहसास कराएंगे। आइए, यहां के कुछ खुशनुमा पर्यटन स्थलों से आपको रूबरू कराते हैं... रोटोरुआ न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप स्थित रोटोरुआ अपनी कुदरती खूबसूरती की वजह से एक रहस्यमयी धरती है और आठवें अजूबे के रूप में दुनियाभर में लोकप्रिय है। इस स्थल को वर्ल्ड हेरिटेज का दर्जा भी हासिल है। यहां जमीन के अंदर से हर समय निकलते गर्म पानी के बुलबुलों को काफी उत्सुकता से लोग देखते हैं।

जमीन के गर्म पानी में वार्मबाथ लेने के लिए सैलानियों में यह क्षेत्र खूब लोकप्रिय है। इस जगह के कई और भी आकर्षण हैं। अगर आप यहां आएं, तो फ्लोटप्लेन और जेट बोटिंग का आनंद जरूर उठाएं। कंक्रीट के बने रनवे की बजाय पानी के ऊपर से ही ये प्लेन उड़ान भरते हैं। फिर सैलानियों को रोटोरुआ की हवाई सैर कराते हैं। ऊपर से शहर का प्राकृतिक नजारा देखकर आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। एडवेंचर के शौकीनों को भी यहां करने के लिए बहुत कुछ है, इनमें माउंटेन बाइकिंग, स्काई डाइविंग सैलानियों को खूब पसंद आती है।

अनुपम हैं प्राकृतिक नजारें:-- नेपियर न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन से 320 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस शहर को माओरी भाषा में अहुरिरी कहा जाता है। यहां का हॉक्स बे इलाका पहाड़, समुद्रतट, बंदरगाह और हवाई अड्डे के कारण पर्यटन का मुख्य केंद्र है। लोग यहां दशकों पुरानी आर्ट डेको वास्तुकला को भी निहारने आते हैं। यहां का मियामी बीच काफी चर्चित है। खाने के शौकीन लोग अक्सर यहां खिंचे चले आते हैं, क्योंकि वाइन और फूड के लिए नेपियर काफी मशहूर है।

ऑकलैंड समुद्र तटों का आनंद उठाने के लिए ऑकलैंड बेहतरीन जगह है। यहां का सबसे बड़ा आकर्षण पानी के भीतर का सैर है। सैलानी इस यादगार लम्हे का लुत्फ उठाने से नहीं चूकते। चाहें तो यहां के नाइंटी माइल बीच पर गोताखोरी के साथ-साथ डॉलफिन मछलियों के साथ तैराकी का मजा भी ले सकते हैं। समुद्रतटों पर बने रिसॉर्ट में ठहरने का भी अपना एहसास है। यहां की रंगारंग पार्टियां, कसीनो, हॉट एयर बैलूनिंग, घुड़सवारी, बच्चों का एडवेंचर पार्क, क्लॉक म्यूजियम, काऊ वर्ल्ड पर्यटकों को खूब आकर्षित करते हैं। ऑकलैंड खरीदारी के लिए भी अच्छी जगह है। यहां कई फेमस रेस्टोरेंट और दुकानें हैं।

# प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए बेस्ट हैं राजस्थान की ये जगहें, जिंदगी भर नहीं भूलेंगे आप



हम सभी यादों को कैद करने के लिए तस्वीरें लेते हैं। वहीं शादी के पलों को खासकर अपनी यादों में संजोना चाहते हैं। जैसे शादी से पहले प्री-वेडिंग फोटोशूट, पोस्ट वेडिंग शूट, मैटरनिटी शूट करवाते हैं। जिससे कि इन तस्वीरों को हम जब भी देखें, तो इन खूबसूरत पलों को यादकर मुस्कुरा सकें। इस सब के बीच आजकल के कपल्स प्री वेडिंग फोटोशूट करवाना पसंद करते हैं।

ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप भी प्री वेडिंग शूट के लिए खूबसूरत जगहों की तलाश कर रहे हैं। तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान की कुछ बेहद खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। राजस्थान में आपको कई ऐसी लोकेशन मिलेंगी। जो आपको रॉयल फील देने का काम करेंगे। तो आइए जानते हैं उन जगहों के बारें में जहां पर आप प्री वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

**मंडावा-** अपनी खूबसूरत नक्काशी और कृतियों वाली हवेलियों के लिए जाना जाने वाला मंडावा रिच कल्चरल हेरिटेज डेस्टिनेशन है। ऐसे में आप यहां पर फोटोशूट करवा सकते हैं। शादी के सीजन में कई कपल्स यहां पर फोटोशूट करवाते हैं।

**बूंदी -** राजस्थान का बूंदी शहर अपने भव्य महलों के लिए पूरी दुनिया में फेमस हैं। यह हवेलियां और महल आपकी प्री-वेडिंग शूट को रॉयल लुक देने का काम करेगा। आप यहां पर तारागढ़ किला, रानी जी की बावड़ी आदि में अपना शूट करवा सकते हैं।

**शेखावाटी एरिया-** आपको बता दें कि शेखावाटी एक ओपन एयर आर्ट गैलरी है। यहां की हवेलियों में खूबसूरत पेंटिंग हो रखी है। प्री-वेडिंग शूट के लिए यह लोकेशन सबसे बेस्ट है। शेकावाटी एरिया का खूबसूरत लोकेशन आपके प्री-वेडिंग शूट में चार चांद लगाने का काम करेगा।

**रणकपुर-** रणकपुर 15वीं शताब्दी के जैन मंदिरों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। रणकपुर में कई ऐसी जगहे हैं, जहां पर आप प्री-वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

**भरतपुर-** राजस्थान का भरतपुर अपने नेचर और वाइल्डलाइफ के लिए जाना जाता है। ऐसे में अगर आप भी प्री-वेडिंग शूट में वाइल्डलाइफ और नेचर का टच देना चाहते हैं, तो यह जगह परफेक्ट है। इसके अलावा भरतपुर में आप लोहागढ़ किले में भी शूट करवा सकते हैं।

**खिमसर-** दरअसल, यह गांवनुमा एक रिज़ॉर्ट है। यह जगह खिमसर किले और थार डेजर्ट के लिए जानी जाती है। यह जगह अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। ऐसे में यहां पर प्री वेडिंग शूट करवाना एक यूनिक आइडिया हो सकता है।

**कुंभलगढ़-** कुम्भलगढ़ दुर्ग राजस्थान के राजसमन्द ज़िले में स्थित एक दुर्ग है। हांलाकि इस जगह को लोगों द्वारा काफी कम एक्सप्लोर किया गया है। ऐसे में यहां पर आपको प्राकृतिक सुंदरता और अनोखी हरियाली देखने को मिलेगी। वहीं प्री-वेडिंग शूट के लिए यह भी एक अच्छा ऑप्शन है।

**भैंसरोड़गढ़-** कई कपल्स प्री वेडिंग शूट के लिए थोड़ा यूनिक जगह की तलाश कर रहे हैं, तो भैंसरोड़गढ़ आपको निराश नहीं करेगा। भैंसरोड़गढ़ में नेचर और चंबल नदी का किनारा आपके शूट को खूबसूरत बनाने का काम करेगा।



# सफर के दौरान इन चीजों का सेवन हो सकता है हानिकारक

लंबी छुट्टियों के दौरान हर कोई पूरे परिवार के साथ कहीं न कहीं घूमने जाने का प्लान बनाता है। गर्मियों की छुट्टी हो या वेकेशन हिल स्टेशन जाने का अपना ही मजा होता है। कई लोग सफर के दौरान गाने सुनते हैं तो कोई किताब पढते हैं तो कोई आराम करते हैं। सफर के समय भूख लगना एक बहुत ही ज़ाहिर सी बात हैं। हम घर से काफी सारी चीजें लेकर जाते हैं सफर के लिए लेकिन सफर में हम और चीजें भी खरीद लेते हैं। जिससे कई लोगों को सफर के दौरान उल्टी, जी मचलने की, सर घूमने की शिकायत रहती है और ऐसा होने पर सफर का मजा फीका पड़ जाता है। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि सफर में कि चिजों का सेवन हानिकार साबित हो सकता है।

**तला हुआ खाना -** ध्यान रहे कि सफर में कभी भी आप तले हुए खाने का सेवन ना करें ऐसा करने से आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता हैं। ट्रेन से यात्रा के दौरान कई बार स्टेशन पर समोसे, कटलेट जैसी चीजें मिलती हैं। इन्हें देखकर मन ललचाने लगता है और हम भूख न लगने पर भी इनका सेवन कर लेते हैं। बाहर खुले में बिकने वाली इन चीजों को यात्रा के दौरान खाने की गलती न करें।

**नॉन वेज -** अगर आप सफर के दौरान नॉन वेज खाते हैं तो वह आपके पेट के लिए सहीं नहीं हैं क्योंकि नॉन वेज काफी हेवी होता हैं और उसे पचने मे काफी समय लगता हैं और सफर में हम सिर्फ बैठे रहते हैं और हम ज्यादा हिल डुल नहीं सकते हैं जिससे नॉन वेज पच नहीं पाता हैं। इसलिए ध्यान रहें कि आप सफर के समय में हल्की चीजों का सेवन करें।

**दूध अंडा -** दूध और अंडा भी काफी भारी होते हैं हमारे पेट के लिए और इन्हें पचने में काफी समय लगता हैं तो अगली बार जब भी आप सफर करें तो ध्यान रहें कि आप दूध और अंडे का सेवन ना करें ताकी आपकी सेहत को कोई नुकसान ना हों और आपका सफर अच्छे से बीते।

**केले के चिप्स -** सफर के दौरान आप सूखे केले के चीप्स खा सकते हैं। ये आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे। इसके अलावा एक मुट्ठी बादाम, भूने हुए चने, पिस्ता, सूखे कॉर्नफ्लेक्स और मूंगफली को हल्का सा सरसों के तेल या ऑलिव ऑयल में फ्राई करके पैक करके रख लें। इनके अलावा आप सेब और केले का सेवन भी कर सकते हैं।

# नवविवाहित जोड़ों के लिए ये हैं 5 सबसे रोमांटिक डेस्टिनेशंस

अपने पार्टनर के साथ कुछ पल अकेले गुजारना चाहते हैं तो ट्रैवलिंग से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। खासकर न्यूली वेड्स के लिए तो ऐसा करना बेहद यादगार हो सकता है। यहां है कुछ खास रोमांटिक डेस्टिनेशंस की लिस्ट, जहां आप अपने स्पाउस के साथ जाने की तैयारी कर सकते हैं।

**पॉन्डिचेरी-** 1499 में वास्को डी गामा ने इसे डिस्कवर किया था। पॉन्डिचेरी या पुडुचेरी दुनिया की सबसे ज्यादा रोमांटिक डेस्टिनेशंस में से एक है। यहां के फ्रेंच कोलोनियल बिल्डिंग्स और खूबसूरत चर्च देखने लायक हैं। होटल कोरामंडल हेरिटेज में आप एक आरामदायक स्टे कर सकते हैं। इसके अलावा प्रोमेनेड और ले रॉयल पार्क भी अच्छे होटल साबित होंगे। स्वाद का आनंद उठाना चाहते हैं तो कैफे जटासी, सत्संगा, बेकर स्ट्रीट बेस्ट हैं। पॉन्डिचेरी जाएं तो प्रोमेनेड बीच, पैरेडाइज बीच, ऑरोविल बीच, सेरेनिटी बीच बिलकुल भी मिस नहीं करें।

**वेनिस-** इटली का वेनिस भी दुनिया की बेहद रोमांटिक जगह में शामिल है। यहां के खूबसूरत कैनाल इस जगह के चार्म और मूड में चार चांद लगा देते हैं। ग्रिटी पैलेस, कार्निवल पैलेस और मोरेस्को जैसे होटल, वेनिस में रहने के लिए सबसे अच्छे माने जाते हैं। कैनाल में एक शानदार बोट-राइड न्यूली-वेड्स के लिए यादगार साबित होगी। ये गोंडोला राइड्स के नाम से मशहूर हैं। कैनाल के अलावा पियाजा सैन मार्को भी जरूर देखें। यहां के ला जुका, रिवेरिआ और अल मेरका जैसे रेस्ट्रॉन्ट्स भी बेहद पसंद आएंगे। कुलमिलाकर प्यार को सेलेब्रेट करने के लिए वेनिस से अच्छी जगह नहीं होगी।

**बोरा बोरा-** बोरा बोरा को परफेक्ट लवर्स पैरेडाइज भी कहा जा सकता है। ये न्यूलीवेड्स के लिए आदर्श हनीमून डेस्टिनेशन है। यहां का माहौल किसी सपने जैसा महसूस होता है। ऐसा लगता है मानो आप दूसरी ही दुनिया में आ गए हों। एक कोजी स्टे के लिए आप होटल ले मेरीडियन, होटल मैटेयी और ब्लू हेवन आइलैंड ट्राय करें। रेस्ट्रॉन्ट्स में ला विला महाना, द लकी हाउज और ते पहु में शानदार मील्स लिए जा सकते हैं। यहां का सनसेट आप अपने पार्टनर के साथ खूब एन्जॉय करेंगे।

**पैरिस-** खुद को एक परफेक्ट रोमांटिक फैंटेसी में देखना चाहते हैं तो पैरिस से अच्छा कुछ नहीं। यहां के होटल रेसिडेंस फो, एक्रोपोल और शांग्रीला में रोमांटिक और बेहद आरामदायक स्टे किया जा सकता है। इस सिटी में अपने पार्टनर का हाथ पकड़कर पैदल घूमने का अलग ही मजा है। नोट्रे डेम या आइकॉनिक एफिल टॉवर में पिक्चर्स क्लिक करवाएं। पैरिस का माहौल आपकी मैरिड लाइफ में काफी रस घोल सकता है।

**कॉट्सवोल्ड्स-** इंग्लैंड का कॉट्सवोल्ड्स हनीमून के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यहां आपको बहुत प्रिवेसी मिलेगी और साथ ही फिशिंग, स्विमिंग और बोटिंग एन्जॉय करने का वक्त भी मिलेगा। कॉट्सवोल्ड्स में ओल्ड स्टॉक इन, मेटाइम इन और बार्न्सले हाऊस में स्टे करें और यहां के अद्भुत व्यू का आनंद उठाएं। वारविक कासल, एवॉन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी जैसे लैंडमार्क्स बिलकुल मिस नहीं करें। सबसे अच्छा खाना खाने के लिए ल्युमिएर, ग्रेप एस्केप और डिनर एट सिक्स जाएं। इस जगह की हरियाली आपके अंदर के नेचर लवर को बाहर निकाल कर ले आएगी। यहां के पार्क में एक रोमांटिक पिकनिक करें। ये आपकी यादों में हमेशा बनी रहेगी।

# चुनाव देश में चल रहा है और समर्थन विदेश से मिल रहा

### –स्मृति ईरानी ने पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी के बयान पर किया पलटवार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में अमेठी से बीजेपी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन द्वारा एक्स पर किए पोस्ट में राहुल गांधी की तारीफ करने को लेकर हमला बोला है। ईरानी ने एक चुनावी रैली में कहा कि अमेठी में अब एके 203 राइफलों की फैक्ट्री है, जिसका इस्तेमाल सीमा पर पाकिस्तानी आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि फवाद चौधरी को पाकिस्तान की चिंता करनी चाहिए, न कि अमेठी की। केंद्रीय मंत्री ने रैली में कहा कि अभी तक मैं एक कांग्रेस नेता से लड़ रही थी, लेकिन अब एक पाकिस्तानी नेता ने कहा है कि स्मृति ईरानी को हराना चाहिए। चौधरी का जिक्र करते हुए ईरानी ने कहा कि आप पाकिस्तान को तो संभाल नहीं पा रहे है और अमेठी की चिंता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मेरी आवाज पाकिस्तान के नेता तक पहुंचती है तो मैं कहना चाहती हूं कि यह वही अमेठी है, जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने एके 203 राइफल की फैक्ट्री लगाई है, जिसका इस्तेमाल सीमा पर आतंकियों को मारने के लिए किया जा रहा है।

ईरानी ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने अभी तक पूर्व पाकिस्तानी मंत्री के पोस्ट की निंदा नहीं की है और पाकिस्तान के साथ उनके संबंधों पर सवाल उठाया है। ईरानी ने कहा कि मैं आपसे पूछना चाहती हूं राहुल गांधी जी, पाकिस्तान के साथ आपका क्या रिश्ता है? उन्होंने कहा कि देश में आम चुनाव चल रहे हैं और समर्थन मिल रहा है आपके विदेश में जिसका मोटे तौर पर मतलब है कि देश में चुनाव हो रहे हैं लेकिन आप विदेशी धरती से समर्थन हासिल कर रहे हैं।

बता दे कि 1 मई को, चौधरी फवाद हुसैन ने राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह बीजेपी और पीएम मोदी पर निशाना साधते दिख रहे थे। वीडियो में, राहुल गांधी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित लोगों को लेकर बीजेपी सरकार पर हमला करते हुए भी सुना जा सकता है। 4 मई को फिर चौधरी ने एक्स पोस्ट में राहुल गांधी की तारीफ की। इस बार उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर धन पुनर्वितरण सर्वेक्षण कराने के वादे पर। उन्होंने राहुल गांधी की तुलना भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू से की और कहा कि दोनों समाजवादी।

बता दें कि स्मृति ईरानी जहां अमेठी से दोबारा चुनाव लड़ रही हैं, वहीं राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी ने 3 मई को एक बयान में कहा, गांधी परिवार के करीबी सहयोगी किशोरी लाल शर्मा को अमेठी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है।

## हार्ट अटैक का ताल्लुक हो सकता है कोरोना वैक्सीन से, श्रेयस तलपड़े ने कोविड वैक्सीन पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े ने कोविड वैक्सीन पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके हार्ट अटैक का ताल्लुक कोरोना वैक्सीन से हो सकता है। शॉकिंग दावा करते हुए एक्टर श्रेयस तलपड़े ने कहा कि वो इस बात को नकार नहीं सकते कि कोरोना की वैक्सीन का उनके हार्ट अटैक से कोई ताल्लुक नहीं है। एक्टर आगे कहते हैं, 'मैं महीने में सिर्फ एक–दो बार ड्रिंक करता हूं। तंबाकू नहीं खाता और कोई नशा भी नहीं करता। हां, मेरा कोलेस्ट्रॉल लेवल थोड़ा हाई था, लेकिन मुझे बताया गया था कि आज के दौर में वो बिलकुल नॉर्मल है'।'गोलमाल' एक्टर श्रेयस तलपड़े आगे कहते हैं, 'मुझे बीपी या शुगर की कोई बीमारी नहीं है, तो फिर मुझे अचानक हार्ट अटैक आने की कोई तो वजह होगी?'। एक्टर ने आगे बताया कि इतना ध्यान रखने के बाद जब उन्हें हार्ट अटैक आया तो इसके पीछे और कोई वजह जरूर होगी और मैं इस थ्योरी को नकार नहीं सकता'। एक्टर ने कहा कि जब से कोरोना वैक्सीन पर सवाल उठ रहे हैं, उन्हें अंदेशा हो रहा है कि उनके हार्ट अटैक के पीछे की वजह वैक्सीन हो सकती है। इन सब कारणों को ध्यान में रखते हुए एक्टर ने वैक्सीन पर अधिक रिसर्च करने की इच्छा जताई है। वह कहते हैं, 'हमें नहीं मालूम कि वैक्सीन के नाम पर हमारे शरीर में क्या डाला गया है। हम सब ने तो वैक्सीन कंपनी पर भरोसा जताया था। जब तक मेरे पास कोई ठोस सबूत नहीं है कि वैक्सीन ने हमारे शरीर पर कैसा रिएक्ट किया तब तक कुछ भी कहना बेकार है, इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि वैक्सीन का मेरी बॉडी पर क्या असर हुआ'। बता दें कि पिछले साल बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े के लिए काफी मुश्किलों भरा रहा था। श्रेयस तलपड़े को पिछले साल हार्ट अटैक आया था जिसके बाद वह काफी समय तक हॉस्पिटल में भर्ती थे। एक्टर ने बताया था कि वो 'क्लिनिकली डेड' हो गए थे। हालांकि अब वह ठीक हो रहे हैं।



## आईएमडी ने कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की

नई दिल्ली। मई में गर्मी का प्रकोप देशभर में देखने को मिल रहा है। इस बीच आईएमडी ने कई राज्यों में हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की है। दिल्ली में 8 मई को न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो मौसम के सामान्य तापमान से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी ने बताया कि शहर में आज आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। सुबह साढ़े 8 बजे आर्द्रता का स्तर 62 प्रतिशत रहा और अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस हफ्ते दिल्ली में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं जिसके कारण तेज धूप से थोड़ी राहत मिल सकती है। ऐसे में दिल्ली वालों को गर्मी से बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आईएमडी ने राजस्थान और मध्य प्रदेश में 10 मई तक के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को राजस्थान के 9 शहरों में तापमान 43 डिग्री तक पहुंचा और ये ही हाल एमपी के 3 शहरों में रहा। राजस्थान का बाड़मेड़ और एमपी का दामोह मंगलवार को देश के सबसे गर्म शहर रहे। यहां का तापमान 45.2 और 44.8 रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 10 और 11 मई को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के कारण दोनों राज्यों में आंधी या बारिश आ सकती है। अगर ऐसा होता है तो दोनों राज्यों के लोगों को 12 मई तक लू से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब है कि इन तीनों राज्यों में लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। छत्तीसगढ़ में 8 मई और 9 मई को बारिश हो सकती है। वहीं झारखंड में 10 मई तक बूंदाबांदी होगी। बिहार के लिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। बिहार के कई जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। बता दें कि मंगलवार को बिहार में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई थी।

## केरल में वेस्ट नाइल बुखार के 5 से अधिक मामले, दक्षिणी केरल में अलर्ट जारी

नई दिल्ली। केरल में वेस्ट नाइल बुखार के 5 से अधिक मामले सामने आए हैं। जिसके बाद दक्षिणी केरल में अलर्ट जारी किया है। केरल सरकार ने मंगलवार को कहा कि वेक्टर जनित वायरल संक्रमण के मामले केरल के 3 जिलों में मिले हैं जिनमें त्रिशूर, मलप्पुरम और कोझिकोड हैं। राज्य में वेस्ट नाइल बुखार के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने एक बयान में कहा कि सभी जिलों को सतर्क रहने को कहा गया है। कोझिकोड में स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभी तक त्रिशूर और मलप्पुरम जिलों में मामलों की संख्या के बारे में विवरण नहीं दिया है। वहीं डर को दूर करते हुए मंत्री ने कहा कि चिंतित होने की कोई जरूरत नहीं है। जिसके बाद अधिकारियों को दक्षिणी केरल में अलर्ट जारी कर सभी से आग्रह किया कि अगर उनमें बुखार या वेस्ट नाइल बुखार के अन्य लक्षण दिखें तो इलाज कराएं। उन्होंने अधिकारियों को उनके प्रजनन स्थलों को नष्ट करके मच्छरों पर नियंत्रण के लिए उपाय करने का भी निर्देश दिया है। गौरतलब है कि वायरल बुखार क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों से फैलता है। वेस्ट नाइल वायरस मनुष्यों में घातक न्यूरोलॉजिकल रोग का कारण बन सकता है। संक्रमित अधिकांश लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। भारत में बुखार पहली बार 2011 में केरल में पाया गया था। संक्रमण ने 2019 और 2022 में केरल में 2 लोगों की जान ले ली। जबकि मलप्पुरम के एक 6 वर्षीय लड़के की 2019 में बुखार के कारण मृत्यु हो गई और एक 47 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मई 2022 में त्रिशूर जिले में बुखार से संक्रमित होने के बाद एक व्यक्ति की जान चली गई थी।

## एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के 300 कर्मचारी अचानक हुए बीमार... 86 फ्लाइट्स कैंसल

नई दिल्ली। एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस से उड़ान भरने वाले लोगों के लिए बुधवार की सुबह बेहद दिक्कत वाली साबित हुई। इन दोनों एयरलाइंस ने अपनी करीब 86 फ्लाइट्स कैंसल कर दी। कंपनी ने इस कदम के पीछे अब कई पायलट्स और क्रू मेंबर्स के 'मास सिक लीव' (सामूहिक रूप से बीमारी की छुट्टी) लेने को वजह बताया है। इसके बाद सवाल उठता है कि आखिर एयरलाइंस के इतने सारे कर्मचारियों ने अचानक से छुट्टी क्यों ले ली। रिपोर्ट के मुताबिक, एयरलाइंस के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सिक लीव ली है, यह संख्या तकरीबन 300 है। बताया जा रहा है कि नए अपॉइंटमेंट नियमों के बाद प्रोटेस्ट देखने को मिल रहा है, जिसके नतीजतन कल तकरीबन 300 केबिन क्रू ने सिक लीव ली है। सूत्रों के मुताबिक, एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस में विलय होने वाला है, इसके बाद दोनों एयरलाइंस के पायलट और केबिन क्रू को लग रहा है कि उनकी जॉब खतरे में है। इसकारण सभी लोग प्रोटेस्ट कर रहे हैं। बीती रात से यह प्रोटेस्ट बड़ा हो गया है, जिसके कारण 86 फ्लाइट कैंसल हुई हैं। इसमें मिडल ईस्ट और गल्फ देशों की सबसे ज्यादा फ्लाइट शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि सोमवार शाम से ही कई विमान कर्मियों ने बीमार होने की सूचना देनी शुरू कर दी और क्रू मंबर्स की कमी के कारण कोच्चि, कालीकट तथा बेंगलुरू सहित विभिन्न एयरपोर्ट्स पर कई उड़ानें रद्द करनी पड़ गई।

## लोकसभा चुनाव 2024 : हरदोई में भीमराव अम्बेडकर के लिए वोट मांगेगी मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती हरदोई में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। मायावती माधोगंज टाउन स्थित नरपति सिंह इंटर कॉलेज खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। बसपा यूपी में अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। उसने इस बार किसी भी दल से समझौता नहीं किया है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बहुजन समाज पार्टी ने हरदोई लोकसभा सीट से भीमराव अम्बेडकर को चुनावी मैदान में उतारा है।बता दें कि उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर बसपा अकेले ही चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती और उनके भतीजे आकाश आनंद ताबड़तोड़ रैलियां भी कर रहे हैं। बसपा ने यूपी की अधिकतर सीटों पर अपने प्रत्याशी भी मैदान में उतार दिए हैं। बसपा ने अपने पिछले चुनाव में जीते प्रत्याशियों में से किसी एक प्रत्याशी को भी टिकट नहीं दिया है।

## शोध ने किया अलर्ट : पटना सहित दस जिलों में बाढ़ से होगा सर्वाधिक नुकसान

पटना/नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-दिल्ली और आईआईटी-रुड़की के शोधकर्ताओं ने देश में बाढ़ को लेकर बड़ा शोध किया है। शोध के परिणाम काफी डराने वाले आए है। भारत में सबसे भीषण बाढ़ पटना में आती है, इसके बाद पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद और महाराष्ट्र का ठाणे है। सूचकांक में प्रभावित लोगों की संख्या, बाढ़ की व्यापकता और इसकी अवधि के आधार पर बाढ़ की ऐतिहासिक गंभीरता को ध्यान में रखा गया है। शोधकर्ताओं ने कहा जिन शीर्ष दस जिलों में बाढ़ की गंभीरता सबसे अधिक है उनमें पटना, मुर्शिदाबाद, ठाणे, उत्तर 24 परगना (पश्चिम बंगाल), गुंटूर (आंध्र प्रदेश), नागपुर (महाराष्ट्र), गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), बलिया (उत्तर प्रदेश), पूर्वी चंपारण (बिहार), और पूर्वी मेदिनीपुर (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं। आईआईटी-दिल्ली के सहायक प्रोफेसर मनबेंद्र सहारिया समेत अन्य शोधकर्ताओं ने कहा कि बाढ़ के सबसे अधिक खतरे का सामना करने वाले 30 जिलों में से 17 गंगा बेसिन में और तीन ब्रह्मपुत्र बेसिन में हैं। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय नदी घाटियों में, गंगा बेसिन में सबसे अधिक आबादी है, और यहां बाढ़ की उच्च आशंका चिंताजनक है। भारत में असम में सबसे अधिक बाढ़ आती है। राज्य ने पिछले 56 वर्षों में 800 से अधिक बाढ़ की घटनाओं का सामना किया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि भारत में जनसंख्या में वृद्धि के बावजूद बेहतर प्रबंधन के कारण हाल के दिनों में बाढ़ के कारण मानव मृत्यु दर लगभग स्थिर है या इसमें कमी आई है। आंकड़ों से पता चलता है कि 2015 से प्रति वर्ष मौतों की संख्या लगभग 1,000 है।

# क्या शरद पवार गुट का कांग्रेस में होगा विलय? पवार के बयान से मची खलबली



**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के एक दिन बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार के एक बयान ने एक अलग बहस शुरू कर दी है। शरद पवार ने राजनीतिक भविष्य को लेकर जो बड़ा बयान दिया है, उससे इस बात की प्रबल संभावना है कि आने वाले समय में राज्य के राजनीतिक गलियारे में बड़ा भूचाल आएगा. पवार के इस बयान से यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि राष्ट्रवादी शरद चंद्र पवार पार्टी का कांग्रेस में विलय हो सकता है.

दरअसल शरद पवार द्वारा एक अंग्रेजी अखबार को दिए गए इंटरव्यू के बाद राष्ट्रवादी शरद चंद्र पवार पार्टी और कांग्रेस के बीच विलय की बातें सामने आई हैं. इस इंटरव्यू में शरद पवार ने एक सांकेतिक बयान दिया है. शरद पवार ने कहा, भविष्य में कई क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस में विलय होगा। वैचारिक रूप से हम कांग्रेस के करीब हैं। कांग्रेस और हमारी पार्टी के बीच कोई वैचारिक मतभेद नहीं है। इस इंटरव्यू में पवार ने इस बात पर भी जोर दिया कि अब शरद पवार गुट का भविष्य में कांग्रेस में विलय होगा. उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस के करीब आएंगी या कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार करेंगी या कांग्रेस में विलय भी करेंगी. जब पवार से यह पूछा गया कि क्या यह नियम आपकी पार्टी एनसीपी शरद चंद्र पवार पर भी लागू होता है? तो वह सीधा जवाब देने से बचते रहे. लेकिन उन्होंने ये कहा कि हमारे और कांग्रेस पार्टी के बीच कोई वैचारिक मतभेद नहीं है. गांधी-नेहरू की विचारधारा ही हमारी भी विचारधारा हैं. शरद पवार ने कहा है कि जो भी फैसला लिया जाएगा, उस पर सहयोगियों से चर्चा की जाएगी. यानी उन्होंने न तो विलय की संभावना को खारिज किया और न ही कोई सीधा जवाब दिया.

**- क्या कहना है कांग्रेस का ?**

शरद पवार के बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे ने अपनी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है। 2004 में, कांग्रेस ने क्षेत्रीय दलों को एक साथ लाया और एक अच्छी सरकार दी। वह राजनीतिक और आर्थिक रूप से देश के लिए एक स्वर्णिम काल था। क्षेत्रीय दलों का कभी अपमान नहीं किया। कांग्रेस ने हमेशा क्षेत्रीय दलों को जगह दी है। यही कारण है कि उनका कांग्रेस पर भरोसा बढ़ रहा है. लोंढे ने कहा, पार्टियां कांग्रेस से बनी हैं और उन्होंने अपनी जगह बनाने की कोशिश की. लेकिन उनकी विचारधारा कांग्रेस जैसी ही लगती है, इसलिए छोटे दलों का कांग्रेस में विलय हो सकता है. लोंढे ने कहा, लोकतांत्रिक तरीके से काम करने वाले राहुल गांधी ने भी कई लोगों को प्रभावित किया है और वह हर किसी की बात सुनते हैं, हर किसी को अपनी जगह पाने का मौका देते हैं। यह एक बहुत बड़ा कारक है।

## कारों को पानी के बजाय 'ड्राई वॉश' किया जाए: धामी

### –गहराया जल संकट तो सरकार ने लगाया बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक वर्चुअल बैठक में सभी जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि गाड़ियों की वर्कशॉप में कारों को पानी के बजाय 'ड्राई वॉश' किया जाए। उल्लेखनीय है कि गर्मियों के दौरान पहाड़ी राज्य को अक्सर पीने के पानी की कमी जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है।

देहरादून समेत उत्तराखंड के छह शहर गंभीर जल संकट की स्थिति का सामना कर रहे हैं। एक बैठक में उत्तराखंड के सचिव अरविंद ह्यांकी ने धामी को बताया कि गंभीर कमी वाले 317 गांवों और 148 शहरी इलाकों की पहचान की गई है। पानी की कमी की सबसे ज्यादा शिकायतें देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ़, डीडीहाट, कोटद्वार और चंपावत से मिल रही हैं। उत्तराखंड के अन्य क्षेत्र जैसे नवादा, हरिपुर, माजरी माफ़ी, मोहकमपुर और बद्रीपुर में भी पानी की कमी की सूचना मिली है। निवासी कथित तौर पर पानी के टैंकरों पर निर्भर होकर संकट से जूझ रहे हैं। भाजपा नेता एनके गुसाईं ने इन क्षेत्रों में पानी की समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। उन्होंने उत्तराखंड जल निगम पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि 'माजरी माफी' की मधुबन कॉलोनी में चार साल पहले बिछाई गई कनेक्शन लाइन में आज तक पानी नहीं आया है। ग्लेशियरों से निकलने वाली नदियों के अलावा उत्तराखंड की अन्य नदियों में पानी का फ्लो काफी कम हो गया है।

राज्य सरकार ने ऐसी 10 नदियों की पहचान की है, जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्हें फिर से जिन्दा या पुनर्जीवित किया जा सकता है। बता दें कि देश के ज्यादातर राज्यों में गर्मियों की शुरुआत के साथ लोगों को पानी की कमी से दो-चार होना पड़ रहा है। गर्मियों में जैसे-जैसे उत्तराखंड में तापमान बढ़ता है, पहाड़ी राज्य में पानी की कमी गहराती जा रही है। बता दें कि यह जल संकट सर्दियों में कम वर्षा और बर्फबारी के कारण दोगुना हो गया है। इसे देखते हुए पुष्कर धामी सरकार ने पानी का ज्यादा जरूरत वाले जगहों पर इस्तेमाल करने के लिए कार वॉश पर बैन लगा दिया है।

## कन्हैया के सारथी होंगे सचिन, उत्तर पूर्वी दिल्ली पर होगी नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की हॉट सीट उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे है। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को कांग्रेस आलाकमान ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट का ऑब्जर्वर बनाया है। जबकि दिल्ली की एक और चर्चित चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने डॉ. सीपी जोशी को ऑब्जर्वर बनाया है।

कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। पायलट देश भर में पार्टी के लिए प्रचार कर रहे है। उत्तरी-पूर्वी दिल्ली सीट का पर्यवेक्षक बनाने से साफ है कि कन्हैया कुमार को जिताने की जिम्मेदारी पायलट के कंधों पर रहेगी। दिल्ली की सबसे चर्चित सीट है। यहां से बीजेपी की तरफ से मनोज तिवारी चुनाव लड़ रहे है। जबकि कांग्रेस ने जेएनयू के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैया कुमार को टिकट दिया है। इससे पहले कांग्रेस आलाकमान ने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को रायबरेली और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत को अमेठी का वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया था। उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को चुनावी मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला मनोज तिवारी से है, जबकि चांदनी चौक से कांग्रेस ने जेपी अग्रवाल को चुनावी मैदान में उतारा है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल से है। सचिन पायलट और सीपी जोशी इन दोनों सीटों पर चुनाव प्रबंधन और प्रचार अभियान का जिम्मा संभालेंगे। दिल्ली की दो चर्चित सीटों पर ऑब्जर्वर बनाए गए सचिन पायलट और डॉ. सीपी जोशी को पार्टी ने अहम जिम्मेदारी दी है। सचिन पायलट राजस्थान की कई लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार में सक्रिय रहे। इसके अलावा वे छत्तीसगढ़ के प्रभारी महासचिव भी हैं। उन्होंने देश के कई अन्य प्रदेशों में भी चुनावी रैलियां और रोड शो किए है।

## सेना के जवान ने ईवीएम को हैक करने मांगे ढाई करोड़

### – महाराष्ट्र के एक दिग्गज नेता से की डिमांड, पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा



**मुंबई (एजेंसी)।** चुनाव से पहले कई राजनीतिक दलों ने ईवीएम पर सवाल खड़े किए थे और यह मामला कोर्ट भी पहुंच गया था। देश में इस समय लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। इसी बीच एक मामला सामने आया है जिसमें एक सेना का जवान ईवीएम को हैक करने के लिए ढाई करोड़ रुपये की मांग कर रहा है। पुलिस ने उस सेना के जवान को गिरफ्तार कर लिया है।

महाराष्ट्र के संभाजीनगर में शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के एक नेता अंबादास दानवे से एक सेना के जवान ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम को हैक करने के लिए ढाई करोड़ रुपये की मांग की। अंबादास दानवे ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए सेना के जवान मारुति धाकने (42) को गिरफ्तार कर लिया है। सेना के जवान मारुति धाकने दावा कर रहा था कि वह एक चिप के जरिए ईवीएम को हैक कर देगा। उसका दावा था कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है।

पुलिस ने जब मारुति धाकने से पूछताछ की तो पता चला कि उसे ईवीएम के बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। धाकने ने पुलिस को बताया कि वह कर्ज में डूबा था। इसे चुकाने के लिए उसने अंबादास दानवे से ऐसा दावा किया ताकि उनसे कुछ रुपया करा सके। अंबादास दानवे महाराष्ट्र विधान परिषद में नेता विपक्ष हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने के लिए यह दावा किया था।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने बस स्टैंड के पास एक होटल में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की। ईवीएम को हैक को लेकर 1.5 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ। अंबादास दानवे द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर सादे कपड़ों में पुलिस के एक दल को भेजा गया और आरोपी को राजेंद्र दानवे से एक लाख रुपये लेते वक्त रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने बताया कि आरोपी पर कर्जा है। उसने अपना कर्ज उतारने के लिए यह चाल चली थी। वह ईवीएम के बारे में कुछ नहीं जानता। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और क्रांति चौक पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आरोपी मारुति धाकने के खिलाफ धारा 420 और 511 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में पाथर्डी का रहने वाला है और वह जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सेना में तैनात था।

# एमएसएमई के नए नियम के खिलाफ याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

### –याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने और हाईकोर्ट में अपील करने की दी अनुमति



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइज (एमएसएमई) के नए नियम के खिलाफ याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। दाखिल याचिका में आयकर एक्ट के तहत एक नियम को चुनौती दी गई थी, जिसमें नए नियम के तहत एमएसएमई में पंजीकृत व्यापारियों को 45 दिन के अंदर खरीदारों द्वारा रकम देना जरुरी है, वही विक्रेता भी 45 से अधिक दिनों के लिए उधार नहीं दे सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने और हाईकोर्ट में अपील करने की इजाजत दे दी है। इनकम टैक्स एक्ट की धारा 43बी(एच) का उद्देश्य एमएसएमई के बीच कर्ज बांटने की प्रथाओं को विनियमित करना, समय पर भुगतान करना और वर्किंग कैपिटल की कमी को दूर करना है। इसके तहत समय पर भुगतान न करने के कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। पैसा चुकाने में देरी आर्थिक रूप से भारी पड़ सकती है।

नियम के मुताबिक जुर्माने की रकम को भी तय किया गया है। समय-सीमा का पालन न करने पर, रिजर्व बैंक की तरफ से तय रेट से तीन गुना चक्रवृद्धि ब्याज के बराबर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा वे अपनी टैक्सेबल इनकम से एमएसएमई को किए गए भुगतान में कटौती करने की क्षमता को भी खो सकते हैं। कॉन्फ़डरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महाराष्ट्र के महामंत्री और अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने कहा कि यह प्रावधान तब लागू होता है जब बिजनेस माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइज डेवलपमेंट एक्ट, 2006 (एमएसएमई) विकास अधिनियम, 2006 ((एमएसएमई एक्ट) के तहत पंजीकृत व्यापारी से सामान खरीदता है या सेवाएं लेता है।

कुछ एमएसएमई ने चिंता जताई है कि इस प्रावधान से बड़े खरीदार छोटे और मध्यम सप्लायर्स को नजरअंदाज कर सकते हैं और इसके बजाय ऐसे एंटरप्राइज से खरीदारी कर सकते हैं जो रजिस्टर्ड नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एमएसएमई की ओर से याचिका दायर करने वाले फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल को याचिका वापस लेने और हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी। कैट की तरफ से कहा गया कि फरवरी में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी और क्लॉज के लागू करने को अप्रैल 2025 तक टालने का अनुरोध किया था।

वित्त मंत्रालय को एक ज्ञापन में, हमने सरकार के फैसले के लिए समर्थन व्यक्त किया, जिसमें व्यापारियों को 45 दिनों के भीतर एमएसएमई क्षेत्र को समय पर भुगतान करने के महत्व पर जोर दिया। हालाँकि नई धारा में स्पष्टता की कमी के चलते सरकार से इस खंड के लागू करने को तब तक निलंबित करने का आग्रह किया। या जब तक कि स्पष्टीकरण और सूचना का पूरे देश में प्रसार नहीं हो जाता। अब जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कोई राहत नहीं दी है व्यापारियों को इस कानून की पालन करते हुए अपना व्यापार करना चाहिए।

दूसरी तरफ व्यापारियों का संगठन फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (एफएआईवीएम) चेन्नई और पश्चिम बंगाल के संगठनों के साथ आयकर की धारा 43 बी (एच) के तहत पेश किए गए नए खंड के खिलाफ अगले सप्ताह मद्रास, कलकत्ता और गुजरात के उच्च न्यायालयों में जा सकता है। अधिनियम, व्यवसायों को कर का लाभ लेने के लिए अपने सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) विक्रेताओं को समय पर भुगतान करने के लिए 45 दिन में भुगतान का नियम प्रदान करता है।

# राहुल गांधी के बयान पर.....सीतारमण ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे''

## मनमोहन सरकार में पीएसयू को नुकसान उठाना पड़ा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मनमोहन सरकार के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पहले उपेक्षित रहे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जैसे उपक्रमों का मोदी सरकार के दौरान ''पुनरुत्थान'' हुआ। कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के परेशानी झेलने के आरोपों का खंडन करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'' जैसा है। वित्त मंत्री ने लिखा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) फल-फूल रहे हैं, तथा उन्हें बढ़ी हुई परिचालन स्वतंत्रता के साथ-साथ उनमें पेशेवर संस्कृति का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सरकार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जो पहले यूपीए सरकार के दौरान उपेक्षित थे, मोदी सरकार के दौरान फिर से खड़े हुए।


सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि पीएसयू को खत्म किया जा रहा है और वर्तमान सरकार के अधीन वे परेशान हैं, लेकिन वास्तव में यह ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'' जैसा है क्योंकि तथ्य कुछ और बयां करते हैं। वित्त मंत्री ने राहुल गांधी पर एचएएल पर ''दुर्भावनापूर्ण'' हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके दावों के विपरीत, एचएएल का बाजार मूल्यांकन चार वर्षों में 1,370 प्रतिशत बढ़ गया है, जो 2020 में 17,398 करोड़ रुपये से बढ़कर सात मई 2024 तक 2.5 लाख करोड़ रुपये था। एचएएल ने 31 मार्च 2024 को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 29,810 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व दर्ज करने की घोषणा की है। यह उसका अभी तक का सर्वाधिक राजस्व है। उसके पास 94,000 करोड़ रुपये से अधिक का मजबूत ऑर्डर बुक भी है।

# 2023 में विनिर्माण, निर्माण और खनन क्षेत्रों में निवेश को हुआ घटा

**मुंबई ।**

वित्त वर्ष 23 में विनिर्माण, निर्माण और खनन क्षेत्रों में निवेश घटा है। सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) में दिखाए जाने वाले निवेश में गिरावट का कारण निर्यात में प्राथमिक तौर पर गिरावट और कम निजी खपत है। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी, 2024 के उद्योग-वार विश्लेषण में दी।

इस समय वित्त वर्ष 2023 में सकल जीसीएफ स्थिर मूल्य पर 6.9 प्रतिशत बढ़कर 55.3 लाख करोड़ रुपए हो गया है। जीसीएफ अर्थव्यवस्था में निवेश का व्यापक माप है और यह अचल संपत्तियां, इंवेंटरी और कीमती सामानों समेत भौतिक परिसंपत्तियों के मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। दूसरी तरफ सकल तय पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) अर्थव्यवस्था में निवेश का संकुचित रूप से प्रतिनिधित्व करता है। इसका कारण यह है कि इसमें मूल्यवान इंवेंटरी या अधिग्रहण को शामिल नहीं किया जाता। जीएफसी विनिर्माण 5.4 प्रतिशत संकुचित होकर 9.4 लाख करोड़ रुपए हो गया। अर्थशास्त्रियों के अनुसार कम विनिर्माण वृद्धि का कारण क्षमता का कम उपयोग और कंपनियों के निवेश में कम पहल करना है। इसके अलावा निर्माण क्षेत्र पर सरकार के अधिक पूंजीगत व्यय किए जाने के कारण इस क्षेत्र में पूंजी निर्माण में गिरावट आई है। इस क्षेत्र में पूंजी निर्माण वित्त वर्ष 2023 में 2.9 प्रतिशत घटकर 4.02 लाख करोड़ रुपए हो गया जबकि यह 2022 में 4.14 लाख करोड़ था। इसमें गिरावट का प्रमुख कारण सस्ते आवास क्षेत्र में गिरावट आना है।



# रूसी तेल पर छूट घटी तो कंपनियों का सकल रिफाइनिंग मार्जिन कम हुआ

## -दो साल पहले तक भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल इराक से खरीदता था

**मास्को।**

रूस ने कच्चे तेल के दाम पर छूट कम कर दी है और इराक भारत पहुंचने वाले तेल में अपनी पैठ दोबारा बनाने कम कीमत पर कच्चा तेल दे रहा है। इस कारण देसी रिफाइनरियां इराक से ज्यादा तेल मंगा रही हैं। उद्योग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि रूस से कच्चे तेल का आयात महंगा होने के कारण वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही में तेल कंपनियों का सकल रिफाइनिंग मार्जिन कम हुआ है।

सीमा शुल्क के आंकड़ों के आधार पर गणना बताती है कि 2023-24 में रूस का तेल इराक के कच्चे तेल से करीब 3 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह 7 डॉलर प्रति बैरल सस्ता पड़ रहा था। दो साल पहले तक भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल इराक से ही खरीदता था मगर रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद लगे प्रतिबंधों के कारण रूस को अपना तेल चीन और भारत को बहुत कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा था। भारत ने मौके का पूरा फायदा उठाया और रूस से ज्यादा तादाद में तेल खरीदा। इस कारण रूस पिछले वित्त वर्ष में भारत को सबसे ज्यादा तेल बेचने वाला देश बन गया। वित्त वर्ष 2024 में रूस से औसतन 76.4 डॉलर प्रति बैरल पर कच्चे तेल का आयात किया, जबकि इराक से तेल आयात की लागत 79 डॉलर प्रति बैरल थी। वित्त वर्ष 2023 में इराक के तेल का औसत भाव 90.6 डॉलर प्रति बैरल था जबकि रूस से तेल 83.2 डॉलर प्रति बैरल पड़ा था। पिछले वित्त वर्ष में वेनेजुएला के कच्चे तेल का भाव सबसे कम 64 डॉलर प्रति बैरल था। मगर गुणवत्ता खराब होने, भारी होने और गंधक ज्यादा होने के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के जामनगर संयंत्र जैसी उन्नत रिफाइनरियों में ही प्रोसेस किया जा सकता है।

इराक से कच्चे तेल के दाम 2024 में घट गए। मार्च में इराकी बेंचमार्क बसरा ऑयल रूस के कच्चे तेल से 2 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था। सीमाशुल्क विभाग के आंकड़े बताते हैं कि मार्च में इराकी तेल की औसत कीमत 78.6 डॉलर प्रति बैरल और रूसी तेल की कीमत 80.6 डॉलर प्रति बैरल थी। मुंबई के एक रिफाइनर ने कहा कि भारतीय रिफाइनरियां हेवी ग्रेड वाला बसरा क्रूड खरीद रही हैं, जिस पर छूट मिल रही है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में रूसी तेल पर छूट आधी रह जाने से उसके और इराक के तेल के भाव का अंतर भी कम हो गया। रूस के तेल पर भारत को मिलने वाली छूट वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में करीब 77 फीसदी घट गई।

सार्वजनिक क्षेत्र की एक रिफाइनरी के एक अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2023 में प्रति बैरल 10.5 डॉलर की छूट मिल रही थी जो पिछले वित्त वर्ष में घटकर 5.8 डॉलर प्रति बैरल रह गई। उद्योग के एक अधिकारी ने कहा कि रूस पर नए अमेरिकी प्रतिबंधों का रूस के करीब 10 फीसदी जहाजों पर असर पड़ा है। मुंबई की एक रिफाइनरी के अधिकारी ने कहा कि भारतीय रिफाइनरियों के करार के मुताबिक रूस को खरीदा तेल यहां तक पहुंचाना पड़ता है और माल भाड़े या बीमा में कोई भी इजाफा छूट में से काट दिया जाता है। रुस से कच्चे तेल पर मिल रही छूट कम ही रही और भाव 85 डॉलर प्रति बैरल रहा तो वित्त वर्ष 2025 में देश का शुद्ध तेल आयात बिल बढ़कर 101 अरब से 104 अरब डॉलर तक हो सकता है, जो वित्त वर्ष 2024 में 96.1 अरब डॉलर ही था।' उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है।



# सोने और चांदी की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली ।**

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। दोनों के वायदा भाव आज बढ़त के साथ खुले। आज सुबह सोने के वायदा भाव 71,200 रुपये के करीब जबकि चांदी के वायदा भाव 82,950 रुपये के करीब रहे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों में कमी आई। इस दौरान मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध 15 रुपये की तेजी के साथ 71,163 रुपये के भाव पर खुला। वहीं एक समय यह अनुबंध 26 रुपये की तेजी के साथ ही 71,174 रुपये के भाव पर बना हुआ था। इसके बाद ये 71,189 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 71,163 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव पिछले माह 73,958 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे। इसके अलावा चांदी के वायदा भाव की आज सपाट शुरूआत हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज 82,878 रुपये पर खुला। एक समय यह अनुबंध 72 रुपये की तेजी के साथ ही 82,950 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय ये 82,989 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 82,870 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा। गत माह चांदी का वायदा भाव 86,126 रुपये किलो के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज कमजोर रही। कामेक्स पर सोना 2,323 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका गत दिवस बंद भाव 2,324.20 डॉलर था। वहीं इसी प्रकार चांदी के वायदा भाव 27.47 डॉलर के भाव पर खुले। इसका पिछला बंद भाव 27.54 डॉलर था।



## कावासाकी ला रही केएलएक्स 230 एस डयूअल स्पोर्ट बाइक

**नई दिल्ली ।** बेहतरीन बाइक बनाने वाली कंपनी कावासाकी बहुत जल्द अपनी केएलएक्स 230 एस डयूअल स्पोर्ट बाइक लेकर आ रही है। कंपनी इस बाइक का स्थानीयकरण करेगी और इसे भारतीय परिवहन नियमों के अनुसार तैयार कर बेचेगी। हाल ही में ये बाइक टेस्टिंग के दौरान स्पॉट भी की गई है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कावासाकी केएलके 230 एस डयूअल स्पोर्टस बाइक इस साल के अंत तक या 2025 की शुरुआत में लॉन्च किया जा सकता है और कीमत 4 लाख रुपये एक्स-शोरूम के आस-पास होगी। यह बाइक हीरो एक्सपल्स 200 4 वी को टक्कर देगी।अपकमिंग कावासाकी बाइक में 233सीसी, एयर-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया जा सकता है, जो 19बीएचपी की पावर और 20.6 एनएम का टॉर्क पैदा करेगा। वहीं ब्रेकिंग के लिए एबीएस के साथ आगे-पीछे डिस्क ब्रेक और 21-18 इंच के स्पोक व्हील मिलेंगे। यह 131 किलोग्राम वजन के साथ कॉम्पैक्ट और हल्की होगी।



## फॉक्सवैगन ने किया समर कार केयर कैंप का ऐलान

**मुंबई ।** फॉक्सवैगन ने भारत में समर कार केयर कैंप का ऐलान किया है, जो मुई महीने कंपनी के 142 सर्विस सेंटर पर आयोजित किया जाएगा। कैंप के तहत ग्राहक प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा किए गए कॉम्प्लिमेंटरी 40-पॉइंट वाहन चेकिंग का लाभ उठा सकते हैं। गर्मी के मौसम में ड्राइविंग के दौरान गाड़ियों में आने वाली समस्याओं का पता लगाया जा सकेगा। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर नई क्विक सीजनल कार केयर गाइडलाइन भी जारी की है। कंपनी वैल्यू ऐडड सर्विसेज के तौर पर समर कार केयर कैंप में आकर्षक फायदे भी दे रही है, जिससे स्वामित्व अधिक किफायती और सुविधाजनक हो गया है। कंपनी ने विस्तारित वारंटी पैकेज की कीमतों में भी बदलाव किया है, जो 1 मई से लागू हैं। इसके अलावा कई आकर्षक सर्विस और कार देखभाल पैकेजों के साथ सर्विस कैम, असिस्टेंस के माध्यम से डोरस्टेप सर्विस और मोबाइल सर्विस यूनिट जैसी सुविधाओं की पेशकश करती है।

## महिंद्रा एक्सयूवी 400 के नए वेरिएंट लांच करेगी कंपनी

**मुंबई ।** महिंद्रा एक्सयूवी 400 को जल्द ही नए वेरिएंट में लांच कर सकती है। सूत्रों के अनुसार इस आठ वेरिएंट्स में पेश किया जाएगा। वर्तमान में बड़े बैटरी पैक के साथ ईसी प्रो, ईएल प्रो में पेश किया गया है। इसके अलावा कंपनी एक्सयूवी 3 एक्सओके लिए एक नया ईवी पावरट्रेन पेश करने वाली है। महिंद्रा एक्सयूवी 400 वर्तमान में 15.49 लाख रुपये से 17.49 लाख रुपये की कीमत पर अवेलेबल है। इसके विपरीत, महिंद्रा ने कहा था कि 31 मई, 2024 के बाद एक्सयूवी 400 की कीमत में मामूली बढ़ोतरी होगी।

## मारुति सुजुकी इस हफ्ते न्यू जेनरेशन मॉडल की नई स्विफ्ट करेगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी अपनी टॉप सेलिंग हैचबैक स्विफ्ट के न्यू जेनरेशन मॉडल को लॉन्च करने जा रही है। लॉन्च से पहले 2024 मॉडल स्विफ्ट की जानकारियां सामने आ गई हैं। यह हैचबैक अपनी फोर्थ जेनरेशन अवतार में काफी खास लुक-डिजाइन और फीचर्स के साथ आ रही है। इसके साथ ही इंजन-पावर और माइलेज में भी नई स्विफ्ट अपने पुराने मॉडल के मुकाबले अलग ही है। 2024 मारुति सुजुकी स्विफ्ट एलएक्सआई, वीएक्सआई, वीएक्सआई (ओ), जेडएक्सआई और जेडएक्सआई+ जैसे 5 ट्रिम लेवल के 10 से ज्यादा वेरिएंट में लॉन्च हो सकते हैं, जिनमें सीएनजी भी लगे होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नई स्विफ्ट में नोवेल ऑरेंज और लस्टर ब्लू जैसे कलर मिलेंगे। बाद में इसमें मौजूदा मॉडल वाले सिंगल टोन और डुअल टोन कलर ऑप्शन तो होंगे। नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट का लुक और डिजाइन काफी जबरदस्त होगा। इस हैचबैक के न्यू जेनरेशन मॉडल में नई फ्रंट हेडलाइट, नए डीआरएल और फॉगलैंप, रीडिजाइन्ड बंपर, बेहतर डिजाइन वाली अलॉय व्हील, रियर में नया टेललैंप समेत बाहरी खूबियां भी दिखने लायक होंगी। कंपनी नई स्विफ्ट को स्पोर्टी लुक और डिजाइन के साथ पेश करेगी। बीते 19 साल से भारतीय बाजार में जलवा बिखेरने वाली स्विफ्ट अब नए अवतार में बदली-बदली नजर आएगी। न्यू जेनरेशन मारुति सुजुकी के एक्सटीरियर की तरह ही इंटीरियर में बदलाव किया है। वैसे इंटीरियर और फीचर्स के बारे में पुख्ता डिटेल तो 9 मई को पता चल सकेगी, लेकिन खबर हैं कि 2024 स्विफ्ट का इंटीरियर कंपनी की क्रॉसओवर फ्रॉन्क्स से इंस्पायर्ड होगा। बेहतरीन इंटीरियर से लैस इस हैचबैक के फीचर्स भी कमाल के होंगे। इसमें 9 इंच का स्मार्ट प्ले प्रो प्लस टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, वायरलेस चार्जर, रियर में भी एसी वेंट, सुजुकी की कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी, कई तरह के यूएसबी चार्जिंग पोर्ट्स जैसे स्टैंडर्ड फीचर्स के साथ 6 एयरबैग समेत काफी सारे सेफ्टी फीचर्स इसमें शामिल किए गए हैं। नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट में ऑल न्यू 1.0 लीटर 3 सिलिंडर जी-सीरीज पेट्रोल इंजन लगा है, जो कि माइल्ड हाइब्रिड टेक्नॉलजी से लैस होगा और यह करंट मॉडल में मौजूद 4 सिलिंडर के-सीरीज इंजन को रिप्लेस करेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई स्विफ्ट का नया इंजन 81.6 पीएस की मैक्सिमम पावर और 112 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा।

## आरईसी 6 हजार करोड़ जुटाने करेगा दो अलग-अलग बॉन्ड जारी

**मुंबई।**

रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरईसी) परिपक्वता अवधि वाले दो बॉन्डों के माध्यम से 6 हजार करोड़ रुपए तक जुटाने की योजना बना रही है। पहले बॉन्ड में कंपनी की योजना 3,500 करोड़ रुपए जुटाना है, जिसमें 2,500 करोड़ रुपए तक के अतिरिक्त आवेदन को मंजूर करने विकल्प शामिल है और यह दस साल 17 दिन बाद 31 मई 2034 को परिपक्व होगा। उसकी योजना 6.90 फीसदी वाले 31 मार्च, 2031 के बॉन्ड को दोबारा जारी कर अतिरिक्त 3,500 करोड़ रुपए जुटाने की है। कंपनी ने इसके लिए आगामी शुक्रवार को बोलियां आमंत्रित की हैं। एनसीडी को इक्रा व क्रिसिल ने स्थिर परिदृश्य के साथ सबसे ऊंची क्रेडिट रेटिंग एएए दी गई है। कंपनी ने भुगतान करने की तारीख 14 मई तय की है जब निवेशकों को बॉन्ड के बदले इश्यू करने वाले को पैसा देना होगा। गोपीनाथन, अभिलाषा एनएसई के निदेशक नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने टीसीएस के पूर्व एमडी व सीईओ राजेश गोपीनाथन और न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी को अपने निदेशक मंडल में जनहित निदेशक (पीआईडी) के तौर पर शामिल किया है। अभिलाषा कुमारी मणिपुर हाईकोर्ट की अवकाशप्राप्त चीफ जस्टिस हैं। दोनों नियुक्तियां तीन साल के लिए की है। बाजार नियामक ने अप्रैल के आखिर में इन नियुक्तियों को मंजूरी दी थी। इन नियुक्तियों के बाद एक्सचेंज के बोर्ड में छह सदस्य हो गए हैं, जिनमें चार पीआईडी और एक गैर-स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं।

# शेयर बाजार में मिलाजुला कारोबार


## सेंसेक्स में गिरावट , निफ्टी सपाट बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को मिश्रित कारोबार हुआ। बीएसई सेंसेक्स में हल्की गिरावट रही। वहीं एनएसई निफ्टी में सपाट कारोबार हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बीच ही निवेशकों ने भी सावधानी बरती। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 45.46 अंक करीब 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 73,466.39 अंक पर बंद हुआ। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (के निफ्टी में कोई भी बदलाव नहीं आया। निफ्टी दिन के अंत में 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया था। निवेशकों ने विभिन्न सेक्टरों में शेयर बेचे। बीएसई सेंसेक्स इंट्राडे में 611 अंक ऊपर आने के बाद 45 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों ने अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि वे क्रमशः 0.78 फीसदी और 0.5 फीसदी ऊपर आये।

शेयरों का मूल्यांकन ऊंचा होने को लेकर चिंता के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से भी बाजार टूटा था। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। आज सुबह तीस शेयरों पर अधारित बीएसई सेंसेक्स 0.47 फीसदी करीब 347 अंक नीचे आकर 73,164.16 पर खुला। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 0.47 अंक तकरीबन 104 अंक नीचे आकर 22,198.10 के स्तर पर खुला। कारोबार के दौरान बीएसई पर मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। इसी प्रकार एनएसई में मारुति सुजुकी, कोल इंडिया के शेयर लाभ में रहे जबकि डॉ. रेड्डी, ग्रासिम के शेयर सबसे अधिक गिरे।

वहीं व्यापक बाजारों में निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप 0.33 फीसदी और 0.21 फीसदी नीचे आये। आज निफ्टी रियल्टी में सबसे ज्यादा 1.38 फीसदी की गिरावट रही। इसके बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.19 फीसदी की गिरावट और फार्मा में 0.69 फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावा पीएसयू बैंक के शेयर 0.84 फीसदी ऊपर आये। आज सुबह गिफ्ट निफ्टी 22,400 के नीचे आया। इसके अलावा एशिया-प्रशांत शेयर बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। जापान के निक्केई 225 में 1 फीसदी की गिरावट रही जबकि व्यापक इंडेक्स 0.88 फीसदी तक गिरा। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में हल्की गिरावट दर्ज की गई जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.08 फीसदी बढ़ा। दूसरी ओर वॉल स्ट्रीट पर अमेरिकी शेयरों में मिला-जुला कारोबार दर्ज किया गया। इसमें डॉव जोन्स और एसएंडपी 500 में 0.08 फीसदी और 0.13 फीसदी की हल्की बढ़त आई। इसके अलावा नैस्डैक 0.10 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ।



# 50 वर्षों में सबसे कम बचत वर्ष 2023- 24 में

## 10 साल में 336 फ़ीसदी बढा कर्ज

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय की डाटा रिपोर्ट सामने आई है। जिससे जानकारी मिलती है,पिछले 50 साल में सबसे कम बचत वर्ष 2023-24 में हुई है। पिछले 50 वर्षों के बचत का रिकॉर्ड टूट गया है। वर्ष 2023-24 में बचत 5.3 फ़ीसदी रह गई है। जबकि पिछले 50 वर्षों में 7 से 8 फ़ीसदी के बीच में न्यूनतम बचत रहती थी।

**बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है कर्ज**

देश में बैंकों से लिया गया, घरेलू कर्ज भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है। पिछले साल की तुलना में यह 54 फ़ीसदी बढ़ गया है। क्रेडिट कार्ड और होम लोन के माध्यम से सबसे ज्यादा कर्ज लिया गया है। पिछले 10 साल में कर्ज 336 फ़ीसदी बढा है। 2014-15 में 2.58 लाख करोड़ का कर्ज था। जो 2022-23 में बढ़कर 11.88 लाख करोड़ हो गया है। गैर बैंकिंग कर्ज पिछले दो वर्षों में तीन गुना ज्यादा बढ़ गया है। काम बचत और ज्यादा कर्ज से बैंकों को नगदी का संकट झेलना पड़ रहा है। घरेलू कर्ज एनबीएफसी और अन्य वित्तीय संस्थानों से महंगी ब्याज दर पर लिया गया है। 2022-23 में यह एक लाख करोड रुपए से अधिक का हो गया है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रांडेड सामान की बिक्री बढी,शहरों में घटी**

पिछले 15 महीनो में ग्रामीण अंचलों और शहरी अंचलों की मांग में भी भारी परिवर्तन देखने को मिला है। पैकेट में बिकने वाले ब्रांडेड गुड्स की मांग शहरों में घटी है। गांवों में बड़ी तेजी के साथ मांग बढी है। शहरी क्षेत्र में 5.5 फ़ीसदी की मांग घट गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 7.6 फ़ीसदी की दर से मांग बढ़ी है। जिसके कारण एफएमसीजी कंपनियां ग्रामीण क्षेत्र की ओर विशेष ध्यान दे रही हैं। ग्रामीण अंचलों से साबुन, तेल, पर्सनल केयर और खाने-पीने की वस्तुओं की मांग बढ़ी है। शहरों में मांग घटने और ग्रामीण क्षेत्रों में मांग का बढ़ना यह प्रमाणित करता है, शहरी क्षेत्र की तुलना में अब ग्रामीण अंचलों में खर्च करने के लिए पैसा है। जिसके कारण भौतिक आवश्यकताओं की मांग ग्रामीण अंचलों में बढ़ रही है।



## मई में खरीद ले हुंडई ये गाड़ियां मिल रहा बंपर डिस्काउंट

**मुंबई ।** हुंडई अपनी गाड़ियों पर बंपर डिस्काउंट दे रही है। डिस्काउंट का फायदा नकद छूट, एक्सचेंज बोनस और कॉर्पोरेट छूट के रुप में उठाया जा सकता है। ये डिस्काउंट वेरान,क्रेटा, और टायसून के अलाव आई 20, ग्रैंड आई10 नियोस और वेन्यू और एक्सटर कॉम्पैक्ट एसयूवी पर दिया जा रहा है। हुंडई वेन्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी पर 35,000 रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसमें 25,000 रुपये तक की नकद छूट और अधिकतम 10,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस शामिल है। ग्रैंड आई10 नियोस पर कुल 48,000 रुपये तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। पिछले महीने की तुलना में 5,000 रुपये की वृद्धि है, और इसमें 3,000 रुपये की कॉर्पोरेट डिस्काउंट भी शामिल किया गया है। आई 20 पर लगभग 25,000 रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा हैं। मध्य, उत्तर और पश्चिम भारत में 45,000 रुपये की छूट मिलेगी, जबकि पूर्व और दक्षिण भारत में 35,000 रुपये तक की छूट मिलेगी।



# पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी

**मोहाली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल में गुरुवार को अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से मुकाबला करेगी। पंजाब की टीम इस मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी हालांकि उसके लिए ये आसान नहीं रहेगा। इस कारण है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने शुरुआती असफलता के बाद लय हासिल करते हुए लगातार मैचों में जीत दर्ज की है। इससे टीम का उत्साह भी बढ़ा है। ऐसे में आरसीबी की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। उसने पिछले तीन मैचों जीत दर्ज की है जिससे उसका हौंसला बढ़ा है। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के साथ ही कप्तान फाफ डु प्लेसिस भी अच्छे फार्म में आ गये हैं जिससे टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही है। टीम की गेंदबाजी भी अब लय में आ रही है।

आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की हल्की सी उम्मीदें बन जाएंगी। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है।

विराट शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि डुप्लेसी ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं विल जैक्स ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के दौरान शतक लगाया कैमरन ग्रीन ने सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टीम के गेंदबाज भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

उसके तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अंतत~लय में लौट आए हैं। इसके अलावा यश दयाल और विजयकुमार विशाक ने भी टाइटंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं पंजाब किंग्स को पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह इस मैच में उतरते समय दबाव में रहेगी। आत्मविश्वास कम होगा।

पंजाब किंग्स ने गेंदबाजों ने जहां सुपरकिंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया।




वहीं उसक बल्लेबाज विफल रहे। पंजाब किंग्स के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स और सुपरकिंग्स को उन्हीं के मैदान पर हराकर और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया पर वह घरेलू मैदान पर नाकाम रही है। उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता। अब टीम किस भी प्रकार ये मैच जीतन चाहेगी। टीम की बल्लेबाजी जॉनी बेयरस्टो , लियाम लिविंगस्टोन के अलावा निचले क्रम के बल्लेबाजों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा पर आधारित रहेगी। शशांक और आशुतोष ने इस सत्र में काफी प्रभावित किया है। उसकी गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल और स्पिनर राहुल चाहर संभालेंगे।

### टीम

**पंजाब किंग्स-** सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर-** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली,हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# धोनी के निचले क्रम पर उतरने का कारण सामने आया



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी के बल्लेबाजी के दौरान निचले क्रम पर आने की कई लोगों ने आलोचना की है पर अब उनके ऐसा करने का कारण सामने आया है। धोनी पैर की मांसपेशियों में दर्द से परेशान है और उन्हें दर्द निवारक दवाओं को लेकर उतरना पड़ा रहा है। इसके बाद भी उनके खेलने का कारण ये है कि बैकअप विकेटकीपर डेवोन कॉनवे चोटिल है। कॉनवे के अलावा भी टीम के कई और खिलाड़ी भी चोटिल होने के कारण बाहर हैं। ऐसे में धोनी के सामने खेलने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। मांसपेशियों में दर्द के कारण उनकी दौड़ने की क्षमता भी कम हुई है। इसी कारण वह निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरे रहे हैं। उनका प्रयास बड़े शॉट लगाना है जिससे कम से कम दौड़ना पड़े। इसी लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में भी नौवें नंबर पर उतरे थे। धोनी की जगह तब मैदान पर शार्दुल ठाकुर मैदान पर उतरे। धोनी के इस फैसले के बाद कई पूर्व क्रिकेटरों ने उनकी आलोचना की थी।

वहीं सीएसके प्रबंधन के अनुसार उन्हें आराम की सलाह दी गयी है पर टीम हित में वह खेल रहे हैं। ऐसे में उनकी आलोचना करने वालों को ये बात समझनी चाहिये। इसी कारण वह बल्लेबाजी के दौरान विकेट के बीच दौड़ने से ज्यादा अपनी पावर हीटिंग स्किल्स को आजमा रहे हैं। चोटिल होने के कारण ही वह अभ्यास सत्र में भी नहीं दौड़ रहे। टीम में उनके रहने से नये कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को भी मार्गदर्शन मिल रहा है। ऐसे में उन्हे जबरदस्ती आराम भी नहीं दिया जा सकता।

# बुमराह को अभी आराम देने का इरादा नहीं : पोलार्ड




**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस की टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शुरुआत से ही खेल रहे है। वहीं जिस प्रकार टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। ऐसे में बुमराह को आराम दिये जाने की उम्मीदें जतायी जा रही थी पर टीम के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि अभी बुमराह को आराम नहीं दिया जाएगा। वहीं अगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम की अटकलें लगायी जा रहीं थीं। उसी को लेकर पोलार्ड ने कहा, 'हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है पर देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है।

पोलार्ड ने कहा कि मेरा बल्लेबाजी कोच होने के कारण सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, 'वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद पर शॉट लगाना चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली पर नियंत्रण करना है हालांकि बहुत ज्यादा अंकुश की भ जरुरत नहीं है क्योंकि आजकल क्रिकेट में काफी इतने रन बन रहे हैं।

वहीं सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'वह अद्भुत क्रिकेटर है और विश्व कप में भी वह इसी प्रकार धमाकेदार प्रदर्शन करेगा। उसे गेंदबाजी करना काफी कठिन है क्योंकि उसके जैसा बल्लेबाज मिलना कठिन है।

# बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगी भारतीय महिला टीम, हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में जीते चार मैच

**मुम्बई(एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब सिलहट में पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य मौसम से प्रभावित सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करना होगा। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि अभी तक जो चार मैच खेले गए हैं उनमें से दो मैचों में बारिश के कारण ओवरों की संख्या कम कर दी गई थी। दूसरे मैच में भारतीय टीम को 5.2 ओवर में केवल 29 रन का लक्ष्य हासिल करना था। इस तरह से बल्लेबाजों को अभी तक कम मौका मिला है।

वहीं भारत की तरफ से अभी तक केवल एक अर्धशतक शेफाली वर्मा (51) ने पहले मैच में लगाया था। स्मृति मंधाना का उच्चतम स्कोर 47 जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर का 39 रन है। यह प्रदर्शन टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन को अच्छी तरह से प्रदर्शित नहीं करता है विशेषकर तब जबकि अक्टूबर में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को करनी है। स्मृति और हरमनप्रीत गुरुवार को मौके का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। हरमनप्रीत ने चौथे मैच में 26 गेंद पर 39 रन बनाए थे और वह उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। खराब मौसम के कारण यह मैच 14 ओवर का कर दिया गया था तथा भारत ने इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 56 रन से जीत दर्ज की थी। शेफाली के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है हालांकि उन्होंने सीरीज में अभी तक भारत की तरफ से सर्वाधिक 84 रन बनाए हैं। उनके बाद स्मृति (83) और हरमनप्रीत (75) का नंबर आता है। बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना भी पहले मैच में अर्धशतक लगाने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। उन्होंने चार मैच में अभी तक 86 रन बनाए हैं।



वहीं बांग्लादेश की टीम उनसे बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही है। भारतीय गेंदबाजों के सामने हालांकि उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिन्होंने धीमी पिचों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने सर्वाधिक सात विकेट लिए हैं। उन्हें तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (5 विकेट) और रेणुका सिंह (4) तथा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल (4) का अच्छा सहयोग मिला है। अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5 विकेट हासिल किए हैं। बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ आखिरी टी20 मैच 2023 में मीरपुर में जीता था। सुल्ताना उस मैच का हिस्सा थी।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता, दीप्ति शर्मा, एस सजना, शेफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल, अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर, आशा सोभना, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष, राधा यादव, रेणुका सिंह ठाकुर , तितास साधु, सैका इशाक।

**बांग्लादेश-** निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), मुर्शिदा खातून, रुब्या हैदर, शोभना मोस्तरी, शोर्ना अख्तर, शोरिफा खातून, दिलारा अख्तर, नाहिदा अख्तर, सुल्ताना खातून, रितु मोनी, राबेया खान, फाहिमा खातून, मारुफा अख्तर, फरिहा त्रिस्ना, हबीबा इस्लाम।

# आईपीएल में चार टीमों के बराबर अंकों पर पहुंचने से प्लेऑफ की रेस हुई कठिन

नई दिल्ली ।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की राजस्थान रॉयल्स पर जीत के साथ ही चार टीमें के समान अंक हो गये हैं।इसके बाद भी चार टीमों का बाहर होना तय है जबकि शीर्ष दो टीमों का प्लेऑफ में पहुंचना पक्का है। अंक तालिका को देखें तो अब तक एक भी टीम क्वालीफाई नहीं कर पायी है।अभी अंक तालिका में कोलकाता नाइटराइजर्स (केकेआर) की टीम 16 अंकों पर कायम है और इतने ही अंक लेकर दूसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है। ऐसे में इन दोनों का प्लेऑफ में पहुंचना तय है।इसके अलावा दो टीमें कौन सी होगी इसको लेकर कुछ भी अभी तय नहीं है।शीर्ष की दो टीम को छोड़ दें तो इसके बाद की चार टीमों के एक समान अंक हैं।चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के 12-12 अंक हैं। इसमें से दिल्ली ने सबसे ज्यादा 12 मैच खेले हैं जबकि अन्य टीमों ने एक मुकाबला कम खेला है। इस कारण अन्य टीमों के मुकाबले दिल्ली के प्लेऑफ में जाने की संभावना थोड़ी कम है। आईपीएल प्लेऑफ की रेस में अभी 6 टीमों के बीच मुकाबला है पर इसमें से करीब 4 टीमें तकरीबन बाहर हो गयी हैं।मुंबई इंडियंस की टीम अपने बाकी बचे मैच जीतने के बाद भी 12 अंकों तक ही पहुंचेगी ऐसे में वह बाहर हो गयी है।रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स अपने बचे सारे मैच जीतने के बाद 14 अंकों तक पहुंच सकती है पर ये भी एक तरीके से बाहर ही हैं।

# अश्विन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने



नई दिल्ली ।राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए लीग मुकाबले में तीन विकेट लेकने के साथ ही एक अहम उपलब्धि भी अपने नाम कर ली है।अब सैमसन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गये हैं।सैमसन ने अब तक 27 विकेट लिए हैं जबकि इससे पहले पीयूष चावला ने भी दिल्ली के खिलाफ इतने ही विकेट लिए थे।इस अहम मुकाबले में अश्विन ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए। अश्विन ने अब तक सत्र के 10 मैचों में 5 विकेट ही लिए हैं। वहीं बल्लेबाजी के दौरान उन्होंने दिल्ली के खिलाफ सबसे अधिक 29 रन बनाए थे।वह इस सत्र में विकेट न ले पाने के कारण आलोचकों के निशाने पर भी रहे थे।

आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में तीसरे स्थान पर जसप्रीत बुमराह हैं।उनके नाम 26 विकेट हैं जबकि हरभजन सिंह के नाम 24 और सुनील नरेन के नाम भी इतने ही विकेट हैं। वहीं अश्विन ने अपने प्रदर्शनक को लेकर कहा कि कभी-कभी ऐसा होता है कि आप फुल टॉस गेंदबाजी करते हैं तो भी विकेट मिल जाता है।अभी मैं कुछ चीजों पर काम कर रहा हूं। यह आईपीएल सत्र काफी असाधारण रहा है।मैं विभिन्न कोणों और रिलीज पर काम कर रहा हूं।

# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार से निराश कोच संगकारा बोले, हमें ये मैच जीतना चाहिये था

### -बहुत सारी गलतियां करते हैं तो फिर संभलना कठिन होता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने दिल्ली कैपिटल्स के हाथों मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा है कि कप्तान संजू सैमसन के आउट होने के बाद भी टीम के बाकि बल्लेबाजों को उसे लक्ष्य तक पहुंचाना चाहिये था। इस मैच में राजस्थान की टीम दिल्ली से मिले 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 202 रन ही बना पायी थी। सैमसन ने हालांकि 86 रनों की पारी खेली। उनके आउट होने के बाद टीम को जीत के लिए 27 गेंद पर 60 रन चाहिये थे पर वह इन्हें हासिल नहीं कर पायी। रॉयल्स की टीम अगर जीत हासिल करती तो प्ले ऑफ में पहुंच सकती थी

संगकारा ने कहा, ' सैमसन के आउट होने के बाद भी हमें शायद यह मैच जीतना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'सत्र की शुरुआत में हमने शानदार प्रदर्शन किया था। दिल्ली के खिलाफ मैच में हमने अच्छी गेंदबाजी की। विशेष रुप से अश्विन ने प्रभावित किया पर जब आप बहुत सारी गलतियां करते हैं तो फिर संभलना कठिन हो जाता है। योजनाओं पर अमल नहीं कर पाने से हमें हार मिली।

इस मैच में सैमसन को आउट दिये जाने पर भी सवाल उठे हैं। उनका एक कैच शाई होप ने बाउंड्री पर पकड़ा था लेकिकन सैमसन का मामना था कि वह आउट नहीं हैं क्योंकि होप का पैर जमीन पर लग गया था। इस मामले में टीवी अंपायर ने उन्हें आउट दिया। इसी को लेकर संगकारा ने कहा कि कभी-कभी तीसरे अंपायर के लिए भी सही फैसला लेना कठिन होता है।

संगकारा ने कहा, 'यह रीप्ले और कोण पर निर्भर करता है और कभी-कभी आपको लगता है कि पैर छू गया है पर ऐसा ही में हो ये कहा नहीं जा सकता। तीसरे अंपायर के लिए इस पर फैसला करना कठिन था। मैच एक महत्वपूर्ण चरण में था और खेल में ऐसा होता ही रहता है। उन्होंने कहा, 'दिन के अंत में आपको अंपायरों ने जो किया उसी पर सहमत होना होगा। वहीं यदि हमारे पास इस पर किसी अन्य प्रकार की राय है तो हम इसे अंपायर के साथ साझा करेंगे और हल निकालेंगे।



# महान फुटबॉलर माराडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी की नीलामी, 1986 वर्ल्ड कप में मिली थी



महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गयी है।अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी।माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था।उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।माराडोना मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की।इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था।नीलामी घर ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रॉफी अपनी विशिष्टता के कारण लाखों यूरो में बिकेगी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है।हालांकि बाद में यह ट्रॉफी गायब हो गई जिसने काफी अफवाहों को जन्म दिया।अगुटेस ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था।अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटैलियन लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था।सुधरकर मुख्यधारा से जुड़ने वाले माफिया के एक सदस्य द्वारा बताई गई कहानी के अनुसार ट्रॉफी को पिघलाकर सोना निकाल लिया गया था।

# जायसवाल के पास मेरा रिकॉर्ड तोड़ने का बहुत अच्छा मौका- ब्रायन लारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल का टेस्ट करियर सिर्फ नौ मैच का है लेकिन महान बल्लेबाज ब्रायन लारा को लगता है कि अगर कोई है जो उनके रिकॉर्ड नाबाद 400 रन सहित उनकी उपलब्धियों के करीब पहुंच सकता है तो वह भारत का यह 22 वर्षीय बाएं हाथ का बल्लेबाज है। लारा ने जायसवाल की अत्यधिक प्रशंसा अचानक नहीं की। बाएं हाथ के यह दोनों बल्लेबाज एक विशेष बंधन साझा करते हैं।

उन्होंने पिछले साल आईपीएल के दौरान 'सुबह चार बजे की बातचीत% के बाद काफी समय साथ बिताया था। तब लारा सनराइजर्स हैदराबाद को कोचिंग दे रहे थे और युवा सलामी बल्लेबाज जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के साथ थे। आईपीएल 2023 के बाद से बहुत कुछ बदल गया है और जायसवाल अब भारत की टेस्ट और टी20



टीम का अहम हिस्सा बन गए हैं। सबसे लंबे प्रारूप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। उनका औसत 70 के करीब है और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हाल की घरेलू श्रृंखला में दो दोहरे शतक सहित तीन शतक जड़े हैं।

जिस चीज ने लारा को प्रभावित किया है वह मैच की स्थिति के अनुसार खेल में बदलाव करने की जायसवाल की क्षमता है। लारा ने कहा, 'अगर मुझे लगता है कि मेरे रिकॉर्ड को खतरा है तो जायसवाल के पास ऐसा करने का बहुत अच्छा मौका है। उसके पास क्षमता है, पहले ही दो दोहरे शतक लगा चुका है। वह इतना अच्छा है।'

हाल ही में 55 बरस के होने वाले लारा खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने टेस्ट में लगभग 12,000 रन और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 10,000 से अधिक रन बनाए हैं। 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 400 रन का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड अब भी कायम है। जब लारा से मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स के बीच हुए मुकाबले के दौरान साझा किए गए हल्के-फुल्के पल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जायसवाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया।

# सैमसन को अंपायर से बहस करना भारी पड़ा, मैच फीस का तीस फीसदी जुर्माना लगा

नई दिल्ली।राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर आचार संहित उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगा है। सैमसन पर ये जुर्माना दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अंपायर से बहस करने के कारण लगा है।उनपर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। वहीं आईपीएल प्रबंधन ने एक बयान में कहा, सैमसन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है।उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी मान ली है।आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला ही अंतिम और बाध्यकारी माना जाता है।सैमसन को इस मैच में बाउंड्री पर कैच आउट दिया गया था जबकि उनका मानना था कि गेंद बाउंड्री पर लग गयी है। इसलिए इसमें आउट नहीं दिया जा सकता।फैसले से नाराज सैमसन अंपायर से बहस करने लगे थे।सैमसन ने मैच में 46 गेंदों में 86 रन की पारी खेली पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये।इस मैच में 20 रन की हार के बाद सैमसन ने माना कि रॉयल्स ने 10 रन अतिरिक्त दिए जो हमें भारी पड़े।



# तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।% चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे।

चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

## तीन साल के बेटे ने वीडियो कॉल पर पापा से गुडबाय नहीं बोला तो मां ने गोली मार दी

टेक्सास। एक सरफिरी महिला ने अपने ही तीन साल के मासूम की गोली मारकर हत्या कर दी। बेटे का दोष सिर्फ इतना था कि उसने पापा से वीडियो कॉल पर गुडबाय नहीं बोला था। इससे गुस्साई महिला ने खुद को भी गोली मारी और जान दे दी। 32 साल की सावन्ना क्रिगर और उसके बेटे काइदन का शव पार्क में 19 मार्च को मिला था। मामला अमेरिका के टेक्सास का है। पुलिस इनके शव मिलने के बाद से इस मामले की जांच में जुटी थी। घटना से ठीक पहले क्या



हुआ, अब इस बारे में पता चला है। वहीं पूर्व पति को घटना से पहले किए 21 सेकंड के वीडियो कॉल में वो अपने बेटे के साथ दिखाई दी। इसी जगह पर बाद में इनके शव मिले। वीडियो में वो अपने बेटे से माफी मांगती है क्योंकि उसका पिता उसके पास नहीं था। फिर वो उसे किस करती है. वीडियो में दोनों मरते हुए नहीं दिखे लेकिन इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्या कुछ हुआ था। घटना से पहले उसने आखिरी चीज जो इंटरनेट पर सर्च की, वो था बच्चों के कार्टून. दोनों मां बेटे के शव 19 घंटे तक पार्क में पड़े रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि बेटे को मारने और खुद आत्महत्या करने से पहले क्रिगर ने अपने पूर्व पति के घर में तोड़फोड़ की। शादी की पुरानी तस्वीरों की तरफ गोली चलाई। फिर पूर्व पति को कई बार वीडियो कॉल और मैसेज करके धमकाया। रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद उसने अपने बेटे को डे केयर से पिक किया और पूर्व पति को फिर से मैसेज किए। उसने मैसेज में लिखा, अब तुम्हारे पास घर जाने के लिए कुछ भी नहीं है। तुम्हारे पास कुछ नहीं है।

## सर्बिया की राजकीय यात्रा पर बेलग्रेड पहुंचे जिनपिंग

बेलग्रेड । चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सर्बिया के राजकीय दौरे पर हैं। श्री जिनपिंग सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड पहुंचे। देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश के बाद सर्बियाई वायु सेना ने श्री जिनपिंग के विमान की सुरक्षा के लिए दो लड़ाकू विमान भेजे। सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक और उनकी पत्नी तमारा वुसिक ने चीनी राष्ट्रपति का स्वागत किया। सर्बियाई बच्चों ने श्री जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन को फूल भेंटकर चीन तथा सर्बिया के राष्ट्रीय झंडे लहराए। राष्ट्रीय वेशभूषा पहने सर्बियाई लोगों ने उनका स्वागत करने के लिए गाना गाया और नृत्य किया।

## तूफान से पांच लोगों की मौत...मरने वालों का कुल आंकड़ा 90 पहुंचा

साओ पाउलो । दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में पिछले 24 घंटों में तूफान से पांच लोगों की मौत हुई है। जिसके बाद प्रांत में बारिश और बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 90 हो गई है। राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी। उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से लगे राज्य में रिकॉर्ड बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 132 लोग लापता हुए हैं और 361 घायल हुए हैं। पिछले आठ दिनों में 2,00,000 से अधिक निवासियों को घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित राज्य के 497 शहरों में से 388 में 14 लाख से अधिक लोग आपदा से प्रभावित हुए हैं। शहर की 85 प्रतिशत से अधिक आबादी को पीने योग्य पानी नहीं मिल पा रहा है। राज्य भर में कक्षाएं निलंबित कर दी गई हैं, क्योंकि 790 स्कूल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, 388 को नुकसान हुआ है और अन्य 52 स्कूल निकाले गए लोगों को आश्रय दे रहे हैं।

## जेलेंस्की की हत्या की रुसी साजिश की कोशिश नाकाम

कीव । यूक्रेनी खुफिया रोधी जांचकर्ताओं ने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य शीर्ष सैन्य और राजनीतिक हस्तियों की हत्या करने की रूसी साजिश को नाकाम कर दिया है। यूक्रेन की राज्य सुरक्षा सेवा ने यह दावा किया। बयान में कहा गया है कि शीर्ष अधिकारियों की सुरक्षा करने वाले यूक्रेन के स्टेट गार्ड के दो कर्नल को रूस की संघीय सुरक्षा सेवा द्वारा तैयार की गई साजिश को अंजाम देने की कोशिश करने के संदेह में हिरासत में लिया गया है। बयान के मुताबिक, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद इन संदिग्ध अधिकारियों की भर्ती हुई थी। विज्ञप्ति में राज्य सुरक्षा सेवा के प्रमुख वासिल मलियुक के हवाले से कहा गया है कि पांचवें कार्यकाल के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के शपथ से पहले इस हमले को अंजाम देने की साजिश रची गई थी। मलियुक ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से साजिश से जुड़े तथ्यों की जांच के लिए शीर्ष स्तर पर गुप्त ऑपरेशन का निरीक्षण कर रहे हैं।

## म्यांमार में बिजली गिरने की घटनाओं में 73 लोगों की मौत

यांगून । म्यांमार के आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट में बताया गया है, इस साल 31 मार्च को समाप्त 12 महीने में देश में बिजली गिरने की घटनाओं में कुल 73 लोगों की मौत हुई है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि म्यांमार में पिछले साल 1 अप्रैल से इस साल 31 मार्च तक बिजली गिरने की कुल 67 घटनाएं हुईं। इसमें 73 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश भर में बिजली गिरने से होने वाली मौतों की संख्या इस अवधि के दौरान तेज हवाओं के कारण होने वाली मौतों से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश का आपदा प्रबंधन विभाग बिजली गिरने से होने वाली मौतों की संख्या को कम करने के लिए लोगों में सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ा रहा है।

## सेना वापसी पर तनाव के बीच क्या कम हुई मालदीव की अकड़, विदेश मंत्री मूसा जमीर एस जयशंकर से करेंगे मुलाकात



नई दिल्ली। मालदीव से भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी की समय सीमा 10 मई को समाप्त हो रही है, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली मालदीव सरकार 9 मई को पहली उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय यात्रा के लिए अपने विदेश मंत्री को भेज रही है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि मालदीव के विदेश मंत्री मूसा ज़मीर गुरुवार को आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। इसमें कहा गया है कि नई दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जमीर आपसी हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। नवंबर 2023 में सत्ता में आने के तुरंत बाद, मुइज्जू, जिन्हें चीन समर्थक के रूप में देखा जाता है, ने भारत से द्वीप देश से अपने सैन्य कर्मियों को वापस लेने के लिए कहा था। मुइज्जू ने राष्ट्रपति चुनाव में 'इंडिया आउट' मुद्दे पर मौजूदा इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। इस साल फरवरी में, दोनों देश इस बात पर सहमत हुए थे कि भारत 10 मार्च से 10 मई के बीच मालदीव में तैनात अपने सभी 80 सैन्य कर्मियों को वापस बुला लेगा। पिछले तीन महीनों में दो टीमें पहले ही वापस आ चुकी हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि मालदीव में दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान का संचालन 'सक्षम भारतीय तकनीकी कर्मियों' द्वारा किया जाएगा जो 'वर्तमान कर्मियों' की जगह लेंगे। ज़मीर, जिनके पास दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने का चुनौतीपूर्ण काम होगा, भारत में चुनावी मौसम के बीच दिल्ली आ रहे हैं।



मास्को में रुस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन क्रेमलिन में पैटरियाच क्रिल के साथ एनूसिएशन कैथड्रल में प्रार्थना सभा में शामिल हुए।

## पूर्व पीएम नवाज शरीफ के मामले में 4 जून को सुनवाई

कराची । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) प्रमुख नवाज शरीफ ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में बरी करने के लिए इस्लामाबाद की एक जवाबदेही अदालत में याचिका दायर की। खबर के अनुसार, शरीफ के वकील राणा मुहम्मद आरिफ खान ने मामले में याचिका दायर की। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की ओर से पेश हुए अभियोजक ने अदालत में कहा कि वह आवेदन को एनएबी मुख्यालय भेज देगा। अदालत ने शरीफ की याचिका पर नोटिस जारी कर सुनवाई तीन जून तक के लिए स्थगित कर दी। इस महीने की शुरुआत में, एनएबी ने तोशाखाना से एक लक्जरी वाहन खरीदने से संबंधित मामले में 74 वर्षीय शरीफ को क्लीन चिट दे दी थी। भ्रष्टाचार रोधी इकाई ने एक रिपोर्ट सौंपी जिसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालयने शरीफ से जुड़े एक कथित फर्जी अकाउंट की जांच के निर्देश दिए थे। उसने कहा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नेता ने तोशाखाना से प्राप्त वाहन के भुगतान के लिए कथित खाते से धन का उपयोग नहीं किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि सऊदी अरब द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री को उपहार में दिया गया वाहन 1997 में तोशाखाना से हटा दिया गया था। इसने स्पष्ट किया कि 2008 में जब इसे नवाज द्वारा खरीदा गया था, तो वह तोशाखाना के स्वामित्व में नहीं था बल्कि संघीय परिवहन पूल के स्वामित्व में था। इस मामले में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी भी आरोपी हैं। हालांकि, जरदारी को राष्ट्रपति पद के चलते छूट प्राप्त है और इस पद पर रहने के दौरान उन पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

# एस्ट्राजेनेका कंपनी ने कोरोना वैक्सीन वापस लेने का लिया फैसला

### – भारत में भी इस कंपनी की करोड़ों लोगों को लगी है वैक्सीन




**लंदन (एजेंसी)।** कोरोना वैक्सीन को लेकर पूरी दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। वैक्सीनी को लेकर उठे विवाद के बीच दवा निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपनी कोरोना वैक्सीन को वापस लेनी शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा है कि यूरोपीय यूनियन के देशों से अपनी कोरोना वैक्सीन वैक्सजेवरिया को वापस ले रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले दिनों में ब्रिटेन और दूसरे देशों में भी वैक्सीन को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कंपनी ने यह फैसला ऐसे समय लिया जब फरवरी में उसने ब्रिटेन की कोर्ट में वैक्सीन के चलते गंभीर बीमारी होने की बात स्वीकार की है। हालांकि, एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन को वापस लेने के पीछे व्यावसायिक कारणों को वजह बताया है। भारत में भी एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन करोड़ों लोगों को लगी है। कोरोना वैक्सीन को लेकर भारत में भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।

एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन वापस लेने पर कहा कि यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि अब कई प्रकार के नए टीके उपलब्ध हैं जिन्हें कोविड-19 वेरिएंट को लक्षित करने के लिए तैयार किया है। इसमें कहा गया है कि अब वैक्सीन का निर्माण या आपूर्ति नहीं की जा रही है, इसकी जगह नए वेरिएंट से निपटने वाले अपडेटेड टीकों ने ले ली है। भले कंपनी विवाद टीके को वापस लेने को महज संयोग बता रही है लेकिन इसकी कोरोना वैक्सीन गहन जांच के दायरे में है।

कंपनी के खिलाफ ब्रिटेन की कोर्ट में मामला दायर किया गया है, जिसमें कहा गया है कि इस कंपनी की कोरोना वैक्सीन खून में थक्का जमने और खून में कम प्लेटलेट की वजह बनती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में कथित तौर पर इस टीके को लगवाने के बाद 81 लोगों की मौत हुई है, जबकि सैकड़ों लोग को गंभीर साइड इफेक्ट हुए हैं। कंपनी ने अदालत में दस्तावेज जमा किए जाने के बाद 5 मार्च को यूरोपीय यूनियन में वैक्सीन को वापस लेने के लिए आवेदन किया था, जो 7 मई से प्रभावी हुआ है।

## पाकिस्तान में टारगेटेट हत्याओं के पीछे भारत का हाथ !

### – आईएसपीआर के डीजी मेजर जनरल चौधरी ने लगाया आरोप




**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** आईएसपीआर के डीजी मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि हाल में हुई टारगेटेड हत्याओं में पाकिस्तान के पास भारत के शामिल होने के पक्के सबूत हैं। चौधरी ने रावलपिंडी में जनरल मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि भारत की हत्या का सिलसिला अब कई देशों में फैल गया है। दूसरे देश में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से लेकर, भारत पाकिस्तान में लोगों की हत्याओं में शामिल रहा है।

मेजर जनरल ने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां सीमा पर आक्रामकता दिखाकर और साथ ही पाकिस्तान विरोधी चुनावी कहानी बनाकर अपने आंतरिक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की भारत की योजना से वाकिफ हैं। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान जम्मू-कश्मीर में लोगों की राय को दबाने की भारत की योजना भी साफ नजर आती है। उन्होंने कहा कि पांच दिनों में पांच सीटों के चुनाव का उद्देश्य केवल कश्मीरियों की आवाज को दबाना और चुनाव परिणाम में हेरफेर करना है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सुरक्षा के सवाल पर चौधरी ने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ एक आरोप पत्र जारी किया। इसमें दावा किया गया कि देश में 90 फीसदी से ज्यादा आतंकवादी हमलों को अफगानिस्तान द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अफगानिस्तान सहयोग, सुविधा प्रदान करता है। अफगान नागरिक पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं। हमने कई अफगान आतंकवादियों को मार गिराया है।

उन्होंने कहा कि बेशाम में चीनी इंजीनियरों पर हमले में एक आत्मघाती अफगानी हमलावर शामिल था। हमले में पांच चीनी नागरिकों और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई थी। हमले में शामिल वाहन भी अफगानिस्तान में तैयार किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि ग्वादर और बलूचिस्तान के अन्य हिस्सों में हुए हमलों में अफगान नागरिक और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकी शामिल थे। उन्होंने कहा कि ऐसे समूहों के साथ कोई बातचीत नहीं हो सकती, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

## आपराधिक, अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित पनाह देना बंद करें, कनाडा पर सख्त हुआ भारत

लंदन। कनाडा में खालिस्तान समर्थक रैली में भारतीय प्रधानमंत्री का पुतला दिखाए जाने के कुछ दिनों बाद भारत ने मंगलवार को कनाडाई सरकार से आपराधिक और अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित आश्रय और राजनीतिक स्थान प्रदान करना बंद करने का आह्वान किया। कनाडाई पुलिस ने सप्ताहांत में कहा था कि उन्होंने हत्या के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने मंगलवार को कनाडा के माल्टन में नगर कीर्तन परेड में झांकियों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, हमने बार-बार इस्तेमाल की जा रही हिंसक छवियों के बारे में अपनी मजबूत चिंताओं को उठाया है।' कनाडा में चरमपंथी तत्व हमारे राजनीतिक नेतृत्व के खिलाफ हैं। पिछले साल, एक जुलूस में हमारे पूर्व प्रधान मंत्री की हत्या को दर्शाती एक झांकी का इस्तेमाल किया गया था। पूरे कनाडा में भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा की धमकी वाले पोस्टर भी लगाए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए. लोकतांत्रिक देश जो कानून के शासन का सम्मान करते हैं, उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों को डराने-धमकाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।


## चीन का मून मिशन चांगई 6 चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंचा

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन का यह मिशन 8 मई 2024 को चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंच गया है। इसका लैंडर 1 जून 2024 को ऑर्बिटर से अलग होगा। 2 जून 2024 को सैंपल जमा करेगा। 4 जून 2024 को चांद की सतह से एसेंट व्हीकल उड़ान भरेगा। 6 जून को यह एसेंट व्हीकल ऑर्बिटल सर्विस मॉड्यूल तक पहुंचेगा। फिर यह मॉड्यूल 25 जून को वापस धरती पर पहुंचेगा। लेकिन यह सीक्रेट रोवर रोबोट क्या करेगा? क्योंकि इस मिशन का मुख्य पेलोड तब इसका लैंडर है, जो चांद की सतह पर उतरेगा। चीन ने चांद पर अपने मून मिशन चांगई 6 के साथ फ्रांस, स्वीडन, इटली और पाकिस्तान के पेलोड्स को भी भेजा है। जिनके बारे में कुछ बताया नहीं गया है। इसके अलावा एक अतिरिक्त पेलोड भी है। इस सीक्रेट रोवर कह रहे हैं।

यह मिनी रोबोटिक रोवर चांद की सतह से निकलने वाले रेडिएशन की स्टडी करेगा। ताकि वह मौजूद पत्थरों, मिट्टी, रिगोलिथ और सतह की जांच कर सके। इसकी मदद से पानी की खोज भी की जा सकती है। दिक्कत ये है कि इस रोवर को स्पेसक्राफ्ट के बाहर क्यों अटैच किया गया है। यह कैसे जमीन पर उतरेगा, उसका खुलासा भी नहीं किया गया है। यह रोवर वाई-फाई या ब्लूटूथ के जरिए लैंडर से संपर्क में रहेगा। लेकिन यह मिशन बेहद छोटे समय के लिए है। इसलिए यह सीक्रेट रोवर ज्यादा समय तक चांद की सतह पर समय नहीं बिता पाएगा। इसका काम और मकसद भी छोटा ही होगा। हमारी आंखों से चंद्रमा का सिर्फ एक ही हिस्सा दिखता है। इस नीयर साइड कहते हैं। लेकिन इसके पिछले हिस्से को डार्क या फार साइड कहते हैं। क्योंकि यह हमारी नजरों से नहीं दिखता।

## एडल्ट स्टार स्टॉर्मी की गवाही, कमरे से बाहर जाने की कोशिश की लेकिन ट्रंप ने रोक लिया

### – ट्रंप ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनने की बात से इंकार किया



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ गुप्त धन मामले में गवाही दी। पोर्न स्टार ने 2006 में अमेरिका के लेक ताहो के होटल के सुइट में उनके कथित यौन संबंध और उन्हें मिले पैसे के बारे में विस्तार से बताया। डेनियल्स ने ट्रम्प के साथ अपनी शाम के बारे में बताकर कहा कि जब वह बाथरूम का उपयोग करने गई थी, तब उसने अपने टॉयलेटरी बैग को देखा, जिसमें ओल्ड स्पाइस और पर्ट प्लस की वस्तुएं पड़ी हुई थीं।

डेनियल्स ने बताया कि पहली बार ट्रम्प से 2006 लेक ताहो सेलिब्रिटी गोल्फ आउटिंग पर मिली थीं और बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें अपने आलीशान होटल के सुइट में डिनर के लिए आमंत्रित कर उन्हें स्मार्ट लेडी कहा था। डेनियल्स ने कहा कि ट्रम्प का निमंत्रण स्वीकार कर लिया क्योंकि वह अपने सहकर्मियों के साथ डिनर से बचना चाहती थी। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने अपने सिक्योरिटी गार्ड से उनका नंबर लिया था। डेनियल्स ने कहा कि जब उन्होंने ट्रम्प को पहली बार देखा तब उन्होंने सिल्क पायजामा पहना हुआ था, जब उन्होंने दरवाजा खोला, तब प्लेबॉय पत्रिका के संस्थापक ह्यू हेफनर के बारे में दोनों के बीच मजाक भी हुआ। डेनियल्स ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प से चेंज करने के लिए कहा और उन्होंने बहुत विनम्रता से इस बात स्वीकार कर लिया। बातचीत के दौरान स्टॉर्मी बाथरूम गईं। इसके बाद ट्रम्प अपने कमरे में पहुंच गए। वे टी-शर्ट और शॉर्ट्स में थे। स्टॉर्मी ने कमरे से बाहर जाने की कोशिश भी की, लेकिन ट्रम्प ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने।

डेनियल्स ने कहा कि ट्रम्प ने उनसे वयस्क उद्योग में उनके कार्यकाल के बारे में पूछताछ कर पूछा कि क्या उनका यौन संचारित रोगों (एसटीडी) के लिए परीक्षण किया गया है। डेनियल्स ने कहा कि ट्रंप की पत्नी मेलानिया के बारे में भी बात हुई। हालांकि ट्रम्प ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनाने की बात से इनकार किया है।

# ब्रिटेन का लाल ग्रह पर जाने का इरादा, चल रही है तैयारी

### –स्पेस साइंटिस्ट ने 'मंगल ग्रह' का किया निर्माण

**लंदन (एजेंसी)।** अब ब्रिटेन अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, यहां कि अब तो मंगल ग्रह पर जाने की ही तैयारी है। यहां के स्पेस साइंटिस्ट ने स्टीवनेज में 'मंगल ग्रह' का निर्माण किया है। फ्रांसीसी एयरोस्पेस दिग्गज एयरबस ने अपने एक्सोमार्स रोवर का परीक्षण करने के लिए हर्टफोर्डशायर शहर में एक औद्योगिक संपत्ति पर 2.25 करोड़ किमी दूर ग्रह की सतह के जैसे हालात बनाने के लिए लाल रेत और चट्टानों का उपयोग किया है।

2028 में यान मंगल ग्रह पर पानी और संभावित जीवन के संकेत खोजने के मिशन पर रवाना होगा। एयरबस ने स्टीवनेज में रोवर का निर्माण किया है, जो यूके में अंतरिक्ष क्षेत्र में 3,500 लोगों को रोजगार देता है। कंपनी शीघ्र ही यूरोपीय स्पेस एजेंसी के साथ उस लैंडिंग मॉड्यूल के लिए थ्रस्टर्स बनाने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करेगी जिसकी आपूर्ति रूसियों को यूक्रेन पर आक्रमण करने से पहले करनी थी। इस बीच इसके प्रदर्शन को इसके विशेष रूप से निर्मित ब्रिटिश 'मार्स यार्ड' में तैयार किया जाएगा। एयरबस के एक्सप्लोरेशन रोवर्स प्रोग्राम मैनेजर क्रिस ड्रेपर ने कहा कि इसका अंतरिक्ष अभियान ÷यूके में हमारे लिए एक वास्तविक सफलता की कहानी÷ रहा है। उन्होंने कहा, ÷स्टीवनेज में रोवर का निर्माण करने के बाद अब हम लैंडर को डिजाइन करने का एक बड़ा हिस्सा होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह सुरक्षित रूप से नीचे उतर सके।÷ यह परियोजना एक संपन्न यूके अंतरिक्ष उद्योग का हिस्सा है जो 50,000 लोगों को रोजगार देता है और देश की धरती से एक भी रॉकेट लॉन्च किए बिना अर्थव्यवस्था में हर साल 18 खरब 34 अरब 56 करोड़ रूपये पंप करता है।

ब्रिटेन का कोई अंतरिक्ष कार्यक्रम नहीं है, लेकिन 2015 से इस क्षेत्र में दुनिया के निजी निवेश का 17 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। यह अमेरिका के बाद दूसरा है। 2030 तक 100,000 उपग्रहों के कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद के साथ, ब्रिटिश कंपनियां पृथ्वी के चारों ओर घूमते समय उनकी सेवा करने का विचार तलाश रही हैं। 2031 तक बाजार 11 खरब, 53 अरब 16 करोड़ रुपयों का होने की उम्मीद है। बता दें कि एक समय था पृथ्वी के लगभग अधिकांश देशों पर अंग्रेजों का राज था। लेकिन पृथ्वी से बाहर जाने में अंग्रेजों कभी रुचि नहीं दिखाई। पर अब लगता है हालात बदल रहे हैं।



# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग अभियान की सफलता पर जताया आभार

बिभा संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के कार्यालय द्वारा #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग अभियान ट्रेंड में रहा। इस अभियान में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना जनसम्पर्क पदाधिकारी के स्तर पर सभी स्वीप कार्यक्रमों का डिजिटल कंटेंट तैयार कर सात मई को शाम छह से आठ बजे के बीच अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किए गए। इसके अलावा सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के सोशल मीडिया हैंडल से भी स्कूल के बच्चों द्वारा किये गए मतदाता जागरुकता के कार्यों जैसे, अपने अभिभावकों को पत्र, पोस्टर आदि के डिजिटल रूप को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। इस दौरान सभी जिले में हुए अबतक के स्वीप कार्यक्रम जैसे, प्रभातफेरी, मैराथन आदि की तस्वीरें भी सोशल मीडिया हैंडल्स से साझा की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के नेतृत्व में किये गए सभी जिलों के प्रयास से कैम्पेन सफल रहा। इसे लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों, सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर, मीडिया के प्रतिनिधियों, निर्वाचन के लिए सभी जिलों में गठित मीडिया सेल के कर्मियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित इस सफल अभियान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए। इस तरह के अभियान से सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करने में सहायता प्राप्त होती है।

## सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं- के. रवि कुमार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया। सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। उसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से 1 और गोड्डा से 2 लोगों ने नामांकन किया था। जबकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 112 करोड़ 92 लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

# संक्षिप्त खबरें

## शानदार रहा सरला बिरला का प्लेसमेंट



**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। अब तक विवि के विभिन्न संकायों के 228 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो चुका है। यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एसबीयू के विद्यार्थियों को देश की नामी गिरामी कंपनियों में काम करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर हासिल होगा। इससे इन विद्यार्थियों के अभिभावकों में भी खुशी की लहर है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष प्लेसमेंट में संस्थान के छात्र को अधिकतम 10.92 लाख रुपए प्रति वर्ष का पैकेज मिला। इस वर्ष का औसतन पैकेज चार लाख रुपए रहा है। इस बार संस्थान में 122 से भी ज्यादा कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया, जो कि एक रिकॉर्ड है। इस बार टीसीएस, बिड़ला पेंट्स, गोदरेज एंड बॉयस, मैप माई इंडिया, एक्सिस बैंक, श्याम स्टील, टीमकैन इंडिया, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, एचडीएफसी बैंक, वोडाफोन आइडिया, श्री सीमेंट, इंडिया मार्ट, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, एम स्क्वेयर मीडिया,जेनपैक्ट इत्यादि कंपनियों में विवि के विद्यार्थी अपनी जगह बनाने में सफल रहे। इस अवसर पर विवि के माननीय कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी है। संस्थान के छात्र-छात्राओं की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने विवि के अकादमिक माहौल, अनुशासन और विद्यार्थियों की लगन और कड़ी मेहनत को इसका श्रेय दिया है। विवि के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री विजय कुमार दलान समेत माननीय डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## पीजी वाणिज्य विभाग के नए भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो अन्यथा आजसू करेगी आंदोलन



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ ( आजसू ) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजित कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें पीजी वाणिज्य विभाग की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को मांग पत्र सौंपते हुए कहा की मोरहाबादी स्थित पीजी वाणिज्य विभाग की स्थिति दयनीय है यहां कभी भी कोई भी दुर्घटना घट सकती है, बरसात के मौसम मे इस भवन की स्थिति और भयावह हो जाती है, गुठने तक पानी में छात्र छात्र-छात्राएं और टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ इस बिल्डिंग में बैठकर काम करने का मजबूर होते हैं । मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया की जल्द ही वाणिज्य विभाग के भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल मे मुख्य रूप से मनजीत, राहुल, विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, रूपेश कुमार के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## झारखंड के ऐतिहासिक सुरेश्वर महादेव मंदिर का द्वितीय स्थापना दिवस समारोह 10 मई को

**रांची।** सुरेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समिति के सदस्यों ने बड़े ही धूमधाम के साथ इसका वार्षिकोत्सव मनाने का निर्णय लिया है। समिति के सभी सदस्य पूरे जोर शोर से तैयारी में जुट गए हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड के इस सुरेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय वर्ष गांठ पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें लगभग 11 000 माता बहनें कलश के साथ शामिल होंगी। कलश यात्रा 10 मई दिन शुक्रवार को सुबह 5:00 बजे मंदिर प्रांगण से निकलकर के बहू बाजार स्थित बनस तालाब तक जाएगी और वहां से जल लेकर वापस मंदिर प्रांगण आएगी। उसके उपरांत बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा और अभिषेक के बाद रुद्राभिषेक किया जाएगा। रुद्राभिषेक के बाद पूजन के बाद संध्या 3:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें सभी शिव भक्त बाबा का प्रसाद को ग्रहण करेंगे। संध्या 7:00 बजे बाबा भोलेनाथ का अद्भुत श्रृंगार किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के महासचिव संतोष कुमार ने बताया कि हमारे मंदिर में बाबा का जो श्रृंगार होता है वह अपने आप में अद्भुत होता है। श्रृंगार के बाद महाआरती की जाएगी। महाआरती के बाद फिर से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में पूरे मंदिर कमेटी के पदाधिकारी जुट गए हैं। संवाददाता सम्मेलन में अध्यक्ष सुरेश साहू, महासचिव संतोष कुमार, युवा अध्यक्ष विक्रम साहू, रतन लाल, कृष्णा साहू , गुजा तिर्की, रंजीत राम, केशव केसरी, छत्रधारी महतो, रूपेश केसरी, कलेश्वर साहू, संजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## चुनाव आयोग के जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का प्रेक्षक ने दिया निर्देश



**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को सहायक व्यय प्रेक्षकों और लेखा जांच दल के साथ बैठक की। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह के जरिये चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी सहायक व्यय प्रेक्षक परमिशन लेटर के अनुरूप यथाशीघ्र जिम्मेदारी का निर्वहन करें। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट अपडेट लेने और शैडो रजिस्टर के रखरखाव एवं संधारण में नियमितता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं अन्य कर्मियों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यों का निष्पादन सफलता पूर्वक करें।

# देश हित में समर्पित हैं मोदी, प्रचंड बहुमत के साथ लौटेंगे : रामटहल

बिभा संवाददाता



**रांची :** पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामटहल चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश हित के प्रति पूरी तरीके से समर्पित हैं. उन्होंने कहा कि श्री मोदी के कारण न केवल राष्ट्रीय स्तर पर देश में सभी लोगों का समन्वित और संतुलित विकास हो रहा है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की नयी पहचान बन रही है और देश की छवि सुदृढ़ हुई है. आज रांची लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय सेठ एवं खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री चौधरी ने कहा कि सबका साथ और सबका विकास केवल कहने का नारा नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को सत्य प्रमाणित कर दिया है. आज सुबह ओरमांझी से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत कर श्री चौधरी ने देर शाम तक भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में सघन प्रचार अभियान चलाया. वह खूंटी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बुंडू भी गए जहां कैनाल रोड के दर्जनो गाँव के हजारों लोगों से उन्होंने जनसंपर्क किया और भारी संख्या में अगले 13 मई को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की. कैनल साइड में हजारों ग्रामीणों ने श्री चौधरी का स्वागत किया और कहा कि उनके आने से भाजपा मजबूत हुई है और वे सभी भाजपा उम्मीदवार श्री मुण्डा का ही समर्थन करेंगे. आज जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री चौधरी के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ प्रणव कुमार बब्बू, संजय शौर्य, कुंदन लाल सहित अन्य अनेक भाजपा नेता शामिल थे.

## छात्रों की मौत से मर्माहत है कैंब्रिज परिवार, शोकसभा का आयोजन

**रांची।** प्राकृतिक आपदा की शिकार सीआईटी की 22 वर्षीय छात्रा ज्योति भारती व संस्थान के पूर्ववर्ती छात्र सोनू कुमार की आसामयिक मौत को लेकर कैंब्रिज परिवार के लोग मर्माहत हैं। बुधवार को संस्थान में शोकसभा का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों एवं कर्मियों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से मृत आत्मा को श्रद्धांजलि दी व परिवार वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया। मिली जानकारी अनुसार मृतक ज्योति भारती जो की मूलतः साहिबगंज जिले की रहने वाली थी। वह संस्थान में सिविल इंजीनिरिंग की पढ़ाई कर रही थी। उसकी मौत बाइक पर पेड़ गिरने से उसकी चपेट में आकर हो गई। जबकि पूर्ववर्ती छात्र सोनू कुमार की मौत भी इसी पेड़ गिरने की घटना में हुई। रशिका विद्यार्थियों की मौत से आहत कैब्रिज ग्रुप की प्रसाशिका राशिका नवनीत सिंह ने शोकसभा के दौरान द्रवित स्वर में विद्यार्थियों से बिना हेलमेट वाहन न चलाने की अपील की।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने मॉर्निंग वॉकर्स से मांगा आशीर्वाद



वरीय संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बुधवार को सुबह मोरहाबादी मैदान में मॉर्निंग वॉकर्स से मिले और उनसे आशीर्वाद (समर्थन) मांगा। सुबह-सुबह टहलने वाले स्थानीय नागरिकों से कांग्रेस के पक्ष में समर्थन देने की अपील की गई।

इसके बाद प्रत्याशी यशस्विनी सहाय व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय रांची नगर निगम वार्ड संख्या-28 अंतर्गत किशोरगंज क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान व पदयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान काफी संख्या में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

जनसंपर्क अभियान और पदयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय सिन्हा दीपू, कुमार राजा, मेहुल प्रसाद, दीपक लाल, दीपक ओझा, नंदकिशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिढा, राजू काठपाल, विक्की अरोड़ा, अर्चना मिर्धा, अमित, मौलेश सिंह,विक्की, अर्चना सहित अन्य नेताओं - कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन



बिभा संवादाता


**रांची :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त पोलिंग पार्टियों का सेकेंड एवं माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में निवार्ची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र श्री राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में रैन्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री डीएस रमेश, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश यादव, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-विधानसभा क्षेत्र श्री उत्कर्ष कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 66-माण्डर श्री प्रदीप भगत, जिला सूचना पदाधिकारी श्री राजीव रंजन, सहायक जिला सूचना पदाधिकारी श्रीमती रीमा कुजूर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची, कांके, तमाड़ और माण्डर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों (पीठासीन पदाधिकारियों पी1, पी2 एवं पी3) और माइक्रो आब्जर्वर का रैन्डमाइजेशन किया गया।

## पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान को लेकर विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ बैठक

बिभा संवाददाता

**रांची :** लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान को लेकर आज दिनांक 08 मई 2024 को विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 207 में आयोजित बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री बिवेक कुमार सुमन, वरीय पदाधिकारी मतपत्र एवं इटीपीबीएस कोषांग श्री संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी श्री संजय कुमार एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 में आवश्यक सेवा के चिन्हित विभागों के अनुपस्थित मतदाताओं के पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के बारे में जानकारी दी गयी।

कोषांग के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए आवश्यक सेवा के चिन्हित विभागों के मतदान कार्य में लगे अनुपस्थित मतदाताओं की वोटिंग दिनांक 06 मई 2024 ये करायी जा रही है। वर्तमान में 4 लोकसभा क्षेत्र 10-सिंहभूम, 11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13-पलामू के लिए प्रपत्र-12 एवं प्रपत्र-12 घ भेजा गया है। सिंहभूम के लिए 256, खूंटी के लिए 1814, लोहरदगा के लिए 2883 और पलामू के लिए 850 प्रपत्र-12 एवं प्रपत्र-12 घ भेजा गया है।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com